

पश्चिम एशिया में तनाव से शेयर बाजार में गिरावट जारी सेंसेक्स 852 अंक टूटा- 10



ईरान युद्ध अमेरिका की सेना पर भारी अब नौसेना प्रमुख ने दिया त्याग पत्र - 11



होर्मुज के बारूदी सुरंगों को हटाने में लग सकता है छह महीने का वक्त : पेंटागन - 11



'मैदान पर आने से पहले होटल में ही छोड़ देता हूं अहंकार' - 12

आज का मौसम

42.0⁰ अधिकतम तापमान

27.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.37 सूर्यास्त 06.35


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष अष्टमी 07:22 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 247, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये



Estd.2014

DHK eduserve

# Sunbeam School Sultanpur

is Launching

Not just learning.....building the future

STEM LAB

ON 24th April 2026









Where curiosity meets creation...




For the 1st time in Sultanpur "EV CAR" is being built.

Congratulations

CLASS-X CBSE RESULT (2025-26)

Students Scored 90% & above



96% AKRIST TIWARI



95% AVIKA BARANWAL



94.4% AARUSH JAISWAL



93.6% NIGAR BANO



93.4% UJJWAL PANDEY



93% AYUSH KUSHWAHA



92.4% YASHITA MAURYA



92% PARIKSHIT YADAV



91.4% PARKHAR SINGH



90.8% GARGI SINGH



90% YUSRA INTEKHAB

* 16.92% students scored 90% and above.
* 64.61% students passed exam with Distinction.
* 89.2% students passed with 1st division.

SAIDPUR, NEAR SUGAR MILL, KADIPUR ROAD SULTANPUR (228118)

Contact 7081002132, 8601872810

FOLLOW US

www.facebook.com/sunbeams.sultanpur

www.sunbeamsultanpur.com

sunbeamschoolsultanpur@gmail.com

# नाबालिग के अपहरण मामले में एसएसपी अयोध्या तलब

विधि संवाददाता, लखनऊ।

- **हाईकोर्ट ने पूछा, बरामदगी के लिए क्या कार्रवाई की**

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने एसएसपी, अयोध्या को आदेश दिया है कि वह तीन सप्ताह में व्यक्तिगत हलफ़नामा दाखिल कर बताएं कि अपहृत की बरामदगी के लिए क्या कदम उठाए हैं, अन्यथा 26 मई को होने वाली अगली सुनवाई पर हाजिर हों।

यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन व न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने नाबालिग के पिता की ओर से दाखिल याचिका पर दिया। याची के अधिवक्ता ने बताया कि मामला अयोध्या जनपद के महाराजगंज थाने का है। आरोप है कि याची की 15 वर्षीय पुत्री को नामजद अभियुक्त ने 10 जनवरी को अपहरण कर लिया जिसकी एफआईआर 13 जनवरी को दर्ज करा दी गई थी। लेकिन पुलिस लड़की को बरामद कर पाने में असफल रही। कहा गया कि इसके पूर्व भी इसी नामजद अभियुक्त द्वारा याची की पुत्री का अपहरण कर लिया गया था। जिसे पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार कर, पुत्री को बरामद किया था। उस मुकदमे में गवाही से ठीक पहले याची की पुत्री का अभियुक्त द्वारा पुनः अपहरण कर लिया गया। याची की ओर से यह भी दलील दी गई कि बचपन बचाओ आंदोलन बनाम भारत सरकार मामले में सुप्रीम कोर्ट के रुख को देखते हुए, केंद्र सरकार ने निर्देश दिया था कि चार माह में अपहृत बच्चे की बरामदगी न होने पर मामले को एंटी-ट्रैफ़िकिंग यूनिट को भेज दिया जाय। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए, एसएसपी को जवाब देने अन्यथा हाजिर होने का आदेश दिया है।

## रक्तदान कर मनाया स्थापना दिवस

**अयोध्या, अमृत विचार :** द आयुष्मान फाउंडेशन के आठवें स्थापना दिवस गुरुवार को जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान कर सेवा कार्यों के साथ मनाया। बाल संस्कार केंद्रों पर बच्चों को मिठाई बांटी। संस्थापक पवन पटेल, पुष्पेंद्र पांडेय, मोहन सिंह, अनीता चौरसिया, आजम शौक, महेश कुमार, स्मृति, शुभम, सतीश चौहान सहित 10 महादानियों ने रक्तदान किया। एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कमांडेंट होमगार्डस राघवेंद्र पांडेय, आरएसएस के महानगर प्रचारक सुदीप जी, मनूचा डिग्री कॉलेज की प्रोफेसर मीनू दुबे व वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. आलोक मंदर्शन का स्वागत किया गया। अतिथियों ने अपने विचार रखे। संस्था के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी और पदाधिकारी पंकज पांडेय, जिलाध्यक्ष अयोध्या मयंक श्रीवास्तव, रुचि पांडेय, काजल सागर, इति सोनकर आदि मौजूद रहे।

# फर्जी आईटीसी घोटाले में 10.13 करोड़ की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।




- **अंसारी ट्रेडर्स निकली फर्जी, कूटरचित दस्तावेजों से लिया गया था टैक्स क्रेडिट**
- **पुलिस मामले की पूछताछ में जुटी**

**अमृत विचार।** उपायुक्त राज्य कर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि जनपद अंबेडकरनगर के राम जानकी मंदिर रोड शहजादपुर स्थित पते पर पंजीकृत फर्म अंसारी ट्रेडर्स की जांच राज्य कर अधिकारी खंड-1 द्वारा की गई। जांच के दौरान उक्त पते पर कोई भी फर्म संचालित नहीं पाई गई। साथ ही फर्म के पंजीकरण में संलग्न दस्तावेज भी कूटरचित पाए गए।

मामले में राज्य कर अधिकारी खंड-1 द्वारा कोतवाली अकबरपुर में मुकदमा दर्ज कराया गया था। कार्रवाई के क्रम में अंबेडकरनगर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 10.13 करोड़ रुपए की फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट आईटीसी का लाभ लेने में संलिप्त आरोपी विनोद कुमार पुत्र मोहित राम निवासी पंजाबी बस्ती बलजीत नगर दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया है। उपायुक्त ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है। संभावना जताई जा रही है कि पूछताछ के दौरान इस फर्जीवाड़े में शामिल अन्य आरोपियों का भी खुलासा हो सकता है।

## मवई सीएचसी में ट्रूनॉट मशीन का शुभारंभ

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** सीएचसी में टीबी जांच की सुविधा को सुदृढ़ करते हुए ट्रूनॉट मशीन का उद्घाटन गुरुवार को रुदौली विधायक रामचंद्र यादव व जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र सिंह भिटोरिया ने फीता काटकर किया। डॉ. भिटोरिया ने बताया कि इस आधुनिक मशीन से टीबी के बैक्टीरिया की सटीक पहचान संभव होगी। विधायक ने कहा कि बरसात के दौरान छत टपकने से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होती हैं, जिसे देखते हुए उन्होंने शासन को पत्र लिखकर नए भवन निर्माण की मांग की है। इस मौके पर अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार, डॉ. सपना वर्मा, डॉ. उत्पल पांडे, राजीव यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।




छात्रों को बधाई देते शिक्षक। अमृत विचार

## चिल्ड्रेन हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम

**संवाददाता, आजमगढ़। अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा गुरुवार को घोषित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा परिणाम में चिल्ड्रेन हायर सेकेंडरी स्कूल, हरबंशपुर, आजमगढ़ ने शत-प्रतिशत सफलता हासिल कर क्षेत्र में अपना परचम लहराया है। इंटरमीडिएट वर्ग में रिया चौधरी ने 86 .0 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दीक्षा दूबे ने 83 .2 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि मधूलिका गुप्ता एवं रिया निषाद ने 83 .0 प्रतिशत अंक पाकर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल वर्ग में अनामिका यादव ने 91 .83 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में टॉप किया। हिमांशु गुप्ता 91 .66 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि श्रियम बरनवाल ने 88 .83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के परिणामों की बात करें तो हाईस्कूल में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 2 छात्र रहे, जबकि 80 प्रतिशत से ऊपर 21 छात्र सफल हुए। शेष सभी छात्र 60 प्रतिशत से अधिक अंक के साथ उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 7 छात्र, 75 प्रतिशत से ऊपर 14 छात्र तथा 70 प्रतिशत से ऊपर 13 छात्र सफल हुए। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ. कृष्णमोहन त्रिपाठी, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद शुक्ल एवं प्रधानाचार्य करुणापति मिश्र ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पंचायत चुनाव समय से कराने की मांग

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** अखिल भारतीय प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने पंचायत चुनाव समय से कराने तथा प्रधानों के कार्यकाल में वृद्धि की मांग को लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) मवई भावना यादव को सौंपा। संगठन के मवई ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार वर्मा के नेतृत्व में यह ज्ञापन दिया गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश यादव, मुरलीधर, संतोष यादव, धर्मेंद्र सिंह, सुनील मिश्रा, सत्यनाम, शाकिब खान, सुजीत सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## डीटीपी कार्यशाला में फोटोशॉप पर विशेष प्रशिक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में आयोजित डेस्कटॉप पब्लिशिंग (डीटीपी) कार्यशाला का चौथा दिन अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक रहा। बीसीए के विद्यार्थियों ने सहभागिता कर प्रशिक्षण सत्र में हिस्सा लिया। कार्यशाला में विशेषज्ञ प्रशिक्षक यश साहू, सतयुग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा फोटोशॉप के उन्नत फीचर्स पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने इमेज एडिटिंग, लेयर मैनेजमेंट, कलर करेक्शन, टेक्स्ट इफेक्ट्स तथा विभिन्न डिजाइनिंग टूल्स के व्यावहारिक उपयोग को सरल और प्रभावी ढंग से प्रशिक्षित किया। विभाग के शिक्षक उपस्थित रहे।

# कुलपति कार्यालय पर विद्यार्थी परिषद का हल्ला बोल, सौंपा ज्ञापन

अयोध्या कार्यालय

- **स्नातक और परास्नातक में माइनस मार्किंग का मुद्दा, तीन दिन का अल्टीमेटम**

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा स्नातक और परास्नातक परीक्षा में माइनस मार्किंग के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा गुरुवार को कुलपति कार्यालय पर हल्ला बोल कार्यक्रम किया गया। परिषद के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कौटिल्य प्रशासनिक भवन के समक्ष सुबह करीब 10 बजे डेरा डाल नारेबाजी शुरु कर दी। घंटों चले प्रदर्शन के बाद कुलसचिव विनय कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और ज्ञापन लिया। परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिन में निर्णय वापस नहीं लिया गया तो उग्र आंदोलन होगा। कुलसचिव के आश्वासन के बाद




डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय कुलपति कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य।

परिषद कार्यकर्ता कुलपति कार्यालय से हटे।

प्रांत सहमंत्री शिवम मिश्रा ने कहा कि स्नातक एवं परास्नातक तक की सम सेमेस्टर परीक्षाओं में नेगेटिव मार्किंग की सूचना से विद्यार्थियों में चिंता व आक्रोश है। विश्वविद्यालय प्रशासन को जल्द से जल्द इस विषय का निस्तारण करना चाहिए। विभाग संयोजक शशांक विद्यार्थी व महानगर सेवार्थ विद्यार्थी संयोजक रुचि पांडेय ने कहा कि माइनस मार्किंग प्रणाली लागू करना पूर्णतः छात्र विरोधी निर्णय है। ईकाई अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रों की मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो छात्र व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। छात्रा प्रमुख श्रेया शुक्ला व मीडिया संयोजक यश पांडेय ने कहा कि सात दिन से विश्वविद्यालय प्रशासन से लगातार बातचीत जारी थी, लेकिन कोई परिणाम न निकलने पर अब दिन का समय विश्वविद्यालय प्रशासन को दिया है। प्रदर्शन में विभाग संगठन मंत्री अंकित भारतीय, प्रांत कार्यसमिति सदस्य उत्कर्ष पाण्डेय, इकाई मंत्री नेहा वर्मा, जिला संयोजक दिवाकर चौरसिया आदि मौजूद रहे।

# यूपी बोर्ड परिणाम में बेटियों का जलवा श्रिया ने प्रदेश में हासिल किया चौथा स्थान

## प्रदेश के हाईस्कूल की टॉप-10 सूची में जनपद के पांच में से चार लड़कियां शामिल इंटरमीडिएट में अमूल्या ने किया जिला टॉप

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में जनपद की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही जनपद में खुशी की लहर दौड़ गई। इस वर्ष भी छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। इंटरमीडिएट में जनपद में पहले स्थान पर डॉ. अशोक कुमार स्मास्क इंटर कॉलेज अकबरपुर की छात्रा अमूल्या वर्मा ने बाजी मारी है।

हाईस्कूल के प्रदेश टॉप-10 में शामिल जनपद के पांच मेधावियों में से चार स्थान पर बेटियां हैं जो जनपद के लिए गर्व की बात है। राजेसुल्तानपुर के चित बहाल आदर्श बालिका इंटर कॉलेज पूरनपुर की श्रिया ने 97.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया हैं। वहीं सरस्वती विद्यामंदिर इंटर कॉलेज शास्त्री नगर मुस्तफाबाद के प्रेम प्रजापति ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में पांचवां स्थान हासिल किया है। इसके अलावा चित बहाल आदर्श बालिका इंटर कॉलेज पूरनपुर की श्रुति पाण्डेय, जय बजरंग इंटर कॉलेज की खुशी और डॉ. अशोक कुमार स्मारक इंटर कॉलेज तमसा मार्ग अकबरपुर की रीचल वर्मा ने 96.5 प्रतिशत अंक हासिल कर संयुक्त रूप से आठवां स्थान हासिल किया है। मेधावी छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि से परिजनों, शिक्षकों और जनपद के लोगों में खुशी का माहौल है। लोगों ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्रदेश में जनपद को हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में 33 वां स्थान मिला है। वहीं जनपद में 91.01 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए हैं। जनपद में हाईस्कूल की परीक्षा में 36 हजार 905 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 35 हजार 238 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिनमें से 32 हजार 71 अभ्यर्थी परीक्षा में सफल हुए हैं। वहीं प्रदेश में जनपद को इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में 82.25 प्रतिशत के साथ 38 स्थान हासिल किया है।

इंटरमीडिएट की परीक्षा में 35 हजार 99 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 34 हजार 541 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 28 हजार 410 अभ्यर्थी इंटर मीडिएट की परीक्षा में सफल हुए हैं।



मां ब्रह्मा देवी रमाशंकर इंटर कॉलेज के मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ मौजूद विद्यालय के शिक्षक। अमृत विचार




चित बहाल आदर्श बालिका इंटर कॉलेज की हाईस्कूल की मेधावी श्रिया, श्रुति पांडेय, श्रेया पांडेय व अन्य। अमृत विचार



डॉ. अशोक कुमार स्मारक इंटर कॉलेज की हाईस्कूल की मेधावी रीचल वर्मा व साथ में इंटर की जिला टॉपर आमूल्या वर्मा। अमृत विचार

### जनपद की हाईस्कूल की टॉप-10 सूची

जनपद के हाईस्कूल की टॉप-10 सूची में 18 परीक्षार्थी अपना स्थान बनाने में सफल हुए हैं, जिसमें 15 लड़कियों ने अपना परचम लहराया है। श्रिया 97 .17 प्रतिशत अंक के साथ पहले स्थान पर, प्रेम प्रजापति 97 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर, श्रुति पांडेय, खुशी और रेचल वर्मा 96 .50 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं श्रेया पांडेय, श्रेया श्रीवास्तव, उन्नति सिंह, सौम्या मौर्या और आर्या सिंह ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर चौथे स्थान पर रहें। वहीं नेहा यादव और विधि यादव ने 95 .83 प्रतिश अंक हासि4ल कर पांचवे स्थान पर रहीं। शगुन चौहान 95 .67 प्रतिशत अंक हासिल कर छठवें स्थान पर रहे। दीक्षा पटेल ने 95 .50 प्रतिशत अंक हासिल कर सातवें स्थान पर रहीं। सतीश शर्मा ने 95 .33 प्रतिशत अंक हासिल कर आठवें स्थान पर रहे। अमेय तिवारी और तनु ने 95 .17 प्रतिशत अंक हासिल कर संयुक्त रूप से नवें स्थान पर रहे। आयुषी वर्मा ने 95 प्रतिशत अंक पाकर दसवें स्थान पर रहीं।

### जनपद की इंटरमीडिएट की टॉप-टेन सूची

जनपद के इंटर मीडिएट की टॉप-10 सूची में 12 परीक्षार्थियों ने से छह लड़कियों ने अपना नाम रोशन किया है। इंटर मीडिएट की सूची में पहले स्थान पर डॉ. अशोक कुमार स्मास्क इंटर कॉलेज अकबरपुर की छात्रा अमूल्या वर्मा 94 .20 प्रतिशत अंक हासिल किया है। दूसरे स्थान पर पंडित राम अवध स्मारक इंटर कॉलेज मसेना मिर्जापुर रामनगर के विकास कुमार 93 .80 प्रतिशत प्राप्त किया है। तीसरे स्थान पर सरदार पटेल स्मारक इंटर कॉलेज लारपुर की वंदना वर्मा 92 .80 प्रतिशत अंक लाकर अपना परचम लहराया है। वहीं चौथे और पांचवे स्थान पर जय बजरंग इंटर कॉलेज रामनगर की रोली यादव 92 .40 प्रतिशत और भूमि पटेल 92 प्रतिशत अंक हासिल कर बाजी मारी है। वहीं पांचवे स्थान पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शास्त्री नगर मुस्ताफाबाद के आनंद कुमार मौर्या ने 92 प्रतिशत अंक हासिल कर परचम लहराया है। छठें स्थान पर न्यू लाइट एकेडमी इंटर कॉलेज सिकंदरपुर के उत्कर्ष ने 91 .80 प्रतिशत अंक हासिल कर नाम रोशन किया है। सातवें स्थान पर तीर्थ राज इंटर कॉलेज आमा दरवेशपुर की शिवानी मौर्या ने 91 .60 प्रतिशत अंक पाकर बाजी मारा है। आठवें स्थान पर चित बहाल आदर्श बालिका इंटर कॉलेज पूरनपुर की छात्रा घुरवी सिंह ने 91 .40 प्रतिशत अंक पाकर बाजी मारी है। नवें स्थान पर राजकुमारी इंटर कॉलेज पीठापुर सरैया के रोहित कुमार ने 91 .20 प्रतिशत अंक हासिल कर नाम रोशन किया है। दसवें स्थान पर जनता इंटर कॉलेज महरूआ गोला की छात्रा करिश्मा पांडेय व डॉ. अशोक कुमार स्मारक इंटर कॉलेज अकबरपुर के छात्र अनिभव वर्मा ने 90 .40 प्रतिशत अंक हासिल कर परचम लहराया है।




जागरूकता रैली को रवाना करते नोडल अधिकारी लोक अदालत भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता।

## लोक अदालत के प्रचार को निकली बाइक रैली

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन एवं व्यापक जनजागरूकता के उद्देश्य से गुरुवार को दीवानी कचहरी अंबेडकरनगर से मोटर साइकिल रैली निकाली गई। रैली को जनपद न्यायाधीश चन्द्रोदय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान अपर जिला जजध्नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता भी मौजूद रहे और रैली में प्रतिभाग किया। मोटर साइकिल रैली में न्यायालय के कर्मचारी और पुलिसकर्मियों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। रैली के दौरान स्लोगन युक्त तख्तियों, पोस्टर और बैनरों के माध्यम से लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व की जानकारी दी गई। वहीं बैंक के प्रचार वाहन ई-रिक्शा से ऑडियो संदेश प्रसारित कर आमजन को जागरूक किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिखा यादव द्वारा दी गई।

## अग्निशमन सेवा सप्ताह का हुआ समापन



अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन पर मौजूद एनटीपीसी टांडा के कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा व साथ में अन्य।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** एनटीपीसी टांडा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अग्निशमन शाखा द्वारा अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा उपस्थित रहे। उनके साथ संघमित्रा परिदा गरिमा महिला मंडल अध्यक्ष, उप कमांडेंट विनय कुमार वर्मा, महाप्रबंधक ऑपरेशन हर्ष कुमार सेठी, महाप्रबंधक विजिलेंस सुभाष चंद्र सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक कमांडेंट एम दानय्या ने किया। उन्होंने सप्ताह भर चले जागरूकता कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान अग्निशमन दल के जवानों ने विभिन्न प्रकार की आग बुझाने और बचाव कार्यों का जीवंत प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को जागरूक किया। मुख्य अतिथि जयदेव परिदा ने कहा कि जन-जागरूकता के माध्यम से ही आग से होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। उन्होंने अग्निशमन शाखा द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में उप निरीक्षक रोशियो बाबू ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। समापन अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं और महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## एसपी ने तीन पुलिसकर्मियों पर की कार्रवाई

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के राजेसुल्तानपुर थाने में एक युवक की कथित पिटाई के मामले में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने तीन पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया है। बता दें कि राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के देवरिया बुजुर्ग निवासी अंकित तिवारी ने आरोप लगाया था कि बीते सोमवार को पुलिस ने उन्हें एक झगड़े के मामले में हिरासत में लिया था। थाने ले जाने के बाद उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया गया और रात भर मारा-पीटा गया। युवक ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने उसके साथ अभद्रता की और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। पुलिस अधीक्षक ने तत्काल मामले का संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए थे। जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक ने प्रथम दृष्टया आरोपों को गंभीर मानते हुए कार्रवाई किया है। राजेसुल्तानपुर थाने में तैनात तीन सिपाहियों हिमांशु, सतीश यादव और संजीत पाठक को लाइन हाजिर कर दिया गया है। इसके साथ ही विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि जांच में यदि अन्य पुलिसकर्मी भी दोषी पाए गए तो उन पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ठगों ने खाते से एक लाख रुपए किए पार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफार्म से सामान मंगाने के बाद ओटीपी सत्यापन करना एक उपभोक्ता को भारी पड़ गया। ओटीपी देने के महज 15 मिनट बाद उसके बैंक खाते से 20 किस्तों में कुल एक लाख रुपए कट गए। लगातार खाते से पैसे कटने के मैसेज आने पर घबराए खाता धारक ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन और बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर सूचना देकर अपना खाता ब्लॉक करा दिया तथा कोतवाली स्थित साइबर सेल में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई और रकम वापस दिलाने की मांग की है। बता दें कि जलालपुर कोतवाली क्षेत्र निवासी प्रहलाद प्रजापति ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफार्म मीशो से सामान खरीदा था, जिसकी डिलीवरी 10 अप्रैल को हुई। आरोप है कि डिलीवरी बॉय ने सामान के वेरिफिकेशन के नाम पर उनसे ओटीपी मांगा। ओटीपी देने के लगभग 15 मिनट बाद ही उनके खाते से पांच-पांच मिनट के अंतराल पर 20 ट्रांजैक्शन हो गए, जिससे कुल एक लाख रुपए कट गए। लगातार खाते से पैसे कटने के मैसेज आने पर पीड़ित ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई और अपने बैंक की हेल्पलाइन पर सूचना देकर खाते को ब्लॉक करा दिया। साथ ही कोतवाली स्थित साइबर सेल में लिखित शिकायत देकर कटे हुए पैसे वापस कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी कोतवाल गुलाम रसूल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हुई है, मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसे में तीन युवतियां घायल

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** अकबरपुर-जलालपुर मार्ग पर एक तेज रफ्तार स्कूटी बिजली के खंभे से टकरा गई, जिससे उस पर सवार तीन युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर किया गया है। हादसा अकबरपुर-जलालपुर मार्ग पर मैनपुर गांव जाने वाले रास्ते के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूटी अकबरपुर से जलालपुर की ओर जा रही थी, तभी अचानक अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे लगे बिजली के पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बिजली का खंभा नीचे से टूट गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के दौरान तीनों की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

**बैठक** जनपद में 39 गौ-आश्रय स्थलों की समीक्षा, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

# गौ संरक्षण को व्यापक योजनाएं हो रही संचालित : महेश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ल और सदस्य दीपक गोयल की अध्यक्षता में गो संरक्षण एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, बीजेपी जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में उपाध्यक्ष महेश शुक्ल ने विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि गोवंश संरक्षण से जुड़े शासन के निर्देशों को प्रभावी ढंग से धरातल पर लागू किया जाए। उन्होंने डीसी मनरेगा को चारागाह क्षेत्र विकसित कराने तथा सभी उपजिलाधिकारियों को गोचर भूमि चिन्हित कर शीघ्र विकास कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गौ संरक्षण को सामाजिक और मानवीय दायित्व मानते हुए व्यापक योजनाएं संचालित कर रही है। राज्य में 7700 से अधिक गौ-आश्रय स्थल संचालित हैं, जिनमें 16 लाख से अधिक निराश्रित गौवंश संरक्षित हैं। सरकार द्वारा प्रति गौवंश 50 रुपए प्रतिदिन पोषण भत्ता दिया जा रहा है और सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था भी लागू की गई है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में 39 गौ-आश्रय स्थल संचालित हैं, जहां 10 हजार 572 गौवंश का संरक्षण किया जा रहा है। वहीं 1682 गौपालकों ने 2 हजार 461 गौवंश को अपनाकर सहभागिता योजना को सफल बनाया है।




जनपद स्तरीय गो संरक्षण एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षा करते गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ल और सदस्य दीपक गोयल, सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला और एसपी प्राची सिंह।

### व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश

बैठक में गोवध निवारण अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई और जीरो टॉलरेंस नीति पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। बैठक से पूर्व सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता कर योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न विकास खंडों की गौशालाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया, जो संतोषजनक पाई गईं।

## अब ई-लॉटरी से मिलेगा बीज 10 तक करें ऑनलाइन बुकिंग

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि खरीफ सीजन में किसानों को बीज वितरण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। अब पहले आओ-पहले पाओ की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है और इसके स्थान पर ई-लॉटरी प्रणाली लागू की गई है। अपर कृषि निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र कृषि भवन लखनऊ के निर्देशानुसार विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में बीज वितरण के लिए पहले ऑनलाइन बुकिंग करानी होगी। इसके बाद पात्र किसानों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। विभागीय पोर्टल पर विकासखंडवार लक्ष्य भी निर्धारित कर दिए गए हैं। सामान्य बीज एवं मिनीकिट वितरण के लिए किसान विभाग की वेबसाइट पर 22 अप्रैल से 10 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यदि निर्धारित लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा पात्र किसानों का चयन किया जाएगा।


पश्चिम एशिया में तनाव से शेयर बाजार में गिरावट जारी सेंसेक्स 852 अंक टूटा- 10


ईरान युद्ध अमेरिका की सेना पर भारी अब नौसेना प्रमुख ने दिया त्याग पत्र - 11


होर्मुज के बारूदी सुरंगों को हटाने में लग सकता है छह महीने का वक्त : पेंटागन - 11


'मैदान पर आने से पहले होटल में ही छोड़ देता हूं अहंकार' - 12

आज का मौसम
42.0° अधिकतम तापमान
27.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.37
सूर्यास्त 06.35

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष अष्टमी 07:22 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 247, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

# हाईस्कूल में कशिश-अंशिका संयुक्त टॉपर, इंटर में शिखा अव्वल

**यूपी बोर्ड परीक्षाफल**

## बेटियों का जलवा, 10वीं में 90.42% और 12वीं में 80.38% छात्र-छात्राएं सफल, 12वीं में दूसरे व तीसरे स्थान पर बरेली और बाराबंकी की बेटियां संयुक्त टॉपर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद के वर्ष 2026 के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित कर दिए गए। इस वर्ष भी बेटियों का शानदार प्रदर्शन कायम रहा। हाईस्कूल में सीतापुर की कशिश वर्मा और बाराबंकी की अंशिका वर्मा संयुक्त रूप से टॉपर बनीं, जबकि इंटरमीडिएट में सीतापुर की शिखा वर्मा ने प्रदेश में पहला स्थान, जबकि दूसरे व तीसरे स्थान पर बरेली और बाराबंकी की बेटियां संयुक्त टॉपर रहीं।

हाईस्कूल का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 90.42 रहा, जबकि इंटरमीडिएट में 80.38 प्रतिशत छात्र-छात्राएं सफल घोषित किए गए। परीक्षा 22 फरवरी से 9 मार्च के बीच 8,265 केंद्रों पर आयोजित हुई थी और मूल्यांकन कार्य भी रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया। हालांकि पंजीकरण कराने के बावजूद लगभग 1.2 लाख छात्र (सभी वर्गों को मिलाकर) परीक्षा देने ही नहीं पहुंचे। अकेले विज्ञान वर्ग में ही 45,000 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी। इस वर्ष हाईस्कूल में सीतापुर की कशिश वर्मा व बाराबंकी की अंशिका वर्मा ने 97.83 % अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल किया। दूसरे पर बाराबंकी की अदिति (97.50%) रहीं, जबकि तीसरे पर सीतापुर की अर्पिता, झांसी के ऋषभ साहू और बाराबंकी की परी वर्मा रहे। 12वीं में भी सीतापुर का दबदबा कायम रहा। यहां शिखा वर्मा ने 97.60 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर बरेली की नंदिनी गुप्ता और बाराबंकी की श्रेया वर्मा (97.20%) रहीं, जबकि तीसरे स्थान पर बरेली की सुरभि यादव और बाराबंकी की पूजा पाल (97%) ने जगह बनाई।


प्रयागराज : 10वीं और 12 वीं के परिणाम घोषित होने के बाद खुशी से झूम उठीं छात्राएं।

### मुख्यमंत्री योगी ने दी बधाई

परिणाम जारी होते ही मुख्यमंत्री योगी ने सभी टॉपर और सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। 'एक्स' पर अपने संदेश में लिखा कि यह सफलता विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने छात्रों से भविष्य में भी इसी ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

### बेटियों ने मारी 'हैट्रिक'

आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि हर वर्ग में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों से काफी बेहतर है। मानविकी वर्ग में जहां 81.06% लड़कियां पास हुईं, वहीं लड़कों का आंकड़ा महज 67.11% रहा। विज्ञान वर्ग में भी लड़कियों ने 90.44% रिजल्ट देकर लड़कों (76.79%) को पछाड़ दिया है। आंकड़ों ने स्पष्ट कर दिया है कि छात्राओं का दबदबा हर क्षेत्र में बरकरार है, जबकि स्ट्रीम के लिहाज से विज्ञान और कृषि विषयों में सफलता का प्रतिशत सबसे शानदार रहा है। परीक्षा परिणामों में कृषि भाग-2 के छात्रों ने 93.55% सफलता दर के साथ सबको पीछे छोड़ दिया है। वहीं, मुख्य स्ट्रीम्स की बात करें तो विज्ञान 82.15% छात्र सफल रहे।

### हाईस्कूल में टॉप-3


97.83%
कशिश वर्मा
सीतापुर


97.83%
अंशिका वर्मा
बाराबंकी


97.50%
अदिति
बाराबंकी


97.33%
अर्पिता
सीतापुर


97.33%
ऋषभ साहू
झांसी


97.33%
परी वर्मा
बाराबंकी

### इंटरमीडिएट में टॉप-3


97.60%
शिखा वर्मा
सीतापुर


97.20%
नंदनी गुप्ता
बरेली


97.20%
श्रिया वर्मा
बाराबंकी


97.00%
सुरभि यादव
बरेली


97.00%
पूजा पाल
बाराबंकी

10वीं 12वीं परिणाम की खबरें भीतर पढ़े

**ब्रीफ न्यूज**

### सीबीएसई की 10वीं की दूसरी बोर्ड परीक्षाएं 15 से 21 मई तक होंगी

**नई दिल्ली।** सीबीएसई ने गुरुवार को 10वीं कक्षा की दूसरी बोर्ड परीक्षा का कार्यक्रम घोषित कर दिया, जो 15 मई से 21 मई तक आयोजित होंगी। जारी डेटशीट के अनुसार, परीक्षा की शुरुआत 15 मई को गणित (स्टैंडर्ड और बेसिक) के पर्चे से होगी। इसके बाद 16 मई को अंग्रेजी (कम्युनिकेटिव) और अंग्रेजी (लैंग्वेज एंड लिटरेचर) की परीक्षा होगी। विज्ञान विषय की परीक्षा 18 को और 19 मई को भाषा और वैकल्पिक विषयों की परीक्षा निर्धारित की गयी है, जिसमें हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बांग्ला, तमिल, तेलुगु, मराठी, गुजराती तथा कई विदेशी भाषाएं शामिल हैं। इसी दिन गृह विज्ञान और कुछ व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं भी होंगी। 20 मई को छात्र संस्कृत, चित्रकारी, सूचना प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की परीक्षा देंगे। इसके बाद 21 मई को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा होगी।

### अमित जोगी की उम्रकैद की सजा पर सुप्रीम रोक

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के पुत्र अमित जोगी को राकांपा नेता रामावतार जग्गी की 2003 में हुई हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। राकांपा के नेता रामावतार जग्गी की 4 जून 2003 को रायपुर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस समय अजीत जोगी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री थे। हाईकोर्ट ने 2 अप्रैल को जोगी को दोषी करार दिया और उन्हें उम्रकैद की सजा काटने के लिए तीन सप्ताह के भीतर जेल अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया था।

# बंगाल में 91.78% मतदान, आजादी के बाद सर्वाधिक, कई जगह हुई हिंसा

## पहले चरण में 152 सीटों पर वोटिंग, तमिलनाडु की 234 सीटों पर 84.29% मतदान

- बीरभूम, मुर्शिदाबाद, दिनाजपुर आसनसोल में झड़प की घटनाएं
- दिनाजपुर में भाजपा उम्मीदवार शुभेंदु सरकार से हाथापाई

कोलकाता/चेन्नई, एजेंसी

प. बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में गुरुवार को बंपर वोटिंग हुई। बंगाल की 294 सीटों में से 152 सीटों पर पहले फेज में 91.78% मतदान हुआ। वहीं, तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर 84.29% वोटिंग हुई। चुनाव आयोग के आंकड़े शाम 8 बजे तक हैं।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि प. बंगाल में आजादी के बाद से अब तक का सर्वाधिक मतदान प्रतिशत दर्ज किया गया है। बंगाल में 2011 में 84.72% मतदान दर्ज किया गया था। राज्य में दूसरे चरण के चुनाव में 142 सीट पर 29 अप्रैल को मतदान होगा। विधानसभा चुनाव के नतीजे 4 मई को एकसाथ आएंगे।

बंगाल में मतदान के दौरान बीरभूम, मुर्शिदाबाद, दिनाजपुर, आसनसोल में झड़प की घटनाएं हुई। कम से कम तीन उम्मीदवारों पर हमले हुए। निर्वाचन आयोग ने हिंसा के संबंध में अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। बीरभूम जिले के खारिसोल में अंतिम घंटों के दौरान तनाव काफी बढ़ गया, जब मतदाताओं ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के पक्ष में डाले गए वोट भाजपा के खाते में दर्ज हो रहे हैं। चुनाव अधिकारियों और नाराज मतदाताओं के बीच बहस छिड़ने के बाद स्थिति और बिगड़ गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों का एक समूह मतदान केंद्र के बाहर इकट्ठा हो गया और प्रदर्शन करने लगा। यहां स्थानीय लोगों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प हो गई। इससे पहले, दक्षिण दिनाजपुर के कुमारगंज में भाजपा उम्मीदवार शुभेंदु सरकार के साथ उस समय हाथापाई की गई जब वह गड़बड़ी की खबरों के बाद एक मतदान केंद्र की ओर जा रहे थे।

शुभेंदु सरकार ने दावा किया कि पुलिस की मौजूदगी में उनकी पिटाई की गई और उनके वाहन में तोड़फोड़ की गई। वहीं, एक अन्य घटना में आसनसोल दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के रहमत नगर में भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल की कार पर पथराव किया गया जिससे उसकी पिछली खिड़कियों के शीशे टूट गए। मुर्शिदाबाद के नौदा में आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) और तृणमूल के समर्थकों के बीच झड़पें हुईं। वाहनों में तोड़फोड़ और पथराव के बाद भीड़ को तितर-बितर करने के लिए केंद्रीय बलों को लाठीचार्ज करना पड़ा।


मालदा में मतदान केंद्र पर वोट डालने पहुंचे मतदाता।

### ईसी ने बूथ से नदारद रहने पर कर्मचारियों को किया निलंबित

**कोलकाता।** मेदिनीपुर के पिंगला विधानसभा क्षेत्र में मतदान के दौरान एक मतदान केंद्र से नदारद रहने के आरोप में निर्वाचन आयोग ने संबंधित बूथ के सभी मतदानकर्मियों को निलंबित कर दिया। आयोग ने घटना की जांच के आदेश भी दिए और जिला निर्वाचन अधिकारी को रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

### बंगाल में आंकड़ों से यकीन, भाजपा को शानदार जीत मिलेगी



**कृष्णानगर।** प्रधानमंत्री ने बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बड़ी संख्या में वोट देने के लिए राज्य की जनता को बधाई दी और मतदान के अब तक के आंकड़ों को परिवर्तन के लिए शानदार जनादेश का संकेत बताया। मोदी ने कहा कि निर्वाचन आयोग इस बात के लिए बधाई का पात्र है कि उसने चुनाव में हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं होने दी। मोदी ने कहा, पिछले 50 वर्षों के चुनावी इतिहास में यह पहली बार है कि हिंसा की घटनाएं कम हुईं।

### भारत महान देश, नरक वाले पोस्ट पर विवाद के बाद ट्रंप का यू-टर्न

**नई दिल्ली/वाशिंगटन।** भारत को 'नरक' बताने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का 24 घंटे के अंदर ही सुर बदल गया है। ट्रंप ने भारत को एक 'महान देश' बताया है। ट्रंप ने उन विवादित रीपोस्ट पर सफाई दी है जिसमें भारत को 'नरक जैसी जगह' कहा गया था। नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास ने सफाई देते हुए कहा कि ट्रंप भारत को 'एक महान देश' मानते हैं। साथ ही उन्होंने मोदी को एक 'बहुत अच्छा दोस्त' बताया है। भारत में स्थित अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने कहा, राष्ट्रपति ने कहा है कि भारत एक महान देश है। इससे पहले ट्रंप के रीपोस्ट में रेडियो शो होस्ट की टिप्पणियां शामिल थीं, जिसमें भारत, चीन को नरक कहा गया था।

# व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी की जानकारी स्वीकार नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



- न्यायालय ने सबरीमाला मामले में सुनवाई के दौरान की टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह सभी प्रतिष्ठित लेखकों और विचारकों के विचारों का सम्मान करता है, लेकिन वह 'व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी' से मिली जानकारी स्वीकार नहीं कर सकता।

नौ जजों की संविधान पीठ ने यह टिप्पणी उस समय की, जब वह केरल के सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव और विभिन्न धर्मों द्वारा अपनाई जाने वाली धार्मिक स्वतंत्रता की सीमा एवं दायरे से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रमुख की ओर से पेश अधिवक्ता नीरज किशन कौल ने कांग्रेस नेता शशि थरूर द्वारा लिखे गए एक लेख का हवाला दिया, जिसमें धार्मिक राहत से जुड़े मामलों में न्यायिक संयम की बात कही गई थी। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, हम सभी प्रतिष्ठित व्यक्तियों, विधिवेत्ताओं आदि का सम्मान करते हैं, लेकिन व्यक्तिगत राय, व्यक्तिगत राय ही होती है। कौल ने कहा कि सभी स्रोतों से जानकारी लेने में कोई बुराई नहीं है। इस पर न्यायमूर्ति नागरत्ना ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, लेकिन व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी से नहीं।

# वृद्धा की गला रेतकर हत्या व लूटपाट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आवास विकास एक में हुई वारदात, मकान में रहते थे बुजुर्ग दंपती, घटना के समय अकेली थी महिला

**अमृत विचार:** कल्याणपुर आवास विकास एक में बदमाशों ने गुरुवार दिनदहाड़े सेवानिवृत्त लेक्चरर के घर में घुसकर उनकी पत्नी का गला रेतकर हत्या करने के बाद लूटपाट की। घटना के समय वृद्धा घर में अकेली थीं।

सेवानिवृत्त लेक्चरर दवा लेने बाजार गए थे। जब बुजुर्ग लौटे तो कमरे में फर्श पर पत्नी का लहुलूहान शव पड़ा देखकर सन्न रह गए। घर में सामान बिखरा पड़ा था। अलमारियों के लॉकर टूटे मिले। जेवर व नकदी गायब थी। बाद में एडीसीपी और कल्याणपुर थाना प्रभारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। डॉग स्क्वाड ने भी जांच की। तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

आवास विकास एक स्थित एच-1624 में सेवानिवृत्त हरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार दोपहर वह दवा लेने के लिए बाहर गए थे। करीब आधे घंटे बाद जब घर लौटे तो दरवाजा खुला मिला। भीतर जाकर देखा तो पत्नी का लहुलूहान शव फर्श पर पड़ा देखकर चीख पड़े। पूरे घर में सामान बिखरा पड़ा था। अलमारियों का लॉकर टूटा था। अंदर का दृश्य देखकर वह शोर मचाते हुए बाहर की तरफ भागे। मोहल्ले के लोगों के साथ ही पुलिस को हत्या व लूटपाट की जानकारी दी। एडीसीपी वेस्ट राकेश कुमार पांडेय, कल्याणपुर थाना प्रभारी फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस की जांच में पता चला कि बदमाशों से निर्मला भिड़ी भी थीं।

# नोएडा से दो संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार पाकिस्तानी हैंडलर्स से थे जुड़े

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** एटीएस ने नोएडा से गुरुवार को दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एटीएस ने पिस्तौल, पांच कारतूस, दो मोबाइल बरामद किया है। दोनों पाकिस्तान समर्थित नेटवर्क से जुड़कर देश में हिंसात्मक आंदोलन व सांप्रदायिक दंगा कराने की साजिश रच रहे थे। इसके लिए सोशल मीडिया पर कैंपेन चला रहे थे। जांच में सामने आया कि आरोपी आईएसआई समर्थित पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी व आबिद जट के सीधे संपर्क में थे। इन दोनों के इशारे पर युवकों को नेटवर्क से जोड़ रहे थे।

एटीएस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में मूलतः बागपत के रमाला का रहने वाला वर्तमान में मेरठ के कंकरखेड़ा में ठिकाना बनाए तुषार चौहान उर्फ हिजबुल्ला अली खान और दिल्ली के सन लाइट कालोनी सीमापुर का समीर खान शामिल हैं। इनपुट मिला था कि आईएसआई के इशारे पर कुछ पाकिस्तानी गैंगस्टर और कट्टरपंथी तत्व भारतीय युवाओं को इंस्टाग्राम व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए फंसाकर स्लीपर सेल तैयार करने में जुटे हैं।


तुषार


समीर खान

- आईएसआई समर्थित पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी व आबिद जट के संपर्क में थे दोनों
- एटीएस ने नोएडा से दबोचा आरोपियों के पास से पिस्तौल कारतूस व मोबाइल बरामद

### टारगेटेड लोगों पर ग्रेनेड से हमला व हत्या का था निर्देश

पूछताछ में तुषार उर्फ हिजबुल्ला ने बताया कि सोशल मीडिया के जरिये पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में आया था। उसे टारगेटेड लोगों के घरों पर ग्रेनेड से हमला और हत्या करने के का निर्देश दिया गया था। इसके लिए 50 हजार रुपये एडवांस और काम पूरा होने पर ढाई लाख रुपये देने का लालच दिया गया था। पासपोर्ट बनवाकर दुबई के रास्ते पाकिस्तान भेजने की भी बात कही गई थी। शहजाद भट्टी ने इसको आईएसआई एजेन्ट मेजर हमीद, मेजर इकबाल, मेजर अनवर द्वारा भी टार्गेट दिये जाने की बात कही थी।

**सौगात** गोरखपुर को दी 1055 करोड़ रुपये की 497 विकास परियोजनाओं की सौगात

# नीयत साफ हो तो नियति बदलने में देर नहीं लगती : मुख्यमंत्री

- लिगेसी वेस्ट बने ईको पार्क और नौसढ़-मलौनी फोरलेन सड़क का लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब नीयत साफ हो तो नियति बदलने में देर नहीं लगती। उन्होंने गोरखपुर में विकास के पिछले नौ वर्षों को इसका उदाहरण बताते हुए कहा कि शहर ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव देखा है।

मुख्यमंत्री ने राप्ती नदी के एकला बंधा पर लिगेसी वेस्ट के निस्तारण से विकसित ईको पार्क, नौसढ़-मलौनी फोरलेन सड़क समेत 1055 करोड़ रुपये की 497 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। साथ ही स्वच्छ स्कूल अभियान की शुरुआत करते हुए टूलकिट और कैलेंडर का विमोचन भी किया। योगी ने कहा कि गोरखपुर को 'गार्बेज फ्री सिटी' बनाने और स्वच्छ सर्वेक्षण में शीर्ष स्थान दिलाने के लिए एक लाख से अधिक स्कूली बच्चों को अभियान से जोड़ा जाएगा। आरआरआर (रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल) के जरिए स्वच्छता का संदेश घर-घर पहुंचाया जाएगा। अभियान में 2000 से अधिक शिक्षकों और 1000 से ज्यादा अभिभावकों को जोड़ा जाएगा। वेस्ट टू आर्ट, निबंध और रील प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्वच्छता का संदेश व्यापक स्तर पर फैलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इच्छा शक्ति और साफ नीयत के कारण गोरखपुर में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है। एम्स और बीआरडी मेडिकल कॉलेज बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के केंद्र बने हैं, खाद कारखाना और पिपराइच चीनी मिल चालू हुई है तथा बाढ़ की समस्या के समाधान पर तेजी से काम हो रहा है।


परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने जाते मुख्यमंत्री योगी।

### एकला बंधा पर विकसित हुआ ईको पार्क

दशकों से जमा कूड़े के ढेर को वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित कर एकला बंधा पर आकर्षक ईको पार्क विकसित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# मेडिकल कॉलेज में आयुष्मान योजना से इलाज पर लगा ब्रेक

## आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति ठप, ऑपरेशन किए जा रहे होल्ड, लौट रहे मरीज

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज पर अचानक ब्रेक लग गया है। आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति न हो पाने के कारण ऑपरेशन होल्ड पर डाल दिए गए हैं और मरीजों को वापस लौटाया जा रहा है। इससे मरीजों को खासी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। आलम यह है कि लगभग एक महीने से ऐसा चल रहा है, लेकिन बेपरवाह प्रशासन ने अब तक इसकी सुधि नहीं ली है।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत गरीब परिवारों को पांच लाख तक का कैशलेस इलाज मिलता है। इस योजना के तहत न सिर्फ सरकारी अस्पताल बल्कि प्राइवेट हॉस्पिटल में भी भरपूर इलाज दिया जाता है। मेडिकल कॉलेज में भी इस योजना के तहत मरीजों को भर्ती कर उनका उपचार किया जाता है, लेकिन योजना के तहत मरीजों को दवा व अन्य आवश्यक सामान मुहैया कराने वाली फर्म का टेंडर समाप्त हो जाने के कारण इलाज ठप हो गया है। आपूर्ति न हो पाने के कारण विभागों में पहुंचने वाले मरीजों को इलाज नहीं मिल पा रहा है।

इस संबंध में मेडिकल कॉलेज के प्रभारी अधिकारी केंद्रीय औषधि भंडार की ओर से 28 मार्च 2026 को प्राचार्य डॉ. डीएस मार्तोलिया को पत्र भी लिखा गया था। संबोधित पत्र में कहा गया था कि आयुष्मान योजना के तहत दवा व अन्य आवश्यक सामानों की सप्लाई के लिए 14 जनवरी 2023 को अंबेशिका इंटरप्राइज फर्म को तीन वर्ष के लिए टेंडर दिया गया था, जो 13 जनवरी 2026 को समाप्त हो गया था। उस टेंडर को 31 मार्च 2026 तक के लिए विस्तारित कर दिया गया था। सूत्र बताते हैं कि अब जब टेंडर समाप्त हो गया तो उसके बाद दोबारा नहीं कराया गया। इस कारण आवश्यक संसाधन पहुंचना बंद हो गए। सूत्र बताते हैं कि कई विभागों की तरफ से मरीजों के लिए इलाज में प्रयोग होने वाले सामानों का इंडेट गया है, लेकिन उन्हें लौटा दिया जा रहा है।

इस संबंध में आयुष्मान के नोडल डॉ. पीयूष आनंद ने बताया कि मुझे पूरी जानकारी नहीं है। टीबी एंड चेस्ट डिपार्टमेंट का इंडेंट भेजा था। दवा नहीं मिल पाई थी। बाकी इस संबंध में अधिकारी जानकारी के लिए अधिकारियों से बात कर लीजिए। एमएस नोडल डॉ. अरविंद कुमार से जानकारी करने के लिए फोन किया, लेकिन उन्होंने रिसीव नहीं किया।



मेडिकल कॉलेज का आयुष्मान वार्ड।

> विभागों से पहुंचने वाले इंडेंटों से मुझे भी अभी जानकारी हुई है। जल्द से जल्द से व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने का कार्य किया जा रहा है। -डॉ. प्रतिभा गुप्ता, कार्यवाहक प्राचार्य

### हार्ट की जांच के लिए निजी डायग्नोस्टिक से लाई किट

मेडिकल कॉलेज में जांच सुविधाएं भी ठीक नहीं चल रही हैं। बताते हैं कि महीनों से कैंसर, थायराइड समेत अन्य महत्वपूर्ण जांचें अभी ठप चल रही हैं। ट्रॉमा में दिल के रोगियों की होने वाली जांच ट्रॉप आई बंद है। सूत्रों के अनुसार मरीज आ जाने के बाद मेडिकल कॉलेज के सामने चल रहे एक निजी डायग्नोस्टिक सेंटर से किट मंगाकर जांच की जा रही है। इस तरह की व्यवस्था से मरीजों का मेडिकल कॉलेज के प्रति मोह भंग हो रहा है।

### मेडिकल कॉलेज को मिला एक और न्यूरो सर्जन


डॉ. विकास कुमार द्विवेदी।

**अयोध्या,** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में एक और न्यूरो सर्जन डॉ. विकास कुमार द्विवेदी ने ज्वॉइन कर लिया है। असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर आए डॉ. विकास हर गुरुवार को 103 नंबर कक्ष में मरीजों को देखेंगे। मूल रूप से देवकाली के रहने वाले विकास ने कानपुर के जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस किया है। इसके बाद उन्होंने प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज से पीजी और लखनऊ केजीएमयू से एमसीएच किया है। उनके आने से मेडिकल कॉलेज में न्यूरो सर्जन की संख्या अब दो हो गई है। इससे पहले डॉ. विक्रांत अकेले ही जिम्मेदारी संभाल रहे थे। अब मेडिकल कॉलेज में मरीजों को ब्रेन, स्पाइनल और नर्व संबंधी गंभीर बीमारियों का बेहतर इलाज मिल सकेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### महापौर आज लेंगे नाला सफाई कार्य का जायजा

**अयोध्या।** 'नगर की सरकार आपके द्वार' अभियान के तहत महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार सभी विभागों की टीम के साथ भ्रमण कर शुक्रवार को नाला सफाई कार्य का जायजा लेंगे। सुबह सात बजे पुलिस लाइंस से नाला निरीक्षण कार्य की शुरुआत होगी, जो बेबी आइसक्रीम होते हुए नाले की समाप्ति तक जाएगी। क्षेत्रीय पार्षद मौजूद रहेंगे।

### 25 लाख की आर्थिक सहायता की मांग

**सोहावल।** सोहावल तहसील क्षेत्र के देवई गांव के विद्युत संविदाकर्मी मातादीन की ड्यूटी के दौरान पोल से गिर कर हुई मौत पर सपा नेता हाजी फिरोज़ खान गब्बर ने गुरुवार को मृतक के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना प्रकट की। मृतक के परिवार को 25 लाख रुपये आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की है। कहा कि संविदाकर्मी के दो छोटे बच्चे हैं उनकी परवरिश का अब कोई सहारा नहीं है। वह अपने समर्थकों के साथ सोहावल स्थिति ढेमवा घाट पर अंतिम संस्कार में मौजूद रहे।

### मुफ्त श्वान एंडी रैबीज टीकाकरण शिविर कल

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा क्लीनिकल कॉपलेक्स द्वारा विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर मुफ्त श्वान एंडी रैबीज टीकाकरण, डीवार्मिंग एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शनिवार 25 अप्रैल को को कुमारगंज बाजार स्थित बारात घर आलू मंडी में किया जाएगा। पशु चिकित्सा क्लीनिकल कॉपलेक्स के विभागाध्यक्ष डॉ. सोनू ने बताया कि शिविर के दौरान उपचार एवं कीड़े की दवा की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### घर से भाजपा नेता की बाइक चोरी

**पूराबाजार।** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के मधुपुर पाना का पुरवा के रहने वाले भाजपा नेता अमरनाथ वर्मा पुत्र बद्री प्रसाद वर्मा की बाइक बुधवार रात घर से चोरी हो गई। उन्होंने पुलिस को तहरीर दी है। पूराकलंदर प्रभारी निरीक्षक मनोज शर्मा ने बताया कि बाइक की तलाश की जा रही है।

### पीड़ितों को वितरित की राहत सामग्री

**रुदौली, अयोध्या।** नगर पालिका परिषद के जहानपुर में बीते दिनों लगी आग में प्रभावित पांच ग्रामीणों को भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने राहत सामग्री वितरित की। आग से राम समुझ लोधी, महेश लोधी, रमेश लोधी, लल्लू रावत, सुरेन्द्र लोधी के घर में रखी खाद्य सामग्री व गृहस्थी का अन्य सामान जल गया था। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता संजय अग्रवाल, विजय तिवारी, लल्लू लोधी, पूर्व बीडीसी अर्जुन लोधी, कोटेदार एजाज निशीथ अभिषेक मौजूद रहे।

### तहसीलदार के आदेश पर एसडीएम ने लगाई रोक

**अयोध्या।** रुदौली तहसील क्षेत्र के रजानगर के गाटा संख्या 53/086 हेक्टेयर को लेकर तहसीलदार के 18 मार्च 2026 के आदेश पर एसडीएम न्यायालय ने वाद के निस्तारण तक के लिए रोक लगा दी है। मामला कथित बैनामा के आधार पर नामांतरण में मामले में तहसीलदार न्यायालय ने आदेश पारित किया था। इसके विरुद्ध सुशीला श्रीवास्तव पत्नी केबी श्रीवास्तव निवासी परिक्रमा मार्ग सिविल लाइंस ने एसडीएम न्यायालय में वाद योजित किया था।

### प्रधान संगठन की बैठक आज

**पूराबाजार।** प्रधान संगठन की बैठक शुक्रवार को सुबह 11 बजे ब्लॉक सभागार में होगी। पूरा बाजार ब्लॉक के प्रधान संघ अध्यक्ष अभिषेक सूर्यवंशी अंकुर ने बताया कि सभी प्रधानों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। बैठक में आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

### कांग्रेस पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के निधन पर शोक

**अयोध्या।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह मुन्ना के निधन पर कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर गुरुवार को शोकसभा की गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि उनका असमय निधन कांग्रेस पार्टी की बहुत बड़ी क्षति है। उनकी बेबाक शैली कार्यकर्ता के प्रति लगाव हमेशा याद रहेगा। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मुन्ना भैया ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष से लेकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में संघर्षशील व्यक्तित्व की छाप छोड़ी। प्रवक्ता शीतला पाठक ने कहा पूर्व अध्यक्ष मुन्ना जीवन पर्यन्त कांग्रेस के सच्चे हितैषी रहे। कांग्रेस उपाध्यक्ष उमेश उपाध्याय, पीसीसी उग्रसेन मिश्रा, हरजीत सलूजा, कबींद्र साहनी, विनोद ने स्व. मुन्ना के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धांजलि दी।

# हाईस्कूल में देवा इंटर कॉलेज ने लहराया परचम

मसौधा, अयोध्या।

- जिले की टॉप 10 सूची में देवा इंटर कॉलेज की तीन छात्राएं शामिल

**अमृत विचार :** देवा इंटर कॉलेज का इस बार भी शत प्रतिशत परिणाम रहा है। इतना ही नहीं यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में यहां की तीन छात्राओं ने जिले की टॉप 10 की मेरिट लिस्ट में चौथा, छठा और सातवां स्थान हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया।

मसौधा ब्लॉक क्षेत्र के उसरू अमौना गांव में अंग्रेजी माध्यम से संचालित देवा इंटर कॉलेज की छात्रा एकता गुप्ता ने 95.50 प्रतिशत अंकों के साथ जिले की मेरिट सूची में चौथा स्थान, नंदिनी तिवारी ने 94.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छठा व छात्रा आकृति यादव ने 94.66 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में सातवें स्थान पर परचम लहराया। छात्रा जाहनवी साहू 93.5 प्रतिशत, वैष्णवी दुबे 93.33, दिव्या यादव 93.16, देवमणि यादव 93.16, पल्लवी भारती 92.67, आस्था यादव 92, ज्योति यादव 92, पलक मिश्रा 92, रंजना यादव 91.6, सौरभ 91.83, सेजल 91.5, अंश यादव 91.5, सोनी 91, अनुराग मिश्रा 90.83, कायनात रहबर 90.16, साक्षी मिश्रा 90, आशुतोष चौधरी 90 और अभिनव पांडे ने 90 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय की मेरिट सूची में स्थान बनाया। निदेशक सहदेव उपाध्याय और प्रधानाचार्या नमिता मिश्रा ने सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व अभिभावकों को शुभकामनाएं दी हैं। कहा विद्यालय इन सभी होनहारों व उनके अभिभावकों को सम्मानित करेगा।


एकता गुप्ता


नंदिनी तिवारी


आकृति यादव


प्रशांत सिंह, हाईस्कूल ब्राइट कैरियर एकेडमी इंटर कॉलेज, इयोढ़ी बाज़ार, 94.83% जिले में छठवाँ स्थान।


आयुष कुमार, हाईस्कूल बीआर पब्लिक स्कूल, सोहावल 95.67 %


आदेश श्रीवास्तव हाई स्कूल, माधव सर्वोदय इंटर कॉलेज अमोना अयोध्या, 92.5%


मनीषा हाई स्कूल, माधव सर्वोदय इंटर कॉलेज अमोना अयोध्या, 90.8%


अमितोष प्रकाश पाठक, हाईस्कूल, शिवदयाल जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर अयोध्या, 95.33%


हर्ष सोनी, राहुल शिक्षा निकेतन रामपुर भगन 90%


साहस यादव हाई स्कूल, माधव सर्वोदय इंटर कॉलेज अमोना अयोध्या, 91.3%


श्रेयांसकर मिश्र इंटरमीडिएट, हिंदू इंटर कॉलेज, रुदौली 89.2%

### प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला न्यायालय के सभागार में संवर्धन द्वितीय चरण पराविधिक स्वयंसेवकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रिया सक्सेना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोरखपुर, संतकबीर नगर, सिद्धार्थ नगर, जिला प्रोबेशन अधिकारी ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला न्यायाधीश ने की। पराविधिक स्वयं सेवकों को आम लोगों को उनके अधिकारों के विषय में जागरूक किए जाने के लिए प्रशिक्षित किया गया।

## 25 नई बाढ़-सहनशील धान किस्में विकसित

**कुमारगंज अयोध्या। अमृत विचार:** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग ने तराई और जलभराव वाले क्षेत्रों के लिए धान की 25 नई प्रजातियां विकसित की हैं। इस शोध में आलोक कुमार सिंह, देवेंद्र कुमार द्विवेदी, डॉ. नवाज अहमद खान और रंजीत कुमार सहित 12 वैज्ञानिकों की टीम ने 116 धान किस्मों का अध्ययन किया। अध्ययन में 25 किस्मों ने बाढ़ के प्रति बेहतर सहनशीलता दिखाई। जैव रासायनिक विश्लेषण में पाया गया कि जलभराव से अधिकांश किस्मों में क्लोरोफिल, प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट का स्तर घट गया, लेकिन कुछ किस्मों में यह गिरावट कम रही। वहीं, तनाव सहनशीलता बढ़ाने वाला सुपरऑक्साइड डिसम्यूटेज़ (एसओडी) एंजाइम 54 से 67 प्रतिशत तक बढ़ गया। प्रोफेसर डॉ. नवाज अहमद खान ने बताया कि यह शोध बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के किसानों को राहत देगा और बदलती जलवायु में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि किसानों को इन किस्मों के बीज मिलने में लगभग दो वर्ष लगेंगे।

# शहर में बिक रहा था नकली रिफाइंड सोया ऑयल

## सेहत से खिलवाड़ : अडानी विलमेयर कंपनी के अधिकारी व पुलिस ने शहर के दो स्थानों पर मारा छापा

अयोध्या कार्यालय।

- 500 पेटी से ज्यादा मिला नकली तेल, दो पर केस

**अमृत विचार :** शहर में एक नामी कंपनी का 500 बोरी से ज्यादा नकली रिफाइंड ऑयल बरामद हुआ है। पुलिस व कंपनी के अधिकारियों की टीम ने शहर के वजीरगंज इलाके में स्थित थोक व्यापारी के गोदाम पर बुधवार रात छापा मारा। बताया जा रहा कि शहर में भारी पैमाने पर कम रेट में दुकानदार इस नकली ऑयल की बिक्री कर रहे थे। इसकी जानकारी होने पर कंपनी ने निजी स्तर पर जांच कराई, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। मामले में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

एक डिटेक्टिव एजेंसी के अधिकारी गिरजा शंकर यादव निवासी ग्राम व पोस्ट सुवनसा थाना फतनपुर गौरा जनपद प्रतापगढ़, वर्तमान पता मुंबई ने बताया कि अडानी विलमेयर कंपनी ने उन्हें अधिकार दिया है कि वह अलग-अलग शहरों में जाकर कंपनी के ब्रांड के नाम पर नकली सामान बनाने या बेचने वालों के खिलाफ जांच करें। इस दौरान जानकारी मिली की अयोध्या में कंपनी के ब्रांड फोर्च्यून रिफाइंड सोया ऑयल के नाम पर नकली ऑयल की भारी मात्रा में बिक्री हो रही है। कंपनी के जोनल हेड टोटन चक्रवर्ती निवासी ग्राम पवन कलोनी पुलिस स्टेशन चकदहा जिला नादिया पश्चिम बंगाल, वर्तमान पता मुंबई व कोतवाली नगर पुलिस के साथ बुधवार को उदया चौराहे के पास स्थित मेसर्स सुमित्रा किराना मार्ट जिसके मालिक मनोज कुमार गुप्ता निवासी बेनीगंज परिक्रमा मार्ग है, की दुकान पर शाम करीब 6:30 बजे जांच की गई। इस दौरान यहां से फोर्च्यून रिफाइंड सोया ऑयल के एक लीटर के करीब 170 पैकेट मिले। जो जांच में नकली मिले। दुकानदार मनोज से उक्त संबंध में पूछा गया तो उसने बताया कि वह बाजार से सस्ते रेट में लाकर अपनी दुकान पर बेचता हूं।

इसके बाद दूसरी सूचना पर मेसर्स रामचंद्र इंटरप्राइजेज (आरसी) जिसके मालिक बृजेश कुमार अग्रवाल निवासी वजीर गंज केवटहिया हैं, के गोदाम पर छापा मारा। मौके पर उनकी पत्नी मोनिका अग्रवाल मिलीं, उनकी मौजूदगी में रात करीब 9:35 बजे गोदाम की तलाशी ली गयी तो वहां से करीब 500 पेटी नकली फोर्च्यून रिफाइंड सोया ऑयल मिला। जिसे सील कर दिया गया। आरोप लगाया कि मनोज कुमार गुप्ता व बृजेश कुमार अग्रवाल द्वारा धोखाधड़ी करके जानबूझकर कॉपीराइट एक्ट का उल्लंघन करते हुए झूठा ट्रेडमार्क का उपयोग करते हुए सामान बेचने का अपराध किया है। जिससे कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा है। इस संदर्भ में सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर दो लोगों के खिलाफ कॉपीराइट एकट व ट्रेड मार्क अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जब्त माल के नमूने को खाद्य विभाग द्वारा जांच के लिए भेजा गया है।

## समाज को शिक्षित कर आगे बढ़ाएं

**पूराबाजार, अमृत विचार:** सूर्यवंशी क्षत्रिय उत्थान समिति के तत्वाधान में डाभासेमर में ओम प्रकाश सिंह ने महापंचायत का आयोजन किया। महापंचायत में अयोध्या, बस्ती, अंबेडकर आदि जिलों के 121 गांवों मे बसे सूर्यवंश क्षत्रियों ने भाग लिया। महापंचायत में समिति के अध्यक्ष भगवान बक्श सिंह ने कहा कि हमें अपने गौरव को कायम रखने के लिए बच्चों को उच्च शिक्षा दिलानी होगी। जिससे कि बच्चे समाज में उच्च स्थान पर पहुंचकर समाज के साथ देश व प्रदेश की प्रगति में सहयोग कर सकें। कोषाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सूर्यवंश क्षत्रिय समाज की प्रगति के लिए एकजुट होने की जरूरत है। इसके लिए हमें आपसी विवाद पंचायत के माध्यम से हल करना होगा, जिससे समय व धन की बचत होगी और आपसी सौहार्द बना रहेगा। पंचायत में बस्ती जिले के अध्यक्ष प्रमोद सिंह, राम प्रगट सिंह, जीत बहादुर सिंह, लाल साहब सिंह, राजेश सिंह सहित अन्य विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता दादा गुरु प्रसाद सिंह ने की। आयोजक ओम प्रकाश सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# सेप्टिक टैंक में उतरे युवक की मौत, दूसरा गंभीर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** नगर कोतवाली क्षेत्र के हैदरगंज नानकपुरा वार्ड में गुरुवार को सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान बड़ा हादसा हो गया। टैंक के अंदर उतरते ही जहरीली गैस की चपेट में आने से गौरव सोनी(40) की मौत हो गई, जबकि उनके साथ काम कर रहे आदर्श राजभर की हालत गंभीर बनी हुई है।

निजी शौचालय के टैंक की सफाई के दौरान दोनों युवक अंदर उतरे थे। कुछ ही देर में जहरीली गैस के असर से दोनों बेहोश हो गए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर दोनों को बाहर निकाला। दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत बिगड़ने पर उन्हें दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान हैदरगंज निवासी गौरव सोनी ने दम तोड़ दिया, जबकि बस्ती के दुबौलिया निवासी आदर्श राजभर का इलाज जारी है।

घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन अधिकारी, क्षेत्राधिकारी नगर श्रेयस त्रिपाठी और नगर कोतवाल अश्वनी पांडेय मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। विशेषज्ञों के अनुसार, सेप्टिक टैंक में मीथेन समेत कई जहरीली गैसें भरी रहती हैं। बिना सुरक्षा उपकरण के अंदर उतरना बेहद खतरनाक होता है और जरा सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है।

## एडीए ने कराया अवैध प्लाटिंग का ध्वस्तीकरण

**अयोध्या, अमृत विचार:** अयोध्या विकास प्राधिकरण ने प्राधिकरण के सीमा क्षेत्र में गुरुवार को साढ़े चार सौ बिस्वा पर अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया। सचिव राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि शिवदासपुर में निर्माणकर्ता नागेश प्रताप सिंह, रवीश सिंह की दो सौ बिस्वा, बिरौली में पिंटू पांडेय, अमरनाथ पांडेय, पंकज सिंह से कराई गई दो सौ बिस्वा और गंजा रोड पर रणविजय सिंह से कराई 50 बिस्वा अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कराई गई। कहा कि प्राधिकरण से बिना ले आउट/मानचित्र स्वीकृत कराए किसी भी प्रकार का निर्माण न कराया जाए।स्वीकृत ले आउट की भूमि की ही खरीद बिक्री की जाए।यह सूची एडीए के बेवसाइट पर उपलब्ध है।

## मिल्कीपुर व रुदौली में शुरू हुआ जनगणना प्रशिक्षण

**मिल्कीपुर, रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार:** नगर पंचायत कुमारगंज के सभागार में गुरुवार को जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए प्रगणकों और सुपरवाइजरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। पहले दिन 39 शिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण अधिकारी नगर पंचायत कुमारगंज संजय शुक्ला ने बताया कि नगर पंचायत के कुल 13 वार्डों में जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संचालन प्रशिक्षक तारिक सिद्दीकी और राजकुमार द्वारा किया जा रहा है। रुदौली प्रतिनिधि के अनुसार तहसील के एक महाविद्यालय में प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण में कुल 450 इन्यूमरेटर व सुपरवाइजरों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण अधिकारी तहसीलदार विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि 18 फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण दे रहे है। कुल 40 लोग अनुपस्थित रहे। कार्रवाई के लिए बीएसए को पत्र भेजा जा रहा है।

### आज रामकोट की परिक्रमा करेंगे 84 कोसी परिक्रमार्थी


कटरा कुटी के संत से मुलाकात करते हुए परिक्रमा की संयोजक व अन्य।

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामकोट स्थित राम मंदिर की परिक्रमा के साथ 84 कोसी परिक्रमा यात्रा आज सम्पन्न होगी। जगद्गुरु रामानंदाचार्य द्वार से सुबह 5:30 बजे परिक्रमा यात्रा निकाली जाएगी। हनुमान मंडल के नेतृत्व में हजारों की संख्या में संधु संत व भक्त 84 कोसी परिक्रमा यात्रा पर निकले थे। परिक्रमार्थी का जत्था गुरुवार को सरयू तट स्थित कटरा कुटी पहुंचा। जहां रात्रि विश्राम के बाद सुबह 4 बजे सरयू स्नान कर फिर रामकोट की परिक्रमा करेंगे।

### डीएम ने सुनीं जनशिकायतें

**अयोध्या, अमृत विचार :** नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान आम लोगों की शिकायतें सुनीं। आए लोगों ने अपनी समस्याओं से डीएम को अवगत कराया। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

### समाजसेवी संस्था के सुरेश यादव ने दिलीप का किया सम्मान


जेईई मेन उत्तीर्ण आने पर दिलीप को मिठाई खिलाते समाजसेवी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामनगरी के ग्रामीण क्षेत्र तिहूरा माझा के रहने वाले केसरी नंदन विद्यालय के मेधावी छात्र दिलीप कुमार ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई उत्तीर्ण कर क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है। सीमित संसाधनों के बावजूद दिलीप ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया, जो अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बन गया है। दिलीप की इस सफलता के पीछे उनके बाबा संतराम का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने हर परिस्थिति में उनका हौसला बढ़ाया। साथ ही विद्यालय के शिक्षकों का मार्गदर्शन भी उन्हें निरंतर मिलता रहा। दिलीप की उपलब्धि पर समाजसेवी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव ने केसरी नंदन विद्यालय परिसर में उनका माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।अध्यक्ष सुरेश ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की हर संभव मदद की जाएगी, जिससे कि वे भी आईएएस, पीसीएस, इंजीनियर और डॅक्टर बनकर परिवार और जिले का नाम रोशन कर। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रामललित, शिक्षक मुन्ना लाल, गौरव, प्रवेश यादव, शिक्षिका उषा, मांझी समाज के चौधरी दुर्गा माझी आदि मौजूद रहे।

# मार्ग का विकास श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर किया जाए

अयोध्या कार्यालय।

- डीएम ने दिये निर्देश, 14 कोसी परिक्रमा मार्ग का किया निरीक्षण

**अमृत विचार:** नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने गुरुवार को 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। हलकारा का पुरवा, दर्शननगर, जनौरा अंडरपास, जनौरा, रामनगर घोसियाना, मोदहा, सहादतगंज, गुप्तारघाट, रेतिया, ककरही बाजार और साकेत सदन (अफीम कोठी) सहित विभिन्न स्थलों पर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

डीएम ने अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड-तीन सत्यपाल सिंह को निर्देश दिया कि अवशेष कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराया जाए। कार्यदायी संस्थाओं से कराए जा रहे कार्यों की नियमित निगरानी और गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया।

अधिशासी अभियन्ता निर्माण खंड-तीन लोनिवि से मार्ग के संरेखण में भूमि/भवन से संबंधित विभिन्न बाधाओं की जानकारी दी। डीएम ने निर्देश दिया कि मार्ग के आरओडब्लू में आ रहे भवन इत्यादि के लिए जहां भूमि/भवन का भुगतान हो चुका है, ध्वस्तीकरण शेष है, को लोक निर्माण विभाग एवं राजस्व टीम से शेष भवनों का ध्वस्तीकरण जल्द पूर्ण कराएं। तहसील स्तर पर लंबित ऐसे मामलों को उपजिलाधिकारी (सदर) जल्द निस्तारित कराएं। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (नगरीय) को सीवर व वाटर सप्लाई के मैनहोल रेजिंग और हाउस कनेक्शन के शेष कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। कहा कि 14 कोसी परिक्रमा मार्ग का विकास श्रद्धालुओं की सुविधा एवं जनहित के मद्देनजर अत्यंत महत्वपूर्ण है सभी कार्य उच्च गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए।

## अग्निशमन का हाईटेक कंट्रोल रूम राम मंदिर में हुआ स्थापित

**अयोध्या, अमृत विचार :** धूप और बढ़ती गर्मी को देखते हुए राम मंदिर परिसर में किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन हाईटेक कंट्रोल रूम को स्थापित किया गया है। इसके अलावा परिसर के अन्य क्षेत्र में अत्याधुनिक यंत्रों को भी स्थापित कर अतिरिक्त कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

राम मंदिर ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के अनुसार अग्निशमन के लिए उत्तर दिशा में कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसमें भूमिगत पानी के टैंक और ऑटोमेटिक पंप सिस्टम लगाए गए हैं। आपात स्थिति में स्वचालित स्प्रिंकलर सिस्टम सक्रिय होकर आग पर तुरंत काबू पाने में सक्षम है। अग्निशमन विभाग के अनुसार पूरे परिसर में हाईटेक स्प्रिंकलर, फायर हाइड्रेट और 24 घंटे तैनात फायर टेंडर जैसी व्यवस्थाएं मौजूद हैं। जिससे किसी भी आकस्मिक घटना से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

कहा कि भीषण गर्मी के बीच राम मंदिर में श्रद्धालुओं को राहत देने के लिए तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र ( पीएफसी ) में बनाए गए दो वातानुकूलित प्रतीक्षालय खोल दिए गए हैं। प्रतीक्षालयों में एक साथ लगभग तीन हजार श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की गई है। गर्मी से बचाव के लिए श्रद्धालुओं को ओआरएस घोल भी उपलब्ध कराया जा रहा है।



## कामयाबी की खुशी

### 4 वर्ष के परिणाम प्रतिशत पर नजर

| वर्ष | हाईस्कूल | इंटरमीडिएट (प्रतिशत में) |
|---|---|---|
| 2022 | 88.18 | 85.33 |
| 2023 | 89.55 | 82.60 |
| 2024 | 89.55 | 82.60 |
| 2025 | 90.11 | 81.15 |

- **छात्र/ छात्रा प्रतिशत :** हर साल इंटर में छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत छात्रों से 9 से 11 प्रतिशत अधिक रहा। वर्ष 2025 में ये अंतर 9.77 फीसदी रहा।
- डीआईओएस के अनुसार जिले का रिजल्ट प्रदेश औसत से 1से 2 फीसदी ऊपर-नीचे रहता है।

बोर्ड परीक्षा परिणाम आने के बाद खुशी का इजहार करतीं कनौसा कान्वेंट इंटर कॉलेज की मेधावी छात्राएं।

# हाईस्कूल में आराध्या व इंटर में पल्लवी जिले में अव्वल

**उप्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद के परीक्षा परिणाम में एक बार फिर छात्राओं ने मारी बाजी**

## टॉप टेन की सूची में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

## अयोध्या को प्रदेश में हाईस्कूल में 20वां और इंटर में मिला 31वां स्थान

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** उप्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में एक बार फिर लड़कियों ने बाजी मारी है। हाईस्कूल की परीक्षा में कनौसा गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा आराध्या जायसवाल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में श्रीलाला राम आदर्श इंटर कॉलेज, नरौली रुदौली की छात्रा पल्लवी कौशल ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आराध्या को 96.33 व पल्लवी को 94.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं, इस बार टॉप टेन की सूची में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों ने अपना परचम लहराया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यार्थियों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। विद्यालयों में शिक्षकों ने व घरों पर जाकर लोगों ने टॉपर्स को बधाई दी व मुंह मीठा कराया।

इस वर्ष यूपी बोर्ड परीक्षा में अयोध्या ने प्रदेश में हाईस्कूल में 20वां व इंटर में 31वां स्थान हासिल किया। जिले की टॉप टेन की सूची में हाईस्कूल में 26 विद्यार्थी शामिल रहे, इनमें 11 छात्राएं व 15 छात्र शामिल हैं। वहीं, इंटर में कुल 13 विद्यार्थियों ने टॉप टेन में जगह बनाई, इनमें नौ छात्राएं व चार छात्र शामिल हैं। हाईस्कूल की टॉप टेन की सूची में शहरी क्षेत्र के आठ विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सूची में स्थान बनाया जबकि अन्य 18 बच्चे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों के रहे। पहले व दूसरे स्थान पर कनौसा गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं ने कब्जा किया। इसी तरह इंटर की टॉप टेन सूची में कनौसा गर्ल्स इंटर कॉलेज व आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा ने क्रमशः छठवें व सातवें स्थान पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जबकि अन्य 11 स्थानों पर ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों के विद्यार्थी रहे।

### जज बनना चाहती है हाईस्कूल की टॉपर आराध्या



जिले में हाईस्कूल की टॉपर आराध्या जायसवाल अपने पिता शैलेंद्र कुमार जायसवाल के पदचिन्हों पर चलना चाहती है। उनके पिता अधिवक्ता हैं। आराध्या का सपना है वह जज बनें। कनौसा की छात्रा आराध्या ने 96.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार का ही नहीं बल्कि जिले का गौरव बढ़ाया है। स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर लिंडा थॉमस की मानें तो आराध्या पढ़ने में काफी तेज हैं। ग्रुप डिस्क्शन हो या कोई और कांपीटिशन, सब में अव्वल रहती हैं। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया।

### इंजीनियर बनना चाहती है इंटर की टॉपर पल्लवी



रुदौली के पगड़िया गांव के चैन के पुरवा की निवासी पल्लवी इंटर की परीक्षा 94.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। श्रीलाला राम आदर्श इंटर कॉलेज, नरौली रुदौली की इस छात्रा ने 472/500 अंक प्राप्त किए। उसके पिता विनोद कुमार गांव में ही साधारण सी किराने की दुकान चलाते हैं। घर की माली हालत बहुत अच्छी नहीं है। उसने सिर्फ स्कूल व घर पर पढ़ाई कर यह सफलता पाई। तीन बहनों के बीच की पल्लवी का सपना भविष्य में इंजीनियर बनना है। विद्यालय के प्रबंधक राकेश यादव समेत अन्य ने उसकी सफलता पर बधाई दी।

### हाईस्कूल में 92.03 व इंटर में 83.49 प्रतिशत विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण

इस वर्ष यूपी बोर्ड परीक्षा में अयोध्या ने हाईस्कूल में प्रदेश में 20वां व इंटर में 31वां स्थान हासिल किया। जिले में हाईस्कूल में 92.03 व इंटर में 83.49 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। हाईस्कूल में कुल 39,927 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था, इनमें 38,003 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसमें 34,975 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इसी तरह इंटर की परीक्षा में 38,871 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था, इसमें 37,073 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। कुल 30,869 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में पिछले वर्ष की अपेक्षा गिरावट आई है। वर्ष 2024-25 में 92.11 प्रतिशत छात्र सफल हुए थे, वहीं इस बार यह प्रतिशत घटकर 92.03 रह गया। इसके विपरीत इंटरमीडिएट के परिणाम में सुधार आया है। वर्ष 2024-25 में 81.12 प्रतिशत छात्र पास हुए थे, जबकि इस बार 83.49 विद्यार्थी सफल हुए।

### 115 केंद्रों पर हुई थी परीक्षा, नहीं मिला था एक भी नकलची

यूपी बोर्ड की वर्ष 2025-26 की परीक्षा जिले के 115 परीक्षा केंद्रों पर कराई गई थी। छात्राओं को या तो सेल्फ सेंटर या आसपास के परीक्षा केंद्र अलॉट किए गए थे। पूरी परीक्षा को सीसीटीवी के निगरानी में रखा गया था। जीआईसी में बने मॉनीटिरिंग रूम से सभी परीक्षा केंद्रों पर निगरानी रखी गई थी। सचल दलों द्वारा लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस वर्ष दोनों परीक्षाओं में एक भी विद्यार्थी नकल करते नहीं मिला था। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन तिवारी ने बताया कि 18 फरवरी से शुरू हुई परीक्षा के मुख्य पेपर 15 दिनों से भी कम समय में निपटा दिए गए। खास बात यह रही कि परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन महज 14 दिनों में पूरा कर लिया गया।

## मजदूर की बेटी ने रचा इतिहास, इंटर में जिले में तीसरा स्थान लाई शिवानी



इंटरमीडिएट में जिले में तीसरा स्थान पाने वाली शिवानी यादव को मिठाई खिलाते माता-पिता।

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** कहते हैं कि हालात से नहीं, हौसलों से उड़ान होती है। इसे सच कर दिखाया है रुदौली तहसील के खैरनपुर गांव की शिवानी यादव ने। मजदूर पिता की इस बेटी ने यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा में 91.40 प्रतिशत अंक लाकर जिले में तीसरा स्थान हासिल किया है। शिवानी की इस कामयाबी से न सिर्फ उनके माता-पिता, बल्कि पूरे गांव में जश्न का माहौल है। शिवानी यादव पी.डी. टेक्निकल इंटर कॉलेज, खैरनपुर रुदौली में विज्ञान वर्ग की छात्रा हैं। 500 में 457 अंक लाने वाली शिवानी दो भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ी हैं। शिवानी के पिता राजकुमार यादव दिहाड़ी मजदूर हैं। खेतों में काम करके और मनरेगा में मजदूरी करके उन्होंने अपनी बेटी को पढ़ाया। घर की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद उन्होंने कभी शिवानी की किताबों पर आंच नहीं आने दी। शिवानी बताती हैं पापा सुबह छह बजे मजदूरी पर निकल जाते थे। मैं भी पांच बजे उठकर पढ़ाई शुरू कर देती थी। स्कूल से आकर चार घंटे सेल्फ स्टडी करती थी। बोर्ड परीक्षा के तीन माह पहले मोबाइल छूना बंद कर दिया था। कहती है मैं इंजीनियरिंग की डिग्री लेकर प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहती हूं। ताकि पापा जैसे मजदूरों के लिए कुछ कर सकूं। अफसर बनकर गांव की सड़क, स्कूल और अस्पताल सुधरवाऊंगी।

### सत्यम ने इंटर में हासिल किया जिले में पांचवां स्थान



शिवकली देवी स्मारक इंटर कॉलेज में जिले की मेरिट में आने वाले मेधावी सत्यम कुमार निषाद को मिठाई खिलाते प्रबंधक।

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** शिवकली देवी स्मारक इंटर कॉलेज सुबटहा रसूलाबाद के छात्र सत्यम कुमार निषाद ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिले के मेरिट लिस्ट में पांचवां स्थान प्राप्त किया। सत्यम ने 500 में 435 अंक हासिल किये। सत्यम के पिता तुलसीराम निषाद मजदूरी करते हैं व माता सुनीता देवी गृहिणी है। सत्यम कुमार ने बताया माता-पिता ने कठिन परिस्थितियों में शिक्षा के प्रति जागरूक किया और विद्यालय के गुरुजनों का अच्छा सहयोग रहा। प्रबंधक ध्रुव कुमार उपाध्याय, रेखा उपाध्याय, संतोष उपाध्याय, धर्मेंद्र तिवारी ने सत्यम को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

### आईएएस बन देश की सेवा करना चाहती है सृष्टि



**पूराबाजार, अयोध्या अमृत विचार :** राजबली स्मारक पब्लिक इंटर कॉलेज मडना की इंटरमीडिएट की छात्रा व कुशमाहा निवासी सृष्टि विश्वकर्मा ने 449 / 500 कुल 89.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की टॉप 10 सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया है। सृष्टि की सफलता पर कॉलेज के प्रबंधक रवि यादव प्रधानाचार्या प्रज्ञा यादव और प्रशासक डी पी तिवारी ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया है। सृष्टि ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम से सफलता अर्जित की जा सकती है। अपने पिता सत्यनारायण व अपनी मां विद्यावती को अपना आदर्श बताते हुए कहा कि कम संसाधनों में भी मुझे आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती रहती हैं। कहा भविष्य में आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती हूं।

### इंजीनियर बनना चाहती है सोनाली



छात्र सोनाली गुप्ता को मिठाई खिलाते परिजन व ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सरधा के प्रधानाचार्य पीएन सिंह।

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सरधा की इंटर की छात्रा सोनाली गुप्ता ने जिले की मेरिट में 10वां स्थान बनाकर परिवार विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। पूराबाजार के पुरखेपुर गांव निवासी सोनाली के पिता राकेश गुप्ता किसान और माता सीलम गुप्ता गृहिणी है। सोनाली ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 500 में से 445 अंक पाकर 89% अंकों के साथ जिले में नाम रोशन किया है। सोनाली ने बताया कि वह इंजीनियर बनना चाहती है। प्रतिदिन बिना कोचिंग के सात से आठ घंटे पढ़कर यह स्थान बनाया है। सोनाली ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, भाई-बहन, अध्यापकों और प्रधानाचार्य पीएन सिंह को दिया।

### एसएसवी के तरंग का जिले में सातवां स्थान



**अयोध्या।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से गुरुवार को जारी किए गए बोर्ड परीक्षा परिणाम में एसएसवी इंटर कॉलेज का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा है। हाईस्कूल में छात्र तरंग मिश्रा ने 94.67 प्रतिशत अंक पाकर जिले में सातवां स्थान पाकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। तरंग ने हासिल किया है। प्रधानाचार्य डॉ. मणिशंकर तिवारी ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में इस बार इंटर के 342 व हाई स्कूल के 328 छात्रों ने प्रतिभाग किया था। विद्यालय के 90 फीसदी से अधिक विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की है।

### प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहता है यश



**अयोध्या, अमृत विचार :** राम लखन यादव इंटर कॉलेज मीरमऊ के छात्र यश प्रताप सिंह ने इंटरमीडिएट की परीक्षा परिणाम जिले की 10वां स्थान हासिल किया है। मूल रूप से बाराबंकी जिले के हैदरगढ़ के निवासी कृषक पुत्र के बेटे यश प्रताप तहसील रुदौली के ग्राम अमराई गांव में अपने मामा सूर्यभान सिंह के यहां रहकर पढ़ाई कर रहा है। यश ने बताया कि उसकी इच्छा प्रशासनिक अधिकारी बनकर देश की सेवा करने की है।

### हाईस्कूल के टॉप 10 जिला टॉपर्स

| क्रम | नाम | स्कूल | प्राप्त अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आराध्या जायसवाल | कनौसा कॉन्वेंट, अयोध्या | 578/600 | 96.33 |
| 2. | प्राची पांडेय | कनौसा कॉन्वेंट, अयोध्या | 577/600 | 96.17 |
| 2. | अंबिका कसौधन | एमएस नाज इंटर कॉलेज सोहावल | 577/600 | 96.17 |
| 3. | अंश प्रताप सिंह | हाजी अमानत पब्लिक हाईस्कूल रुदौली | 575/600 | 95.83 |
| 4. | एकता गुप्ता | देवा इंटर कॉलेज उसरू, अमौना | 573/600 | 95.50 |
| 5. | अमितोष कुमार पाठक | शिवदयाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, अयोध्या | 572/600 | 95.33 |
| 5. | अदिति यादव | आरएसवाईएस इंटर कॉलेज रुदौली | 572/600 | 95.33 |
| 6. | परी तिवारी | कनौसा कॉन्वेंट स्कूल, अयोध्या | 569/600 | 94.83 |
| 6. | नंदनी तिवारी | देवा इंटर कॉलेज उसरू, अमौना | 569/600 | 94.83 |
| 6. | प्रशांत सिंह | ब्राइट कैरियर एकेडमी, ड्योढी | 569/600 | 94.83 |
| 7. | तरंग मिश्रा | एसएसएसवी इंटर कॉलेज, अयोध्या | 568/600 | 94.67 |
| 7. | आकृति यादव | देवा इंटर कॉलेज उसरू, अमौना | 568/600 | 94.67 |
| 7. | आयुष कुमार | बीआर पब्लिक इंटर कॉलेज, तहसीनपुर | 568/600 | 94.67 |
| 7. | रिया मौर्या | कौशल्या देवी इंटर कॉलेज, रसूलाबाद | 568/600 | 94.67 |
| 8. | अदिति सिंह | कनौसा कॉन्वेंट स्कूल, अयोध्या | 567/600 | 94.50 |
| 8. | अमन वर्मा | किरण इंटर कॉलेज, रामपुरसर्धा | 567/600 | 94.50 |
| 9. | अंजली यादव | कनौसा कॉन्वेंट स्कूल, अयोध्या | 566/600 | 94.33 |
| 9. | प्रशांत यादव | माधव सर्वोदय इंटर कॉलेज, अमौना | 566/600 | 94.33 |
| 9. | विमांश गुप्ता | बलदेव प्रसाद इंटर कॉलेज, गोसाईगंज | 566/600 | 94.33 |
| 10. | आस्था यादव | कनौसा कॉन्वेंट स्कूल, अयोध्या | 565/600 | 94.17 |
| 10. | रितेश कुमार | एसडीडीएम हायर सेकेंडरी स्कूल, मोतीनगर | 565/600 | 94.17 |
| 10. | सुशांत गुप्ता | देव विद्यालय इंटर कॉलेज, तरौली | 565/600 | 94.17 |
| 10. | अनुष्क रावत | गायत्री इंटर कॉलेज, अलीगंज | 565/600 | 94.17 |

### इंटर के टॉप 10 मेधावी

| क्रम | नाम | स्कूल | प्राप्त अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पल्लवी कौशल | श्रीलाला राम आदर्श इंटर कॉलेज, नरौली रुदौली | 472/500 | 94.40 |
| 2. | रिया सिंह | राज माधव श्री इंटर कॉलेज, जलालपुरमाफी | 461/500 | 92.20 |
| 3. | शिवानी यादव | पीडी. टेक्निकल इंटर कॉलेज, खैरनपुर रुदौली | 457/500 | 91.40 |
| 4. | रूपाली | श्रीलाला राम आदर्श इंटर कॉलेज, नरौली रुदौली | 455/500 | 91.00 |
| 5. | सत्यम कुमार निषाद | शिव काली देवी एस. इंटर कॉलेज, सुभता रसूलाबाद | 453/500 | 90.60 |
| 6. | सिद्धि श्रीवास्तव | कनौसा कॉन्वेंट, अयोध्या | 452/500 | 90.40 |
| 7. | अर्पिता मौर्या | आर्य कन्या इंटर कॉलेज, अयोध्या | 449/500 | 89.80 |
| 7. | सृष्टि विश्वकर्मा | राजबली स्मारक पब्लिक इंटर कॉलेज, मड़ना | 449/500 | 89.80 |
| 8. | प्रज्ञा विश्वकर्मा | यू. इंटर कॉलेज, संत नगर नवगवां | 448/500 | 89.60 |
| 9. | श्रेष्ठकर मिश्रा | हिंदू इंटर कॉलेज, रुदौली | 446/500 | 89.20 |
| 9. | मोहिनी वर्मा | जीडीआरएन जेवी इंटर कॉलेज, मीनापुर | 446/500 | 89.20 |
| 9. | यश प्रताप सिंह | श्रीराम लखन यादव इंटर कॉलेज, मीरमऊ रुदौली | 446/500 | 89.20 |
| 10. | सोनाली गुप्ता | ग्रामोदय इंटर कॉलेज, रामपुर सरधा | 445/500 | 89.00 |

### चिकित्सक बनकर लोगों की सेवा करना चाहती है रुपाली



श्रीलाला रामकुमार इंटर कॉलेज नरौली की विज्ञान वर्ग से इंटर की छात्रा रूपाली यादव ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में चौथा स्थान हासिल किया है। उसके पिता राम अभिलाष पेट्रोल पंप पर पर नौकरी करते हैं, मां गृहिणीं हैं। आर्थिक अभाव के चलते संघर्षों से जीने वाली रूपाली यादव चिकित्सक बनकर जरूरतमंदों की सेवा करना चाहती है।

### बहन की नोट्स से प्राची बनी टॉपर



हाईस्कूल की परीक्षा में जिले में दूसरी रैंक पाने वाली कनौसा की इंटर की छात्रा प्राची पांडेय अपनी सफलता का श्रेय बड़ी बहन राशि पांडेय को देती हैं। बताया कि बहन के नोट्स से ही पढ़ाई की। रानोपाली के फौजी कॉलोनी निवासी प्राची के पिता गोंडा कनकपुर के प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य हैं। मां होम लोन एजेंट हैं। प्राची का कहना है कि अभी उनका लक्ष्य सिर्फ 12वीं कक्षा में अच्छे नंबर प्राप्त करना है। उन्होंने अन्य बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि किसी को भी हिंदी व अन्य विषयों को हल्के में नहीं लेना चाहिए। ये सब विषय भी मैरिट बढ़ाते हैं।

### आईएएस बनना चाहती है अंबिका



एमएस नाज इंटर कॉलेज सोहावल की छात्रा अंबिका कसौधन ने जिले में संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उसे 96.17 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। उसके पिता सदगुरु प्रसाद गुप्ता व्यापार करते हैं जबकि मां राजकुमारी गृहिणी हैं। वह भविष्य में आईएएस बनकर देश सेवा करना चाहती है। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार व गुरुजनों को दिया। उसकी इस उपलब्धि पर स्कूल के डायरेक्टर राबिया खातून व प्रधानाचार्य विजय शंकर शुक्ला ने बधाई दी।

### अमितोष ने किया रामनगरी का नाम रोशन



रामनगरी के रायगंज मोहल्ले में रहने वाले अमितोष कुमार पाठक ने हाईस्कूल की परीक्षा में जिले में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। उसे पिता जय प्रकाश पाठक व्यवसायी व मां स्नेहलता निजी विद्यालय में शिक्षिका हैं। शिवदयाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र अमितोष का कहना है कि उसने विद्यालय के अलावा सेल्फ स्टडी कर सफलता पाई है। उसका सपना भविष्य में आईएएस अधिकारी बन देश सेवा करने का है। अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता, गुरुजन व बाबा मुनि प्रसाद व दादी पुष्पा पाठक को दिया।

### जीवन की हर परीक्षा में सफल हों



हाईस्कूल और इंटर के सभी मेधावी और सफलता पाने वाले सभी बच्चों को बहुत-बहुत बधाई। रिजल्ट की ये मिठास आपके पूरे जीवन बरकरार रहे। यह सिर्फ पहला पड़ाव है। आप सभी जीवन की हर परीक्षा में अपनी मेहनत और समझदारी से ऐसे ही सफल हो और चमकते रहो। उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं। **-रोली सिंह, अध्यक्ष, जिला पंचायत।**

### आपकी मेहनत ने दिखाया रंग



बच्चों आपकी मेहनत ने रंग दिखाया है। आज की इस सफलता से आपके सपनों को नई उड़ान मिले, यही शुभकामना है। यूपी बोर्ड परीक्षा की इस शानदार सफलता पर आप सभी को बधाई। अब मंजिलें और भी बड़ी हैं, हौसला यूं ही बनाए रखना। मेहनत करने से कभी पीछे मत हटना, क्योंकि मेहनत से सफलता मिलती है। **-गिरीश पति त्रिपाठी, महापौर, नगर निगम अयोध्या।**

### बच्चों और अभिभावकों को बधाई



हाईस्कूल व इंटर के सभी मेधावी और सफल बच्चों और उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई। आज आप सबकी मेहनत के परिणाम का दिन है। विशेषकर नारी शक्ति वंदन को चरितार्थ करने वाली बेटियों को जिन्होंने सफलता अर्जित कर अपनी मेधा का परिचय दिया। जो बच्चे किसी वजह से परीक्षा परिणाम में सफल नहीं हो सके वे निराश न हों। शिक्षकों व परिवारीजनों से मार्गदर्शन लें। मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ते हुए अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें। **- वेद प्रकाश गुप्ता, अयोध्या विधायक।**

### प्रदेश व देश का भी नाम रोशन करें



यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा में अपनी मेहनत से सफलता का परचम लहराने वाले सभी बच्चों को हार्दिक बधाई। आपने अपनी मेहनत से जिस तरह परिवार, विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है भविष्य में भी उसी तरह प्रदेश व देश का भी नाम रोशन करें, ऐसी मेरी कामना है। जिन विद्यार्थियों का परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं आया है, वे निराश न हों, दृढ़ संकल्प और परिश्रम के साथ आगे बढ़ते हुए अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें। **-रामचंद्र यादव, रुदौली, विधायक।**

### मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती



आप सबकी सफलता ने एक बार फिर ये साबित कर दिया कि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती। हाईस्कूल व इंटर मेधावी व परीक्षा में सफल हुए बच्चों को बधाई। जो बच्चे किसी वजह से असफल रह गये वो निराश न हों, शांत मन से अपनी कमियों पर मंथन कर उन्हें दूर करें और आगे बढ़ें। इस सफलता को अपनी ताकत बनाओ और आगे बढ़ो। शुभकामनाएं। **-राकेश कुमार, मंडलायुक्त।**

### मेहनत की स्याही से लिखी ये जीत



बच्चों, सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। आपने अपनी मेहनत की स्याही से ये जीत लिखी है। ये आपकी मंजिल नहीं उसका पहला पड़ाव है। अब सपनों की उड़ान भरने का वक्त है। बोर्ड परीक्षा में सफलता पर बहुत-बहुत बधाई। आप सब अपने निर्धारित लक्ष्य की ओर इसी तरह मेहनत करके आगे बढ़ें और सफल हों। जिला प्रशासन सदा आपके साथ हैं। **-शशांक त्रिपाठी, जिलाधिकारी।**

### मेहनत से खुद को किया साबित



किताबों से दोस्ती और मेहनत से यारी, तभी मिली ये सफलता प्यारी। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा पास करने वाले सभी बच्चों को हार्दिक बधाई। आज आपने अपनी मेहनत से खुद को साबित किया है। इसी लगन से अपना लक्ष्य पाना है। इस शानदार रिजल्ट के लिए बधाइयों का ताज आप सबके नाम। **-डॉ. पवन कुमार तिवारी, डीआईओएस।**

### असफल छात्रों के लिए बोर्ड का संदेश

- रिजल्ट गिर गया तो क्या हुआ, हौसला नहीं गिरना चाहिए। फेल होना मतलब खत्म होना नहीं, दोबारा दोगुनी ताकत से लड़ना है।
- थॉमस एडिसन 1000 बार फेल हुए तब बल्ब बना। तुम तो सिर्फ एक बार रुके हो, मंजिल अभी भी तुम्हारा इंतजार कर रही है। उठो, फिर से शुरू करो।
- मार्कशीट तुम्हारे नंबर बता सकती है, तुम्हारा टैलेंट नहीं। इस एक रिजल्ट से जिंदगी तय नहीं होती। अगली बार दुनिया तुम्हारी कामयाबी गिनेगी।
- नाकामयाबी वो सीढ़ी है जो कामयाबी तक ले जाती है। आज का आंसू कल की मुस्कान की कीमत है। खुद पर भरोसा रखो, जीत तुम्हारी होगी।

# हाईस्कूल में आदित्य और इंटर में प्रिया ने किया जिला टॉप

## हाईस्कूल में 58वां तो इंटरमीडिएट में जिले को मिला प्रदेश में 46वां स्थान

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश (यूपी बोर्ड) ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट गुरुवार को घोषित किया तो जिले के विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। हाईस्कूल में 96.83 प्रतिशत अंक पाने वाले आदित्य भूषण पांडेय ने जिला टॉप किया है। जबकि, इंटरमीडिएट में प्रिया मौर्या 94.60 प्रतिशत अंक पाकर जिला टॉपर बने हैं। हाईस्कूल के टॉपर आदित्य को प्रदेश की टॉप टेन सूची में छठवीं रैंक हासिल हुई है। हाईस्कूल में जिले को प्रदेश में 58वां तो इंटरमीडिएट में 46वां स्थान हासिल हुआ है।

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में इस बार कुल 40,068 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। परीक्षा में 37,922 विद्यार्थी शामिल हुए। इसमें 33,501 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए है। हाईस्कूल का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.34 है। इस हिसाब से जिले को प्रदेश में 58वां स्थान हासिल हुआ है। हाईस्कूल में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड कादीपुर सुलतानपुर के छात्र आदित्य भूषण पांडेय 96.83 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला टॉप किया है। आदित्य को प्रदेश की टॉप टेन सूची में छठवीं रैंक हासिल हुई है। आरडीएसपीआईबी सिंह इंटर कॉलेज मझवारा की छात्रा दीपांशी 96.50 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में दूसरा स्थान तो प्रदेश में आठवां स्थान हासिल किया है। जिले में तीसरे स्थान पर सरस्वती विद्या मंदिर कादीपुर की छात्रा प्रत्युशा मिश्रा 96.33 प्रतिशत अंक के साथ रही। प्रत्युशा को प्रदेश में नौवीं रैंक मिली है।



राधा रानी इंटर कॉलेज में रिजल्ट देखकर उत्साहित छात्राएं। ● अमृत विचार

वहीं, यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 36,835 पंजीकृत विद्यार्थियों में 35,019 ने परीक्षा दी थी। इसमें 28,129 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। जिले का उत्तीर्ण प्रतिशत 80.32 है और प्रदेश में जिले को 46वां स्थान मिला है। इंटरमीडिएट में संकट मोचन एसएसआईसी करिया बझना कूरेभार की छात्रा प्रिया मौर्या 94.60 प्रतिशत अंक पाकर जिला टॉप किया है। इसी विद्यालय की अर्पिता वर्मा 93.40 प्रतिशत अंक लाकर जिले में दूसरा स्थान हासिल किया है। तीसरे स्थान पर 93.20 प्रतिशत अंक पाकर संयुक्त रूप से सरस्वती विद्या मंदिर कादीपुर की छात्रा खुशी त्रिपाठी और श्यामा कुमारी बालिका इंटर कॉलेज पेमापुर की छात्रा छात्रा वंशिका रही।

परीक्षा परिणाम को लेकर सुबह से ही जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह और परीक्षा प्रभारी जितेंद्र दुबे अपनी टीम के साथ कार्यालय में लगे रहे। वहीं, विद्यालयों में भी परीक्षा परिणाम को लेकर जिम्मेदार चार बजे का इंतजार करते रहे। बच्चे भी रिजल्ट को लेकर उत्साहित दिखे।

### हाईस्कूल यूपी में जिले के टॉप थ्री मेधावी

| रैंक | नाम | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1. 6वीं | आदित्य भूषण पांडेय | 96.83% |
| 2. 8वीं | दीपांशी | 96.50% |
| 3. 9वीं | प्रत्युशा मिश्रा | 96.33% |

### आईएएस बनना चाहते हैं टॉपर आदित्य

**कादीपुर :** यूपी बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल के परिणाम में क्षेत्र के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड के छात्र आदित्य भूषण पांडेय ने 600 में से 581 अंक प्राप्त कर जहां प्रदेश में छठवां और जिले में पहला स्थान हासिल किया है। आदित्य भूषण के पिता शांति भूषण एवं माता शिवानी शिक्षक हैं। आदित्य भूषण अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को देते हैं। वे प्रतिदिन 10 घंटे अध्ययन करते हैं। भविष्य में आईएएस बनकर समाज सेवा करना चाहते हैं।

### आईएएस बनना चाहते हैं इंटर के टॉपर आदर्श

संकट मोचन इंटर कॉलेज करिया बझना की छात्रा व जिले की टॉपर प्रिया मौर्या के पिता शिवनंदन मौर्य किसान हैं। माता गृहिणी हैं। साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि के बावजूद प्रिया ने कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। प्रिया सिविल सर्विस के जरिए देश सेवा करना चाहती है। वहीं, विद्यालय प्रबंधक सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि विद्यालय के लिए यह अत्यंत गर्व और खुशी का विषय है। ग्रामीणांचल के बच्चे भी प्रदेश और जिले की मेरिट में स्थान हासिल किया है।

### कोई आईएएस तो किसी का इंजीनियर व डॉक्टर बनने का सपना

**सुलतानपुर टीम :** जयसिंहपुर के डी. हालमार्क वर्ल्ड साइंस इंटर कॉलेज बगिया चौराहा के प्रबंधक जय प्रकाश वर्मा ने बताया कि छात्रा शिवानी यादव ने 91.17 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान पाया है। अनामिका अग्रहरि 91 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में दूसरा स्थान हासिल किया है। एमजीएस इंटर कॉलेज की चेष्टा सारस्वत ने इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान हासिल किया है। चेष्टा को 87.3 प्रतिशत हासिल किया है। राधा रानी कुंवर कृष्ण इंटरमीडिएट कॉलेज, के हाईस्कूल (कक्षा 10) एवं इंटरमीडिएट (कक्षा 12) बोर्ड परीक्षा 2026 के परिणाम इस वर्ष अत्यंत गौरवपूर्ण रहे। विद्यालय ने 100 प्रतिशत परिणाम हासिल कर शिक्षा क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता एक बार फिर सिद्ध की है। हाईस्कूल वर्ग में नंदिनी तिवारी एवं प्रियांशी तिवारी ने 90.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं इंटरमीडिएट वर्ग में साक्षी शर्मा (85.8 प्रतिशत) अंकर पाकर टॉप किया है। विद्यालय के प्रबंधक संदीप कुमार ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। वहीं, मझवारा स्थित रामदुलारी शारदा प्रसाद इन्द्रभद्र सिंह इंटर कॉलेज की छात्रा दीपांशी मौर्या ने हाईस्कूल परीक्षा में 600 में से 579 अंक प्राप्त कर 96.50 प्रतिशत अंक के साथ जिले में दूसरा स्थान हासिल किया। दीपांशी, विकासखंड धनपतगंज के मझौवा गांव निवासी अमरनाथ मौर्या की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय और परिवार में खुशी का माहौल है। वहीं ऐंजर स्थित राजदेव शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज की छात्रा मुस्कान, पुत्री संतोष कुमार निवासी पूरे टीकाराम तिवारी (ऐंजर), ने हाईस्कूल परीक्षा में 600 में 563 अंक प्राप्त कर लगभग 94 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसी विद्यालय की इंटरमीडिएट छात्रा कुमारी मानवी ने 500 में 452 अंक प्राप्त कर 90.50 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अलावा पुरुषोत्तम सिंह इंटर कॉलेज, सिंघनी की छात्रा आरती मिश्रा ने हाईस्कूल परीक्षा में 94.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र में गौरव बढ़ाया।

### हाईस्कूल में जिले के टॉप थ्री



आदित्य (96.83%) दीपांशी (96.50%) प्रत्युशा मिश्रा (96.33%)

### इंटरमीडिएट में जिले के टॉप थ्री



प्रिया (94.60%) अर्पिता (93.40%) खुशी (93.20%) वंशिका (93.20%)

### हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी



शिवानी 91.17% अनामिका 91% नंदिनी 90.16%



आरती मिश्रा 94.05% मुस्कान, 94% वैष्णवी सिंह 94.17%



चेष्टा सारस्वत 87.02% मानवी, 90.50% सुनैना, 93% वैष्णवी 93%

## न्यूज ब्रीफ

### निरुद्ध वाहन अवमुक्त करने का कोर्ट का आदेश

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** चोरी की बाइक बरामदगी के बाद भ्रामक आख्या प्रस्तुत करने के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह की अदालत ने निरुद्ध वाहन को रिलीज करने का आदेश दिया। अधिवक्ता अब्बास अहमद खान ने कोर्ट में दलील दी कि चालान पत्र की फोटो वाहन स्वामी आमिल खान की नहीं, बल्कि कथित चोर की है और नम्बर प्लेट भी फर्जी है। इस पर कोर्ट ने वाहन मालिक के पक्ष में वाहन अवमुक्त करने तथा क्षेत्राधिकारी नगर को जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

### गुंगवाछ हत्याकांड में सुनवाई 2 मई को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अमेठी के बहुचर्चित गुंगवाछ हत्याकांड में गुरुवार को सुनवाई टल गई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट न्यायाधीश श्याम मोहन जायसवाल के न रहने से अगली सुनवाई के लिए 2 मई की तारीख नियत की है। अभियोजन के अनुसार 15 मार्च 2022 को अमेठी जनपद के ग्राम पूरे राजापुर, मौजा गुंगवाछ में जमीन विवाद के चलते पूर्व ग्राम प्रधान संकठा यादव, उनके पुत्र हनुमान उर्फ बजरंगी, अमरेश यादव तथा पत्नी नइका की निर्मम हत्या कर दी गई थी।

### जेल में निरुद्ध आरोपित को राहत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** विशेष न्यायाधीश श्याम मोहन जायसवाल एनडीपीएस ने 100 ग्राम स्मैक बरामदगी के आरोपी प्रिंस कुमार उर्फ अशोक कुमार को राहत देते हुए जमानत मंजूर कर ली है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता कवीन्द्र सिंह ने बताया कि गौरीगंज पुलिस के दरोगा रामकरन सिंह ने बीती 9 अप्रैल को गौरीगंज बस स्टैंड के निकट आरोपी के कब्जे से गलत तरीके से स्मैक बरामदगी दिखाकर गिरफ्तार किया था। साक्ष्यों और तर्कों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी की जमानत मंजूर ली है, जिससे आरोपी को राहत मिली है।

### एक्सईएन हत्याकांड में सुनवाई 5 मई को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जल निगम के अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की हत्या के मामले में पांच मई को सुनवाई होगी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि एडीजे द्वितीय राकेश पांडेय ने पंचायतनामा के गवाह दरोगा सुखदेव सिंह को जिरह के लिए तलब करने की अर्जी पर सुनवाई का आदेश दिया है। जल निगम के अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की 17 अगस्त 2024 को कोतवाली नगर के विनोवापुरी मोहल्ले में किराए के मकान में हत्या कर दी गई थी। मामले में जल निगम के सहायक अभियंता अमित कुमार शाह व एक अन्य प्रदीप राम आरोपित हैं।

# विजय नारायण हत्याकांडः 3 आरोपियों को तलब करने की अर्जी दाखिल



● कोर्ट ने सुनवाई के लिए 12 मई की तारीख नियत की

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** चर्चित प्रॉपर्टी डीलर विजय नारायण सिंह हत्याकांड में एडीजे प्रथम संध्या चौधरी की अदालत में तीन आरोपियों को तलब कर मुकदमा चलाने की याचिका पीड़ित पक्ष ने दी है। न्यायालय ने इस पर को सुनवाई के लिए 12 मई की तारीख नियत की है।

पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कि यह घटना 7 अप्रैल 2024 की शाम शहर के दरियापुर तिराहे पर हुई थी। इस मामले में अंबेडकर नगर जिले के शूटर अजय सिंह सिलावट के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हुई लेकिन नामजद अन्य आरोपियों पर पुलिस ने क्लीनचिट देते हुए अंतिम रिपोर्ट दाखिल की है। अजय सिंह सिलावट पर मुकदमा विचाराधीन है, जो इस समय रायबरेली जेल में बंद है। अभियोजन पक्ष के गवाह वादी मुकदमा सतीश नारायण सिंह ने अपनी गवाही में विनय तिवारी दीपक मिश्रा व एक अन्य की संलिप्तता भी बताई थी। गुरुवार को अर्जी दाखिल कर उन्हें भी मुकदमे में तलब कर ट्रायल करने की अर्जी दी है। अब 12 मई को अदालत में इस अर्जी पर महत्वपूर्ण सुनवाई होगी, जिस पर अदालत का निर्णय केस की दिशा तय करेगा। मामले में पुलिस ने अजय सिंह सिलावट के अलावा अन्य आरोपियों को क्लीन चिट देते हुए फाइनल रिपोर्ट दाखिल की है।

### जानलेवा हमले के आरोपी की जमानत खारिज, कोर्ट ने माना अपराध गंभीर

**संवाददाता, सुलतानपुर :** पान की गुमटी लगाने के विवाद में हुए जानलेवा हमले के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संध्या चौधरी की अदालत ने दूदीपुर गौरीगंज निवासी आरोपी एस.पी. तिवारी उर्फ विकास तिवारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। एडीजीसी पवन कुमार दूबे के मुताबिक थाना गौरीगंज (जनपद अमेठी) में दर्ज मुकदमे में आरोप है कि 11 नवंबर 2025 की शाम पान की दुकान लगाने को लेकर विवाद हुआ, जिसमें आरोपियों ने लोहे की रॉड, फरसा और कुल्हाड़ी से लैस होकर वादी अवधेश शर्मा और उसके परिजनों पर हमला कर दिया। घटना में वादी का हाथ टूट गया, जबकि उसके पुत्र सुनील के दोनों पैर तोड़ दिए गए और सिर में गंभीर चोटें आईं। अन्य परिजनों को भी गंभीर चोटें पहुंचीं।

### भाजपा एमएलसी केस में सुनवाई 4 को

● पूर्व खनन मंत्री के पुतला दहन से जुड़ा मामला

**संवाददाता, सुलतानपुर :** पूर्व खनन मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के पुतला दहन प्रकरण में गुरुवार को एमपी-एमएलए कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने सुनवाई नही हो सकी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 4 मई की तारीख नियत की है। विशेष लोक अभियोजक के मुताबिक अमेठी में दरोगा आनंद भूषण बेलदार द्वारा 25 फरवरी 2014 को मुकदमा दर्ज कराया गया था। विवेचना के बाद पुलिस ने एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ल सहित सात आरोपियों रश्मि सिंह, काशी प्रसाद, सुधांशु शुक्ल, वेद प्रकाश पाण्डेय, मानवेंद्र सिंह और सदाशिव पाण्डेय के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की थी। मामले मे अब आरोपियों के बयान दर्ज होने है।

### जेईई मेंस में सनबीम स्कूल के छात्र चमके



अयान खान 97.72% सौभाग्य 94.37% शांभवी 93.63% अभिनव 91.93%

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सनबीम स्कूल के विद्यार्थियों ने जेईई मेंस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जनपद का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष परीक्षा परिणाम में छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन का बेहतरीन परिचय दिया। विद्यालय के मेधावी छात्र अयान खान ने 97.71 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसके अलावा सौभाग्य श्रीवास्तव ने 94.37 प्रतिशत, शांभवी त्रिपाठी ने 93.63 प्रतिशत तथा अभिनव सिंह ने 91.93 प्रतिशत अंक हासिल कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। विद्यालय के प्रबंधक अनिरुद्ध गुप्ता एवं प्रधानाचार्या डॉ. शरणजीत कौर ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

# एटीएम फ्रॉड गैंग का पर्दाफाश, 3 बंदी

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कोतवाली नगर पुलिस ने चोरी और एटीएम धोखाधड़ी में संलिप्त अंतर्जनपदीय गिरोह के तीन शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक चारू निगम के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत सौरमऊ बाईपास सर्विस लेन के पास से इनकी गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मो. आकिब, मोहम्मद सारिफ और मोहम्मद फरहान के रूप में हुई है, जो प्रतापगढ़ जनपद के निवासी हैं। तीनों सुलतानपुर के विभिन्न थानों में दर्ज कई मामलों में वांछित चल रहे थे। पुलिस ने इनके पास से 9 एटीएम कार्ड, 24,400 रुपये नकद और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह एटीएम कार्ड बदलकर और धोखाधड़ी कर लोगों के खातों से रकम निकालता था। इनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार राय समेत पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।



पुलिस की गिरफ्त में तीनों शातिर। ● अमृत विचार

● नौ एटीएम कार्ड 24 हजार नकद व चोरी की बाइक बरामद

### दो निरीक्षक व पांच उप-निरीक्षक इधर से उधर

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत करने के लिए तबादला आदेश जारी किया है। दो निरीक्षक व पांच उपनिरीक्षकों के साथ एक कम्प्यूटर ऑपरेटर के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। निरीक्षक प्रेमचन्द्र सिंह को न्यायालय सुरक्षा से हटाकर पीआरओ बनाया गया, जबकि धर्मेन्द्र मिश्र को अपराध शाखा से न्यायालय सुरक्षा भेजा गया। उपनिरीक्षक रवीन्द्र सिंह को पीआरओ से जयसिंहपुर कोतवाली, अनिल सक्सेना को बल्दीराय सीओ कार्यालय से गोसाईगंज, यशवंत द्विवेदी को पुलिस लाइन से कादीपुर तैनाती मिली है। वहीं कैलाश यादव व मोहन लाल राणा को न्यायालय सुरक्षा में भेजा गया। अनुज कुमार शुक्ल को आईजीआरएस सेल की जिम्मेदारी दी गई है। सभी को तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सतीश मिश्रा अध्यक्ष तो प्रतीक श्रीवास्तव बने मंत्री

● रोडवेज कर्मचारी संघ का चुनाव संपन्न

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** उ.प्र. रोडवेज कर्मचारी संघ सुलतानपुर का वार्षिक चुनाव अयोध्या मंडल के चुनाव अधिकारी की देखरेख में बस स्टैंड स्थित हाल में संपन्न हुआ।

इस दौरान वर्कशॉप व डिपो के सभी कर्मचारियों तथा भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से पूर्व कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव प्रक्रिया में सतीश मिश्रा को अध्यक्ष और प्रतीक श्रीवास्तव को मंत्री पद पर आम सहमति से चुना गया। पूर्व कार्यशाला इंचार्ज एवं वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष बीसी शुक्ला ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को कर्तव्यनिष्ठा एवं संगठन के प्रति समर्पण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए परिचालक रेणु टंडन को कार्यसमिति सदस्य बनाने का प्रस्ताव रखा गया, जिसका सभी ने समर्थन किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिला संयोजक राकेश शर्मा एवं विशेष आमंत्रित अतिथि मदन सोनकर आदि मौजूद रहे।

**फूटा गुस्सा** | बहुजन अधिकार सेना ने उठाए गंभीर सवाल, सौंपा ज्ञापन, जिला पूर्ति अधिकारी व पूर्ति निरीक्षकों की संपत्तियों की जांच की उठाई मांग

# लाभार्थियों को नहीं मिल रहा पूरा खाद्यान्न, गैस वितरण में भी खेल

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सार्वजनिक वितरण प्रणाली और घरेलू गैस आपूर्ति में कथित अनियमितताओं को लेकर बहुजन अधिकार सेना ने बड़ा मुद्दा उठाया है।

संगठन के राष्ट्रीय प्रमुख सचिव एडवोकेट तिलकधारी गौतम के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पात्र लाभार्थियों को पूरा खाद्यान्न नहीं मिल रहा, जबकि वितरण अभिलेखों और वास्तविक आपूर्ति में बड़ा अंतर है। साथ ही गैस सिलेंडर वितरण में भी तय दर से अधिक वसूली की शिकायतें सामने आई हैं। संगठन ने जिला पूर्ति अधिकारी और संबंधित पूर्ति निरीक्षकों की संपत्तियों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। आरोप है कि पद का दुरुपयोग कर आय से अधिक संपत्ति अर्जित की गई है। ज्ञापन में विजिलेंस या स्वतंत्र एजेंसी से जांच, संबंधित अधिकारियों को हटाने और पूरे सिस्टम का ऑडिट कराने की मांग की गई है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यह मामला जनता के हित से जुड़ा है और इसमें पारदर्शिता जरूरी है। साथ ही सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई गई है।



ज्ञापन सौंपते बहुजन अधिकार सेना के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### वामपंथियों का लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमले का आरोप, सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता, सुलतानपुर :** संयुक्त वामपंथी मोर्चा ने लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन और जन आंदोलनों पर कथित दमन के खिलाफ आवाज बुलंद की है। जिला कमेटी की ओर से गुरुवार को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। मोर्चा ने आरोप लगाया कि प्रदेश में किसानों, मजदूरों और विपक्षी दलों के शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शनों पर रोक लगाई जा रही है, जबकि सत्ताधारी दल और कुछ संगठनों को खुली छूट दी जा रही है। ज्ञापन में खासतौर पर नोएडा में मजदूरों के आंदोलन का जिक्र करते हुए पुलिस कार्रवाई को अलोकतांत्रिक बताया गया। मोर्चा ने कहा कि मजदूर वेतन वृद्धि, आठ घंटे कार्यदिवस और बेहतर कार्य परिस्थितियों की मांग कर रहे थे, लेकिन उनकी आवाज दबाई गई। वामपंथी नेताओं ने मांग की कि शांतिपूर्ण आंदोलनों पर रोक न लगे, गिरफ्तार मजदूरों और नेताओं को रिहा किया जाए तथा फर्जी मुकदमे वापस लिए जाएं। साथ ही सरकार और श्रमिक संगठनों के बीच वार्ता कर समस्याओं का समाधान निकालने की अपील की गई। इस दौरान जिला मंत्री राधेश्याम वर्मा, विवेक विक्रम सिंह और सैफ अली समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपते वामपंथी मोर्चा के पदाधिकारी।


**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरे बीमा पालिसी नम्बर-22738243 में मेरा नाम प्रहलाद है तथा प्रहलाद यादव व प्रहलाद एक ही व्यक्ति का नाम है मुझे इसी दोनो नामो से जाना व पहचाना जाता है। **प्रहलाद यादव पुत्र लक्ष्मीनरायन शिवपुर महन्थ सहतूजोत परा. तह. उतरौला जिला-बलरामपुर**

**सूचना**

मेरा आधार कार्ड में नाम संतोष कुमार पुत्र देवी दयाल पता ग्राम सरौट पुखरायां भोगनीपुर कानपुर देहात अंकित है जो शुद्ध और सही है। मेरे इसी सही नाम संतोष कुमार पुत्र देवी दयाल को विधिक व विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। **संतोष कुमार पुत्र देवी दयाल पता- ग्राम सरौटा पुखरायां भोगनीपुर कानपुर देहात।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र सुधीश, पुत्रवधू पूनम और दूसरी पुत्रवधू रीमा से उनके गलत और असामाजिक व्यवहार और बेजा आचरण के चलते हर तरह के संबंध विच्छेदित कर लिए हैं। उन्हें चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनसे कोई सरोकार या वास्ता नहीं है। **ओम प्रकाश पुत्र राम औतार निवासी - ग्राम पीताम्बर पुर पोस्ट लालपुर सेकंड कानपुर देहात**

**सूचना**

मैने अपना नाम SHAIKH NIYAZ AHMED NOHAMED ALI से बदलकर NIYAZ AHMAD ABBASI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MOHD ALI ABBASI ADD-211P/Z/4D KASARI MASARI KARAILI SADAR GTB NAGAR ALLAHABAD PRAYAGRAJ-211016(U.P.)

**सूचना**

मैं अनीस अहमद (ANEES AHMAD) आयु लगभग 50 वर्ष पुत्र जहूर अहदम निवासी 475/42, सीतापुर रोड, शिया कालेज के पास, कदम रसूल, निराला नगर जिला -लखनऊ उ0प्र0-226020 का हूँ। मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य दस्तावेजों पर मेरा नाम अनीस अहमद (ANEES AHMAD) अंकित है एवं पासपोर्ट पर त्रुटिवश मोहम्मद अनीस अहमद (MOHAMMAD ANEES AHMAD) अंकित है। उक्त दोनों नाम मेरे ही हैं। भविष्य में मुझे अनीस अहमद (ANEES AHMAD) के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

मैं **श्रीकान्त मिश्र पुत्र राधेश्याम मिश्र निवासी डी-164 डी0एल0एफ0 गार्डन सिटी, रायबरेली रोड, जिला लखनऊ,** प्लाट संख्या SC2-11, डीएलएफ गार्डन सिटी लखनऊ की आवंटी शोभा मिश्रा की मृत्यु 24/02/2024 के उपरान्त उक्त प्लाट SC2-11 आलोक रंजन मिश्रा, आशुतोष मिश्रा के नाम हो रहा है। अगर किसी को आपत्ति हो तो 21 दिन के अन्दर सम्पर्क करें।

**सूचना**

मेरा पुत्र राज कुमार उर्फ पुष्पेन्द्र का आचरण मेरे व परिवार के प्रति सही नहीं है। इस लिये मैं अपने पुत्र को अपनी चल व अचल सम्पत्ती से बेदखल कर रहा हूँ। मेरे पुत्र का किसी भी व्यक्ति से लेन देन होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **विजय राजपूत पुत्र नाथूराम निवासी- नकरा, थाना-पनवाड़ी जिला महोबा उ0प्र0**

# इंटर में कोमल व हाईस्कूल में रुचि दूबे ने किया टॉप

## यूपी बोर्ड परीक्षा में एक बार फिर दिखा बेटियों का दबदबा, 91 फीसदी रहा जिले का ओवरऑल परीक्षा परिणाम



श्री कुंजबिहारी स्मारक इंटर कॉलेज में मेधावी छात्राओं के साथ स्कूल के शिक्षक। ● अमृत विचार



परीक्षा में सफलता हासिल करने के बाद प्रसन्नता जताते छात्र। ● अमृत विचार

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षा में एक बार फिर से बेटियों ने अपना दबदबा कायम रखा है। इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिले के किसान इंटर कॉलेज पिपरा इस्माइल की छात्रा कोमल वर्मा ने 92.80 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला टॉप किया है। कोमल को 500 में 464 अंक मिले हैं। वहीं हाईस्कूल में हरि कृष्ण ओझा इंटर कॉलेज परसा गोंडरी बालपुर की छात्रा रुचि दूबे 97 प्रतिशत अंक के साथ जिले में पहला स्थान हासिल किया है। रुचि को 600 में से 582 अंक मिले हैं। जिले की टॉपर होने के साथ ही रुचि को प्रदेश की टॉप टेन सूची में पांचवा स्थान मिला है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षा में जिले का ओवरऑल परीक्षा परिणाम 91 फीसदी रहा है जो पिछले वर्षों का अपेक्षा बेहतर है। हाईस्कूल की टॉप टेन की सूची में जिले के 15 मेधावी स्थान बनाने में सफल रहे हैं। वहीं इंटर की टॉप टेन सूची में 18 मेधावियों को स्थान मिला है। परीक्षा में सफल होने वाले बच्चों को आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल डीएम प्रियंका निरंजन, एसपी विनीत जायसवाल, सीडीओ अंकिता जैन व जिला विद्यालय निरीक्षक डा रामचंद्र ने बधाई दी है। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में इस वर्ष 50379 छात्र छात्राओं ने पंजीकरण कराया था। इसमें से 47318 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें से 43038 परीक्षार्थियों ने परीक्षा पास की। हाईस्कूल में ओवरऑल सफलता का प्रतिशत 91% रहा है। वही इंटरमें इस वर्ष 45626 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें से 43141 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। 38318 छात्रों को सफलता मिली। 88.82% परीक्षार्थी इंटर में सफल हुए हैं । इस सफलता से प्रदेश में इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिले को चौथा स्थान मिला है।

**हाईस्कूल की मेरिट में श्री कुंजबिहारी स्मारक इंटर कॉलेज का दबदबा :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल की परीक्षा में जिले के पंडरीकृपाल के सुभागपुर स्थित श्री कुंज बिहारी स्मारक इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों का दबदबा दिखा है। इस कॉलेज की पांच छात्राओं ने जिले की टॉप 10 मेरिट में स्थान हासिल किया है स्कूल के प्रबंधक माधव राज तिवारी ने बताया कि कालेज की छात्रा महिमा चौरसिया, शुभि तिवारी, प्रिंसी पाठक, श्रेया पाठक व मंताशा सिद्दीकी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जिले की टॉप टेन की सूची में स्थान प्राप्त किया है। वहीं शहर के रोजवुड इंटर कालेज के प्रखर गोस्वामी व ऋषभ शुक्ला भी टॉप टेन सूची में स्थान बनाने में कामयाब रहे हैं। कालेज के प्रबंधक अमित पांडेय ने दोनों मेधावियों को माला पहनकर और मिठाई खिलाकर उन्हें सम्मानित किया।




टॉप टेन सूची में शामिल प्रखर व ऋषभ को मिठाई खिलाते रोजवुड कालेज प्रबंधक अमित पांडेय। ● अमृत विचार

### हाईस्कूल के 6 मेधावियों को प्रदेश की टॉप टेन सूची में मिला स्थान

**गोंडा, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में हाईस्कूल में गोंडा के छह मेधावियों ने प्रदेश की टाप टेन सूची में जगह बनाई है। प्रदेश की हाईस्कूल की मेरिट में गोंडा के हरिकृष्ण ओझा इंटर कॉलेज परसा गोड़री की रुचि दूबे को पांचवां, मां जगदंबा ब्रह्मदेव इंटर कॉलेज हिलालपुर दुर्जनपुर के विमलेंद्र तिवारी को छठवां, श्री कुंज बिहारी स्मारक इंटर कॉलेज सुभागपुर पंडरीकृपाल की महिमा को सातवां, श्री कुंजबिहारी स्मारक इंटर कॉलेज सुभागपुर पंडरीकृपाल की शुभी तिवारी को नौवां, रोजवुड इंटर कॉलेज के प्रखर गोस्वामी व सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज इटियाथोक की रैना शुक्ला को दसवां स्थान मिला है।



परिजनों के साथ हाईस्कूल टॉपर रुचि दूबे। ● अमृत विचार

### डाक्टर बनकर समाजसेवा करने का सपना

**गोंडा, अमृत विचार :** हाईस्कूल की परीक्षा में जिला टॉप करने वाली रुचि दुबे का सपना डॉक्टर बनकर समाज सेवा करने का है। रुचि के पिता हरिशंकर दूबे इंटर कॉलेज में शिक्षक हैं। उसका एक छोटा भाई है जो कक्षा 9 मे पढ़ाई कर रहा है। अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को देते हुए रुचि ने बताया कि भविष्य मे वह डॉक्टर बन कर समाज सेवा करना चाहती है। रुचि की सबसे पसंदीदा विषय हिंदी है। पिता हरि शंकर दूबे का कहना है कि रुचि की लेखनी बहुत ही अच्छी है।

### बढ़ाया मान



कोमल वर्मा।



रुचि दूबे।



विमलेंद्र तिवारी।



महिमा चौरसिया।



शुभि त्रिपाठी।



प्रखर गोस्वामी।

### हाईस्कूल की टॉपर्स लिस्ट

| क्रं सं | नाम | प्राप्तांक | प्रतिशत | स्कूल का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रुचि दूबे | 582 | 97% | हरि कृष्ण ओझा इंटर कालेज परसा गोंडरी बालपुर |
| 2- | विमलेंद्र तिवारी | 581 | 96.83. | मां जगदंबा ब्रह्मदेव इंटर कॉलेज हिलालपुर दुर्जनपुर |
| 3- | महिमा | 580 | 96.67 | श्री कुंज बिहारी स्मारक इंटर कॉलेज सुभागपुर पंडरीकृपाल |
| 4- | शुभि तिवारी | 578 | 96.33 | श्री कुंज बिहारी स्मारक इंटर कॉलेज सुभागपुर पंडरीकृपाल |
| 5- | प्रखर गोस्वामी | 577 | 96.17 | रोजवुड इंटर कॉलेज रानीपुरवा जानकी नगर |
| 5- | रैना शुक्ला | 577 | 96.17 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज इटियाथोक |
| 6- | ऋषभ शुक्ला | 575 | 95.83 | रोजवुड इंटर कॉलेज रानीपुरवा जानकी नगर |
| 6- | प्रिंसी पाठक | 575 | 95.83 | श्री कुंजबिहारी स्मारक इंटर कॉलेज सुभागपुर पंडरीकृपाल |
| 7- | विद्या शुक्ला | 574 | 95.67 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज इटियाथोक |
| 7- | मंतशा सिद्दीकी | 574 | 95.67 | श्री कुंजबिहारी स्मारक इंटर कॉलेज सुभागपुर पंडरी कृपाल |
| 8- | श्रेया पाठक | 573 | 95.50 | श्री कुंज बिहारी इंटर कॉलेज सुभागपुर पंडरी कृपाल |
| 9 - | खुशी मिश्रा | 572 | 95.33 | डीबीएमएचएस गर्ल्स स्कूल करनैलगंज |
| 9- | सृष्टि श्रीवास्तव | 572 | 95.33 | श्री चित्रगुप्त इंटर कॉलेज करनैलगंज |
| 9- | नंदन शुक्ला | 572 | 95.33 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज इटियाथोक |
| 10- | अल्फिशा | 571 | 95.17 | डीबीएमएचएस गर्ल्स कॉलेज करनैलगंज |

### इंटरमीडिएट की टॉपर्स लिस्ट

| क्रं सं | नाम | प्राप्तांक | प्रतिशत | स्कूल का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1- | कोमल वर्मा | 464 | 92.80 | किसान इंटर कॉलेज पिपरा स्माइल |
| 2- | आराधना सिंह | 463 | 92.60 | सुभाष इंटर कॉलेज उमरी बेगमगंज |
| 3- | अभिषेक तिवारी | 462 | 92.40 | अवध बाल इंटर कॉलेज मोहना |
| 4- | आस्था सोनी | 461 | 92.20 | किसान इंटर कॉलेज पिपरा इस्माइल |
| 4- | ऋतिक शुक्ला | 461 | 92.20 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मालवीय नगर |
| 5- | अंकित यादव | 456 | 91.20 | ज्ञानदीप एकादमी सकदरपुर बभनान |
| 6- | प्रियांशी यादव | 455 | 91.00 | वलीउद्दीन इंटर कॉलेज तेजपुर भोपतपुर |
| 6- | प्रिंस कुमार | 455 | 91.00 | राम लखन शुक्ला स्मारक इंटर कॉलेज बखरौली छपिया |
| 7- | हर्षित मिश्रा | 454 | 90.80 | एसडीएवी इंटर कॉलेज वजीरगंज |
| 7- | संगीता वर्मा | 454 | 90.80 | एपीसी इंटर कॉलेज दौलतपुर ग्रांट |
| 8- | सार्थक मिश्रा | 453 | 90.60 | एसडीएवी इंटर कॉलेज वजीरगंज |
| 8- | नमन मिश्रा | 453 | 90.60 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज इटियाथोक |
| 8- | शगुन शुक्ला | 453 | 90.60 | सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज इटियाथोक |
| 9- | रिशु तिवारी | 452 | 90.40 | राजकीय इंटर कॉलेज गोंडा |
| 9- | सूरज मौर्य | 452 | 90.40 | सत्येंद्रनाथ सुनील कुमार इंटर कॉलेज छपिया |
| 10- | सना नूरी | 451 | 90.20 | किसान इंटर कॉलेज पिपरा स्माइल |
| 10- | आकाश पांडेय | 451 | 90.20 | जनता इंटर कॉलेज कौड़िया बाजार |
| 10- | आफियान अहमद | 451 | 90.20 | हरि कृष्ण ओझा इंटर कॉलेज परसा गोंडरी |

## राम मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए अयोध्या के मेयर

**गोंडा, अमृत विचार:** बेलसर ब्लॉक के माधवपुर ग्राम पंचायत के गजाधर पुरवा में गुरुवार को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अयोध्या के मेयर गिरीशपति त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। आयोजक बालक राम तिवारी ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया।व्यवस्थापक अतुल शुक्ला ने बताया कि विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्रीराम की मूर्ति की स्थापना की गई। पूरे आयोजन के दौरान अखंड श्रीराम नाम का जाप चलता रहा, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर विद्या भूषण तिवारी, विद्या सागर तिवारी, माधवराज तिवारी, ईश्वर दत्त ओझा, मिंटू ओझा, केदार नाथ तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया।

## आमने-सामने भिड़ीं बाइक, दो गंभीर

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** गोंडा-बलरामपुर हाईवे पर गुरुवार की सुबह तारी गांव के निकट दो बाइकों में आमने सामने की भिड़ंत हो गई। जिसके चलते दोनों बाइक के सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।के परसिया गूदर गांव निवासी कौशल कुमार पांडे (28) बाइक से गोंडा की तरफ जा रहे थे।इसी दौरान पुलिस लाइन बलरामपुर में तैनात सिपाही मनोज कुमार गुप्ता (35) अपनी बाइक से बलरामपुर जा रहे थे। बताया जाता है हाईवे पर दोनों बाइकों में आमने सामने की भिड़ंत हो गई। जिसके चलते दोनों घायल हो गए।

## हादसे में महिला की मौत, पति घायल

तरबगंज गोंडा

**अमृत विचार:** वजीरगंज थाना क्षेत्र के रमचेरापुर गांव के पास एक ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार दंपति को ठोकर मार दी। इस हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि उनका पति गंभीर रूप से घायल हो गया।

मृतका की पहचान तरबगंज थाना क्षेत्र के भानपुर गांव के मजरा परसुराम पुरवा निवासी नीतू प्रजापति के रूप में की गई है।

परिजनों के मुताबिक अशोक प्रजापति अपनी पत्नी नीतू के साथ बृहस्पति को दोपहर में बाइक रिश्तेदारी मे जा रहे थे। वह वजीरगंज थाना क्षेत्र के दुर्जनपुरघाट बालेश्वरगंज मार्ग पर रमचेरापुर के पास पहुचे ही थे कि तेज रफ्तार अनियंत्रित टैक्टर ट्राली ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनो पति पत्नी सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची वजीरगंज पुलिस ने घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वजीरगंज भिजवाया जहां डाक्टरों ने नीतू को मृत घोषित कर दिया।

अशोक की हालात देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक वजीरगंज ने बताया की शव को पोस्टमार्टम में भेजा गया है और चालक टैक्टर ट्राली लेकर फरार हो गया है जिसकी तलाश की जा रही है।

व्यवस्था | घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत पर प्रशासन सख्त

# तहसीलवार अधिकारियों की तैनाती

संवाददाता गोंडा

- बुकिंग के बाद भी सिलेंडर न मिलने की बढ़ीं शिकायतें
- सुबह 10 से शाम 6 बजे तक पूर्ति कार्यालय में मौजूद रहेंगे नामित कर्मचारी

**अमृत विचार :** जनपद में घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत और उपभोक्ताओं की लगातार बढ़ती शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। गैस एजेंसियों की उदासीनता पर नाराज प्रशासन ने अब तहसीलवार अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी तय कर दी है, जो सीधे उपभोक्ताओं से संपर्क कर उनकी शिकायतों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करेंगे।

इसके साथ ही शिकायतों के निस्तारण के लिए विस्तृत चार्ट भी जारी किया गया है, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

जारी आदेश के अनुसार सदर तहसील में सुरेश कुमार (वरिष्ठ सहायक), सत्येंद्र कुमार (वरिष्ठ सहायक) तथा रवि कुमार कश्यप (पूर्ति लिपिक) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। तरबगंज तहसील क्षेत्र के लिए करण त्रिपाठी (कनिष्ठ सहायक), महेंद्र प्रताप सिंह (सचिव) और मुन्नी देवी (पूर्ति लिपिक) को तैनात किया गया है। मनकापुर तहसील में धनश्याम निषाद (ग्राम पंचायत अधिकारी) और चंद्र प्रकाश (पूर्ति लिपिक) को जिम्मेदारी दी गई है, जबकि कर्नलगंज तहसील में मनोज गुप्ता (सचिव), शिवनोद कुमार (वरिष्ठ सहायक) और मनोज कुमार (पूर्ति निरीक्षक) को नामित किया गया है। निर्देशों के मुताबिक सभी नामित अधिकारी और कर्मचारी प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक जिला पूर्ति कार्यालय में उपस्थित रहेंगे और उपभोक्ताओं से सीधे संपर्क स्थापित कर उनकी शिकायतों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करेंगे। साथ ही प्राप्त शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज करना और उनके समाधान की प्रगति का नियमित रिकॉर्ड रखना भी अनिवार्य किया गया है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ेगा और सभी को अपना मोबाइल फोन हर समय चालू रखना होगा, ताकि शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा सके। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिला पूर्ति अधिकारी कुंवर दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर की समस्या को देखते हुए यह विशेष व्यवस्था लागू की गई है, जिससे उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।

## पत्रकार रमेश पांडेय के पिता का निधन

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार:** हिंदी दैनिक समाचार पत्र अमृत विचार के करनैलगंज के पत्रकार रमेश पांडेय के पिता राम कैलाश पांडेय (75) का हृदयगति रुकने से बुधवार रात निधन हो गया। छतईपुरवा सकरौरा ग्रामीण निवासी राम कैलाश पांडेय सामाजिक और धार्मिक कार्यों में हमेशा रुचि रखकर गरीबों की सेवा करते थे। उनके निधन की खबर मिलते ही उनके आवास पर लोगों का तांता लग गया। उनके बेटे रमेश ने बताया कि एक माह पहले अचानक वह बीमार पड़ गए थे। उन्हें गोंडा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद हालत में सुधार हो गया था। बुधवार को उनका निधन हो गया। उनके निधन पर कुंवर शारदेन सिंह, पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह, विधायक अजय कुमार सिंह, पत्रकार शिवानन्द जायसवाल, अजीत प्रताप दीक्षित, जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं अमृत विचार परिवार के अरुण कुमार मिश्र, उमानाथ तिवारी, शिव अंकम ओझा सहित अन्य पत्रकारो, क्षेत्र के तमाम नेताओं, अधिकारियों, पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है।



रामकैलाश पांडेय (फाइल फोटो)

## नाले में मिला तीन दिन से लापता युवक का शव

**गोंडा, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के सेमरा कॉलोनी में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक नाले में युवक का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान रानी बाजार निवासी पिंटू वाल्मीकि( 32 ) के रूप में हुई है, जो तीन दिनों से लापता था। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

बताया जा रहा है कि पिंटू बीती 20 अप्रैल को घर से काम पर जाने के लिए निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चता तो परिजनों ने उसी दिन नगर कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद से पुलिस भी उसकी तलाश में जुटी हुई थी।

इसी बीच सेमरा कॉलोनी के नाले में एक शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया, जिसकी पहचान पिंटू के रूप में हुई। शव मिलने की जानकारी से परिवार में मातम पसर गया। बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया।परिजनों ने आशंका जताई है कि पिंटू की हत्या कर शव को नाले में फेंका गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है। नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है, ताकि घटना का जल्द से जल्द खुलासा किया जा सके।



पिंटू वाल्मीकि (फाइल फोटो)

## विधायक आवास पर गूंजा भागवत का ज्ञान परीक्षित कथा से मिला धर्म का संदेश




विधायक प्रतीक भूषण व रमापति शास्त्री को सम्मानित करते नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह। ● अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** कस्बे के पड़ाव मोहल्ले में मनकापुर विधायक आवास पर चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव में दूसरे दिन बुधवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। आयोजन स्थल भक्ति संगीत, पूजा-अर्चना और कथा श्रवण से पूरी तरह आध्यात्मिक वातावरण में सराबोर रहा। कार्यक्रम में गोसाईगंज विधायक अभय सिंह और गोंडा सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह विशेष रूप से शामिल हुए। दोनों जनप्रतिनिधियों ने मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री के साथ व्यास पीठ की आरती उतारी और परिक्रमा कर कथा व्यास का आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा व्यास डॉ. संत शरण त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें भगवान श्रीरामलला एवं बांके बिहारी का चित्र भेंट किया। इसके पश्चात उन्होंने श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत राजा परीक्षित का प्रेरणादायक प्रसंग सुनाया। कथा के विश्राम पर मुख्य यजमान भाजपा प्रदेश परिषद सदस्य बाबूलाल शास्त्री ने अपनी पत्नी सीता देवी के साथ व्यास पीठ की आरती उतारी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष इकबाल बहादुर तिवारी, अमर किशोर बमबम, मनकापुर विधायक प्रतिनिधि वेदप्रकाश दूबे, रवी श्रीवास्तव, चंदन श्रीवास्तव, आशीष शास्त्री, सतीश शास्त्री, विजय यादव, सूर्यलाल दूबे, जनार्दन प्रसाद तिवारी, बाबी सिंह चौहान, अनूप सिंह, विवेक पांडे, विवेक तिवारी, इलियास प्रधान, अभिषेक सिंह अंकित, पिंकू शुक्ला, गिरजेश त्रिपाठी 'लल्लू', रतनदेव तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अवधेश सिंह की पुण्यतिथि पर कवि सम्मेलन आयोजित



काव्य पाठ करते कवि। ● अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** प्रख्यात सामाजिक, राजनीतिक व साहित्यिक व्यक्तित्व नेता अवधेश सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में चचरी बाजार में विराट कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ हुई। संचालन विकास सिंह बौखल व याकूब सिद्दीक़ी अज़्म व उस्ताद मुजीब सिद्दीक़ी ने क्रमशः अध्यक्षता की। आयोजक एवं संयोजक योगेश प्रताप सिंह राजू ने अतिथियों का स्वागत किया। सतना मध्यप्रदेश से आईं कवयित्री कृपा संगम ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कृष्ण कुमार सिंह दीप, मुजीब सिद्दीक़ी, विकास बौखल, कवयित्री कृपा संगम, सगीर सिद्दीक़ी, ज्योतिमा शुक्ला रश्मि, अभिषेक श्रीवास्तव, रशीद माचिस और राजू दुर्रानी ने रचनाएं प्रस्तुत की। इस अवसर पर योगेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह, त्रिलोकी नाथ तिवारी एडवोकेट, कौशलेंद्र सिंह प्रधान प्रतापपुर, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, देवेन्द्र सिंह, दिग्गज पाण्डेय, अजय मिश्रा अज्जू, जितेन्द्र सिंह, रोहित सिंह, डॉ. आशीष वीरेन्द्र गोस्वामी, हरदेव सिंह, अवधेश सिंह, दिलीप सिंह, सत्येन्द्र सिंह, पंकज श्रीवास्तव, मेराजुद्दीन, मनोज सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## धरना पर रोक को लेकर वामपंथी दलों ने सौंपा ज्ञापन

**गोंडा, अमृत विचार :** वामपंथी लोकतांत्रिक मोर्चा ने प्रदेश में जन आंदोलनों पर कथित सरकारी दमन को लेकर गहरी चिंता जताई है। मोर्चा के प्रतिनिधियों ने 9 सूत्री मांगों का ज्ञापन राज्यपाल को अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार के माध्यम से भेजा है।। सत्यनारायण त्रिपाठी ने कहा कि जिले में किसानों, मजदूरों, विपक्षी दलों और सामाजिक संगठनों को शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन, सभा और जुलूस की अनुमति नहीं दी जा रही है जबकि सत्तारूढ़ दल और अन्य संगठनों को बिना अनुमति कार्यक्रम करने की छूट दी जाती है। माकपा जिला सचिव कौशलेंद्र पांडेय ने मांग की कि प्रदेश में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शनों पर रोक न लगाई जाए और प्रशासनिक भेदभाव समाप्त किया जाए। नोएडा सहित अन्य स्थानों पर श्रमिक आंदोलनों पर दमन बंद कर मजदूरों की मांगों पर विचार किया जाए। साथ ही, घाघरा पुल के मरम्मत कार्य के चलते बढ़े यात्री किराए को देखते हुए अतिरिक्त पैसेंजर ट्रेनों के संचालन और इंटरसिटी एक्सप्रेस के इटियाथोक स्टेशन पर ठहराव की भी मांग उठाई गई।इस दौरान ईश्वर शरण शुक्ला (सीपीआई), जमाल खान (सीपीआईएमएल), दीनानाथ त्रिपाठी, अमित शुक्ला, राजीव कुमार, मन्नाराम, रविशंकर विश्वकर्मा, रमेश चौबे, रामगोविंद मिश्रा और रामपदारथ पांडेय सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रफीक बने सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव

**गोंडा, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद ने जिले के युवा नेता रफीक रैनी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है। रफीक रैनी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा दी गई जिम्मेदारी को वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे तथा जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखेंगे। इस मनोनयन पर सपा जिला अध्यक्ष अरशद हुसैन, पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह, पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे समेत कई नेताओं व कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई। सभी ने विश्वास जताया कि पार्टी को मजबूती मिलेगी और संगठन और सशक्त होगा।



## ब्लाक अध्यक्ष बने मोहित व विपिन महामंत्री



ब्लाक अध्यक्ष को बधाई देते संघ के जिलाध्यक्ष शरद कुमार सिंह व अन्य।

**गोंडा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के निर्देशन में गुरुवार को ब्लॉक सभागार रूपईडीह में शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी एवं संगठन विस्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों की भागीदारी के साथ संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यवेक्षक के रूप में अध्यक्ष बेलसर पुष्कर तिवारी एवं निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार की देखरेख में संगठन के विभिन्न पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न कराया गया। इसमें मोहित कुमार द्विवेदी को अध्यक्ष, विपिन यादव को महामंत्री तथा नितिन कनौजिया को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसी क्रम में राम मिलन को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, हीरा लाल, मंजू यादव, हर्षवर्धन, अंकित वर्मा एवं अरविन्द कुमार को संगठन मंत्री बनाया गया। वहीं किरन यादव, सूर्य प्रताप खरवार, कन्हैया विश्वकर्मा एवं मुकुंद खरवार को उपाध्यक्ष, सुमित कुमार को मीडिया प्रभारी तथा रवि कान्त, सोनू लाल, प्रविंद कुमार एवं अभिषेक मिश्रा को प्रचार मंत्री के पद पर निर्विरोध घोषित किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष शरद कुमार सिंह, जनपदीय कोषाध्यक्ष देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिलामंत्री आशीष द्विवेदी, मुजेहना के अध्यक्ष बलजीत कुमार वर्मा, परसपुर के अध्यक्ष कुलदीप सिंह, मंत्री आशुतोष द्विवेदी, कोषाध्यक्ष हरिशंकर त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी उमेश चन्द्र, संयुक्त मंत्री नरेन्द्र कुमार, इटियाथोक से कमल किशोर नरवरिया, मंत्री स्वामीनाथ उपाध्याय, मुजेहना के कोषाध्यक्ष रवि मिश्रा, उपाध्यक्ष शिव चन्द्र वर्मा सहित अन्य शिक्षक शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में संगठन की मजबूती एवं शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए सभी शिक्षकों ने एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# भावना यादव इंटर व अंशुमान गुप्त हाईस्कूल में टॉपर

## यूपी बोर्ड के परीक्षा परिणाम में बेटियों ने लहराया अपनी प्रतिभा का परचम, मेधावी छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे

संवाददाता, बलरामपुर



इंटर की जिला टॉपर के साथ खुशी मनाते सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज बलरामपुर के स्टाफ और सहपाठी।



बेहतर परिणाम आने के बाद खुशी मनातीं बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज की छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा गुरुवार शाम चार बजे हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित होते ही जिले में खुशी का माहौल बन गया। मेधावी छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे और विद्यालयों में जश्न जैसा वातावरण दिखाई दिया। इस वर्ष हाईस्कूल में 90.42 प्रतिशत तथा इंटरमीडिएट में 80.38 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल रहे, जिसमें छात्राओं का प्रदर्शन विशेष रूप से बेहतर रहा।

हाईस्कूल परीक्षा में कुल 26,01,381 परीक्षार्थियों में से 25,52,181 छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल की। जिले में भारतीय विद्यालय इंटर कॉलेज उतरौला के छात्र अंशुमान गुप्त ने 94.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में 24,86,072 परीक्षार्थियों में से 19,98,317 उत्तीर्ण हुए। बलरामपुर सिटी मोंटेसरी इंटर कॉलेज की छात्रा भावना यादव ने 91.60 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में टॉप किया और बेटियों का परचम लहराया।

इंटरमीडिएट परिणाम में इस बार ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों का खासा दबदबा देखने को मिला। टॉप-10 सूची में कुल 11 छात्र-छात्राओं ने जगह बनाई। इसमें श्रीरामतीर्थ चौधरी कन्या इंटर कॉलेज, गौर गुमड़ी के अमरजीत ने 91.20 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान, जबकि एचआरए इंटर कॉलेज उतरौला के मोहम्मद रेहान ने 90.80 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

एजी हाशमी इंटर कॉलेज सादुल्लाहनगर के धर्मेंद्र ने 90.20 प्रतिशत अंक पाकर चौथा स्थान हासिल किया।

इसके अलावा स्कॉलर्स एकेडमी की नैन्सी त्रिपाठी (88.80%), माही वर्मा (88.60%), डॉ. भीमराव अंबेडकर इंटर कॉलेज की सृष्टि सिंह (88%), ज्योति मिश्रा (87.60%), विजय गुप्त (87.40%) तथा तबस्सुम बानो और विवेक जायसवाल (87.20%) ने भी श्रेष्ठता सूची में स्थान बनाकर जिले का मान बढ़ाया।

परिणाम घोषित होते ही विद्यालयों में मेधावियों का सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य केपी यादव, एबी गुप्त व प्रबंधक अंसार अहमद ने छात्रों को मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### इंटरमीडिएट के टॉप टेन मेधावी

1- भावना यादव- बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज बलरामपुर-91.60%
2- अमरजीत- श्री राम तीरथ कन्या इंटर कॉलेज गौर गुमड़ी-91.20%
3- मोहम्मद रेहान- हर इंटर कॉलेज गांधीनगर उतरौला -90.80%
4- धर्मेंद्र- एजी हाशमी इंटर कॉलेज सादुल्लाह नगर-90.20%
5- नैंसी त्रिपाठी- स्कॉलर एकेडमी इंटर कॉलेज उतरौला-88.80%
6- माही वर्मा- स्कॉलर्स एकेडमी इंटर कॉलेज उतरौला -88.60%
7- सृष्टि सिंह- डॉ भीमराव अंबेडकर इंटर कॉलेज गुमड़ी उतरौला -88%
8- ज्योति मिश्रा- तुलसीपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज तुलसीपुर-87.60%
9- विजय गुप्ता-एजी हाशमी इंटर कॉलेज गांधीनगर उतरौला -87.40%
10- तबस्सुम बानो- एचआरए इंटर कॉलेज गांधीनगर उतरौला -87.20%
10- विवेक जायसवाल - ग्रामीण भारत इंटर कॉलेज हाशमी नगर मथुरा 87.20%

### हाईस्कूल के टॉप टेन मेधावी

1- अंशुमान गुप्ता- भारतीय विद्यालय इंटर कॉलेज उतरौला-94.67%
2- अनुभव मिश्रा- स्कॉलर एकेडमी इंटर कॉलेज उतरौला -94.33%
2- अरुण कुमार- स्कॉलर एकेडमी इंटर कॉलेज उतरौला-94.33%
3- सौरभ वर्मा- बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज बलरामपुर -93.83%
4- आयुष कसौधन - आरजीवीआईसी घोपतपुर गौरा चौराहा बलरामपुर -93.50%
5- वंदना वर्मा- हनुमान प्रसाद वर्मा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेहरा बाजार-93.33%
6- शिवम शुक्ला- बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज बलरामपुर-93.17%
6- आकाश वर्मा- सावित्री देवी रामसूरत इंटर कॉलेज सोनपुर गुमड़ी उतरौला-93.17%
7- रामकुमार- श्रीमती ननका देवी कन्धई वर्मा इंटर कॉलेज बैरिया सुरजनपुर -92.67%
8- प्रतिभा वर्मा- हनुमान प्रसाद वर्मा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेहरा बाजार -92.35%
9- संजय कुमार- बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज बलरामपुर-92.17%
10- खुर्शीद अहमद- हाजी ईस्माइल इंटर कॉलेज सादुल्लाह नगर -91.67%
10- शिवम दुसाध- हाजी ईस्माइल इंटर कॉलेज सादुल्लाह नगर -91.67%

# स्थानांतरण नीति पर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

**बलरामपुर, अमृत विचार :** अंतर्जनपदीय स्थानांतरण को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों का आक्रोश बुधवार को खुलकर सामने आया। शिक्षकों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी शिव नारायण सिंह को सौंपते हुए आकांक्षी जिलों से 50 प्रतिशत स्थानांतरण और वरिष्ठता आधारित नीति लागू करने की मांग की।

ज्ञापन में शिक्षकों ने कहा कि वर्तमान भारांक प्रणाली के चलते वर्षों से सेवा दे रहे वरिष्ठ शिक्षक अपने गृह जनपद नहीं पहुंच पा रहे हैं, जबकि कनिष्ठों को प्राथमिकता मिल रही है। इसे समानता के अधिकार के विरुद्ध बताते हुए उन्होंने बेसिक शिक्षा नियमावली 1981 के नियम-22 के तहत वरिष्ठता आधारित स्थानांतरण लागू करने की मांग उठाई। शिक्षकों ने बताया कि 2018 व 2020 में आकांक्षी जिलों से स्थानांतरण पर रोक रही और बाद में दिए गए आश्वासन भी पूरे नहीं हुए। 2023 के बाद से ट्रांसफर प्रक्रिया ठप है।

उन्होंने हर वर्ष मई में पारदर्शी ट्रांसफर प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। इस दौरान पायल, कल्पना, विकासकांत, हरिकेश, पूजा, कुसुम समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।



स्थानांतरण नीति पर प्रदर्शन करते शिक्षक। ● अमृत विचार

## डंपर की टक्कर से ट्रांसफार्मर व खंभे टूटे

**करनैलगंज, अमृत विचार :** डंपर की टक्कर से बिजली का खंभा और ट्रांसफार्मर टूट गया। मामले में अवर अभियंता ने डंपर चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 19 अप्रैल को सुबह लगभग 7 बजे लखनऊ रोड स्थित रामजीलाल के पेट्रोल पम्प के पास लगे 100 केवीए के विद्युत परिवर्तक ट्रांसफार्मर को एक वाहन चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर से ट्रांसफार्मर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और साथ ही दो विद्युत पोल तथा एबीसी केबिल भी टूटकर जमीन पर गिर गए।

# नाबालिग को बहलाकर भगा ले जाने का आरोप

नवाबगंज गोंडा

- तहरीर के आधार पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की बड़ी बहन ने थाने में तहरीर देकर गांव के ही तीन लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।
तहरीर में बताया गया है कि उसकी शादी हो चुकी है और वह पिछले करीब 12 दिनों से अपने मायके में रह रही थी। उसकी 15 वर्षीय नाबालिग छोटी बहन कस्बे के संचरही मोहल्ले में पहलवान वीर मंदिर के पास शशी पत्नी अखंड प्रताप सिंह के यहां पिछले 6 महीनों से रहकर पढ़ाई कर रही थी। वह भी पिछले 10 दिनों से अपने माता-पिता के घर पर रह रही थी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि गांव के ही शिवम निषाद उनके घर पर अक्सर आते-जाते थे। बीते मंगलवार को दिन में करीब 1 बजे वह उसकी नाबालिग बहन को शादी करने की नियत से बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। इस घटना में शिव नंदन पुत्र राम केवल और अमन की भी संलिप्तता बताई गई है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ अपहरण सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। नाबालिग की बरामदगी के लिए पुलिस की टीमें गठित कर दी गई हैं और उसकी तलाश जारी है।

# ईंधन संकट के खिलाफ सपा का पैदल मार्च




डीजल, पेट्रोल और गैस की किल्लत के विरोध में पैदल मार्च करते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**बलरामपुर अमृत विचार :** गैस सिलेंडर, पेट्रोल व डीजल की किल्लत व कालाबाजारी के विरोध में सपा कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च कर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट परिसर में एडीएम शिवनारायन सिंह को सौंपा।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि पिछले कई दिनों से जिले में गैस, पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति बाधित है जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। गैस सिलेंडर की बुकिंग के बाद भी उपभोक्ताओं को कई-कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। लोग सुबह से शाम तक लंबी कतारों में खड़े रहने के बावजूद खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। इसका असर मिड-डे मील और वैवाहिक कार्यक्रमों की भोजन व्यवस्था पर भी पड़ रहा है।

पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि भीषण गर्मी में आम लोग घंटों लाइन में खड़े हैं, जबकि रात के समय कथित रूप से बड़े पैमाने पर कालाबाजारी की जा रही है। पार्टी ने सभी पंपों पर मांग के अनुसार पेट्रोल-डीजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पर रोक लगाकर समयबद्ध वितरण कराने और दोषी पंप संचालकों व गैस एजेंसियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान गैसड़ी विधायक राकेश यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष परशुराम वर्मा, गणेश प्रसाद यादव, ओंकार नाथ पटेल, संजय यादव, इकबाल जावेद फ्लावर, विनय वर्मा, अरविंद चौधरी, विशाल श्रीवास्तव, वसीम खान, शैलेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## छात्रा को ब्लैकमेल करने की रिपोर्ट दर्ज

**करनैलगंज, अमृत विचार :** बीए की एक छात्रा ने ब्लैकमेलिंग और धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। छात्रा ने कहा है कि वह बीए की छात्रा है, लगभग छह महीने पहले उनकी मोबाइल पर रोनित मेहता नामक युवक निवासी पता अज्ञात से बातचीत शुरू हुई, जो बाद में दोस्ती में बदल गई। आरोप है कि युवक ने विश्वास जीतकर उनसे फोटो और वीडियो हासिल कर लिए। पीड़िता के अनुसार, पिछले करीब दस दिनों से आरोपी उसे ब्लैकमेल कर रहा है और फोटो-वीडियो को एडिट कर अश्लील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है। साथ ही आरोपी द्वारा पैसों की मांग की जा रही है और अपहरण तथा परिवार को बदनाम करने की धमकी भी दी जा रही है। छात्रा ने यह भी बताया कि आरोपी ने उसके पिता के मोबाइल नंबर पर आपत्तिजनक वीडियो भेजे हैं। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना और कार्रवाई कराई जा रही है।

सख्त तेवर

गैसड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डीएम ने किया औचक निरीक्षण

# गड़बड़ी पर फार्मासिस्ट को हटाने के निर्देश

संवाददाता, बलरामपुर



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैसड़ी का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और जनसुलभ बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैसड़ी का औचक निरीक्षण किया।
निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, दवा वितरण और मरीजों को मिल रही सुविधाओं का गहनता से जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने आभा आईडी निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि अधिक से अधिक मरीजों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा जाए। उन्होंने जन औषधि कक्ष, दवा वितरण, वार्ड, आयुष्मान कक्ष, टीकाकरण कक्ष व पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण किया।

औषधि कक्ष में स्टॉक रजिस्टर व इंडेंट व्यवस्था में गड़बड़ी मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए फार्मासिस्ट शिवाशरण को तत्काल हटाने और विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए। टीकाकरण कक्ष में एएनसी रजिस्टर को नियमित व सही ढंग से संधारित करने के निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर में बेहतर साफ-सफाई और यहां आने वाले मरीजों को समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए चेतावनी दी कि लापरवाही मिलने पर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सीडीओ हिमांशु गुप्ता, सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## लखनऊ एयरपोर्ट पर लगेज में लेटलतीफी

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के पार्सल विभाग की कथित लापरवाही से यात्रियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। खासकर दुबई से आने वाले यात्रियों को भारी किराया चुकाने के बावजूद समय पर उनका सामान नहीं मिल रहा है। कई यात्रियों को काउंटर पर यह कहकर लौटा दिया जाता है कि उनका लगेज बाद में घर भेज दिया जाएगा, लेकिन 15 दिन बीतने के बाद भी सामान नहीं पहुंच रहा। दुबई से लौटे मोहम्मद सईद और जावेद अहमद ने बताया कि रसीद पर दिए गए नंबरों पर संपर्क करने पर भी कोई जवाब नहीं मिलता।
यात्रियों का आरोप है कि एयरपोर्ट कर्मचारी सही जानकारी देने में भी विफल हैं, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ रही है। मामले को लेकर यात्रियों में आक्रोश है और उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर बांटे गऐ 500 जूट के बैग प्लास्टिक मुक्त शहर का दिया संदेश



फल विक्रेताओं को जूट का बैग वितरित करते रोटरी क्लब के सदस्य।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब बलरामपुर ग्रेटर के अध्यक्ष रोटेरियन आलोक श्रीवास्तव के नेतृत्व में शहर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। क्लब द्वारा फल विक्रेताओं और आमजन के बीच 500 जूट बैग वितरित किए गए, ताकि पॉलीथिन के उपयोग को कम कर जूट व कॉटन बैग अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा सके। मुख्य अतिथि असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन डॉ. देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि पृथ्वी दिवस केवल एक दिन का नहीं, बल्कि हर दिन मनाने की आवश्यकता है। इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों को भी जूट बैग देकर समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में रोटेरियन सरदार भूपेंद्र सिंह, संजय शर्मा दिलीप श्रीवास्तव, राजन अग्रवाल व समाजसेवी उपस्थित रहे।

## पहलगाम हमले के शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि




पहलगाम के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** क्रांतिकारी विचार धारा मोर्चा के तत्वावधान में रमना पार्क स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पहलगाम हमले में मारे गए पर्यटकों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। मोर्चा अध्यक्ष डॉ. राकेश चंद्रा ने कहा कि यह घटना देश की अस्मिता पर गहरा आघात थी। कार्यक्रम में विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा कि इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था, जबकि नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने समाज में एकता की आवश्यकता पर जोर दिया। वरिष्ठ भाजपा नेत्री साधना श्रीवास्तव ने कुटुंब प्रबंधन और धर्मपरायणता को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर डॉ. सतीश सिंह, मदन मोहन त्रिपाठी, संतोष शुक्ल, अजय मौर्य सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन साधना श्रीवास्तव ने किया और समापन शांति पाठ के साथ हुआ।

## जैव विविधता व नृजातीय वनस्पति पर संगोष्ठी आयोजित




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** एमएलके पीजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग, आईक्यूएसी एवं सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन गुरुवार को हुआ। संगोष्ठी में विभिन्न प्रांतों से आए शिक्षाविदों व शोधार्थियों ने "जैव विविधता और नृजातीय वनस्पति विज्ञान: पर्यावरण संरक्षण, रणनीतियां, सांस्कृतिक विरासत और सतत उपयोग" विषय पर चर्चा की। समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. जे.पी. तिवारी, विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन, आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. एस.पी. मिश्र व आयोजन सचिव डॉ. शिव महेंद्र सिंह ने किया। डॉ. तिवारी ने कहा कि नृजातीय वनस्पति विज्ञान पारंपरिक ज्ञान को संरक्षित करने का माध्यम है। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन ने बताया कि भारत की समृद्ध जैव विविधता और जनजातीय परंपराएं महत्वपूर्ण बनाती हैं। तकनीकी सत्र में इलाहाबाद व मिजोरम विवि के विशेषज्ञों ने ऑनलाइन व्याख्यान दिए।

## सीएमओ ने स्कूल कैंप का किया निरीक्षण



टीडी टीकाकरण कैंप का निरीक्षण करते सीएमओ। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद में चल रहे टीडी (टिटनेस-डिप्थीरिया) टीकाकरण अभियान के तहत अंजलिका अकादमी हाई स्कूल में आयोजित कैंप का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। कैंप में कुल 30 बच्चों को टीडी वैक्सीन लगाई गई। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के शिक्षक, स्वास्थ्यकर्मी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सीएमओ ने बच्चों व अभिभावकों को जागरूक करते हुए कहा कि टीडी टीका टिटनेस और डिप्थीरिया जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## जनगणना की तैयारियां तेज, प्रशिक्षण शुरू



जनगणना कार्मिकों को संबोधित करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनगणना-2027 के प्रथम चरण "मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना" को लेकर जनपद में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में सीएमएस इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय प्रगणक एवं सुपरवाइजर प्रशिक्षण का शुभारंभ जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिन डीएम ने प्रगणकों और सुपरवाइजर्स को जनगणना के महत्व, प्रक्रिया और उनकी जिम्मेदारियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला है, इसलिए सभी कार्मिक पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। डीएम ने बताया कि इस बार 7 मई से 21 मई 2026 तक स्वगणना की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, जिससे नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने आमजन को जागरूक करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण में डेटा संकलन, डिजिटल माध्यमों के उपयोग व सत्यापन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एसडीएम हेमंत गुप्ता सहित अन्य अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला उद्योग बन्धु की बैठक 28 को

**बहराइच, अमृत विचार :** उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र बहराइच ने बताया कि 28 अप्रैल को अपरान्ह 05 :00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु समिति एवं एमओयू से सम्बन्धित बैठक आहूत की गई है। उपायुक्त उद्योग ने जिले के उद्यमियों, व्यापारियों एवं निर्यातकों से अपेक्षा की है कि बैठक में समय से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से समिति को अवगत करायें।

### आज से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न का वितरण

**बहराइच, अमृत विचार :** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह मई में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 24 अप्रैल से 08 मई तक होगा। अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूं) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूं) का वितरण नि:शुल्क किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि 24 अप्रैल से 08 मई के मध्य अपने राशनकार्ड पर अनुमन्य नि:शुल्क खाद्यान्न सम्बन्धित उचित दर विक्रेता से प्राप्त कर लें।

### ई-रिक्शा व बाइक की भिड़ंत में दो घायल

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खैरीकला निवासी नूरमोहम्मद (26) गुरुवार को बाइक से बहराइच जा रहा था। इस दौरान उसके साथ बाइक पर खरगौरा निवासी चंद्रप्रताप (32) भी था। भिनगा-बहराइच मार्ग पर सोनवा थाना क्षेत्र के दिकौली मोड़ के निकट सामने से आ रहे ई रिक्शा से बाइक टकरा गई। इससे बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को एंबुलेंस से संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा पहुंचाया। यहां पर हालत गंभीर होने से नूर मोहम्मद को चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज बहराइच के लिए रेफर कर दिया।

### कार की टक्कर से दो युवक घायल

**बदला चौराहा (श्रावस्ती), अमृत विचार :** हरदत नगर गिरन्ट थाना क्षेत्र के ग्राम गलगलकोटिया निवासी कुलदीप (22) पुत्र रामसमुझ व अशोक कुमार (45) पुत्र देवतादीन एक ही बाइक से किसी कार्य से सोनवा क्षेत्र के तुलसीपुर बाजार गए थे। वहां से लौटते समय अडराई चौराहे के पास सामने से आ रही कार से बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

### भीषण आग से दो घरों की गृहस्थी राख

**इकौना (श्रावस्ती), अमृत विचार :** कटरा थाना क्षेत्र के ग्राम गणेशीजोत निवासी रामगोपाल के फूस के छप्पर में गुरुवार सुबह अज्ञात कारणों से आग लग गई। घर से आग की लपटें उठती देख परिजनों ने शोर मचाया और आग बुझाने की कोशिश शुरू की। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता आग ने पड़ोसी सुंदर के घर को भी अपने चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने आग लगने की सूचना पुलिस व फायर विभाग को दी।

# सीसीटीवी क्रियाशील रखें जाएं: जिलाधिकारी

## परीक्षा केन्द्र तारा गर्ल्स इण्टर कॉलेज का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

**होमगार्ड परीक्षा**

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा 25, 26 एवं 27 अप्रैल को प्रति दिन 02 पालियों में आयोजित होने वाली उप्र होमगार्ड के पदों पर एनरोलमेंट 2025 की लिखित परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जनपद में 10 परीक्षा केन्द्र नामित किये गये हैं। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह व अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पूजा चौधरी के साथ परीक्षा केन्द्र तारा गर्ल्स इण्टर कॉलेज का निरीक्षण कर परीक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।


कॉलेज का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व अन्य अफसर।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौजूद केन्द्र व्यस्थापक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम व एसपी ने निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्र पर सीसीटीवी क्रियाशील रखें जाएं तथा सभी महत्वपूर्ण चरणों की व्यवस्थित ढंग से वीडियोग्राफी करायी जाए। डीएम ने परीक्षा कक्ष में प्रकाश एवं परीक्षार्थियों के लिए पेयजल के माकूल बन्दोबस्त रखने के भी दिशा-निर्देश दिये।

**परीक्षा के मद्देनजर होटल संचालकों से किराया नियंत्रित रखने की अपील:** आगामी होमगार्ड भर्ती परीक्षा को देखते हुए जिला प्रशासन ने जनपद के सभी होटल एवं रिजॉर्ट संचालकों से बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों और उनके परिजनों को राहत देने की अपील की है। प्रशासन ने अपेक्षा की है कि ठहरने के लिए न्यूनतम एवं उचित किराया ही लिया जाए, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस संबंध में होटल रिजॉर्ट वेल्फेयर एसोसिएशन, बहराइच के उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता मनीष मल्होत्रा ने बताया कि प्रशासन की अपील के मद्देनजर एसोसिएशन द्वारा सभी संचालकों से सहयोग के लिए आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने की संभावना है, एसोसिएशन ने सभी होटल रिजॉर्ट मालिकान से अपेक्षा की है कि परीक्षा देने आ रहे अभ्यर्थियों एवं उनके परिजनों को रियायती दरों पर कमरे उपलब्ध कराए जाएं। किसी भी परिस्थिति में किराया बढ़ाकर ना लिया जाए। उन्होंने आग्रह किया कि जिला प्रशासन द्वारा की गई अपील को गंभीरता से लेते हुए सभी होटल एवं रिजॉर्ट संचालक पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ व्यवस्था सुनिश्चित करें। एसोसिएशन ने सभी सदस्यों से प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखते हुए अभ्यर्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। मल्होत्रा ने बताया कि होटल संचालकों ने इस मौके पर प्रशासन का पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया है।

### होमगार्ड भर्ती परीक्षा के लिए नामित सेक्टर मजिस्ट्रेटों में हुआ आंशिक बदलाव

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को प्रति दिन 02 पालियों में आयोजित होने वाली उ.प्र. होमगार्ड के पदों पर एनरोलमेंट 2025 की लिखित परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी अमित कुमार द्वारा अपरिहार्य कारणों से पूर्व में नामित 02 परीक्षा केन्द्रों के सेक्टर मजिस्ट्रों में बदलाव किया गया है। एडीएम द्वारा जारी संशोधित आदेश के अनुसार सरस्वती इण्टर कालेज रिसिया के लिए उपायुक्त श्रम रोज़गार रवि शंकर पाण्डेय के स्थान पर डीपीआरओ चन्द्रभान सिंह व महाराज सिंह इण्टर कालेज के लिए तहसीलदार महसी विकास कुमार के स्थान पर जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। इसी प्रकार रिजर्व अधिकारियों में जिला कृषि अधिकारी के स्थान पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को नामित किया गया है।

## सभी के सहयोग से होगा बाल श्रम मुक्त श्रावस्ती: डीएम


कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करतीं डीएम। अमृत विचार

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को डीएम अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में श्रम विभाग की समीक्षा बैठक हुई। इसमें डीएम ने जिला श्रम बंधु की बैठक सहित उप्र भवन एंव अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड से संचालित योजनाओं की समीक्षा की।

बैठक में उत्तर प्रदेश असंगठित कर्मकार कल्याण बोर्ड से संचालित ई-श्रम कार्ड से लिक्ंड योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना तथा लघु व्यापारी मानधन योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान व्यापार मण्डल के अध्यक्ष व सदस्यों से अपेक्षा की गई कि लघु व्यापारियों जो रेहडी पटरी, रिक्शा चालक, ठेला, सब्जी दुकान, गुमटी, फेरी वाले, नाई, चाय, फुटकर व्यापारी, बाइक मरम्मत, टेन्ट हाउस, मैरेज हॉल आदि स्थानों पर कार्य कर रहे लोग लघु व्यापारी मानधन योजना में पंजीयन कराएं। डीएम व सीडीओ शाहिद अहमद ने बाल श्रम मुक्त श्रावस्ती बनाने के लिए स्टीकर, पोस्टर, पम्पलेट का विमोचन किया। डीएम ने निर्देशित किया कि बाल श्रम मुक्त श्रावस्ती अभियान को समय समय पर चलाया जाए तथा सावधान स्टीकर को प्रत्येक दुकान पर अभियान चलाकर चस्पा कराया जाए। इस मौके पर सहायक श्रमायुक्त सन्तपाल, पीडी अश्विनी कुमार, उपायुक्त उद्योग सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बार बालाओं के डांस के दौरान हुई मारपीट, चार लोग घायल

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के रिसिया थाना क्षेत्र में स्थित लालपुर ग्राम में बार बालाओं के डांस के दौरान ग्राम के रहने वाले कुछ युवक उनके साथ नाचने लगे परिवार के लोगों की और से मना करने से नाराज होकर सभी ने लाठी डंडों से उनपर हमला कर दिया। जिसके चलते पिता पुत्र समेत चार लोग घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

लालपुर मीरामऊ ग्राम के रहने वाले माता प्रसाद के बेटे प्रभु का गौना था, उसी लेकर बुधवार को उनके परिवार के लोगों डांस कर कार्यकम आयोजित किया था। तभी देर रात ग्राम के ही रहने वाले हिरन व दीना नाथ के परिवार के युवक भी नाच देखने पहुंचे इस दौरान वो नर्तकियों के साथ नाचने लगे जिसके बाद जब परिवार के लोगों ने मना किया तो सभी ने लाठी डंडे से हमला के दिया। जिसके चलते मौके पर अफरा तफरी मच गई। हमले में माता प्रसाद उनका बेटा प्रभु, पत्नी शांति व बेटी पूजा घायल हो गई। सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


अस्पताल में भर्ती घायल।

वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि आपसी विवाद में मारपीट की सूचना मिली है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## बच्चों को लगाया गया टीडी-डीपीटी का टीका

पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में विशेष अभियान चलाकर वहां पढ़ने वाले बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सीएचसी प्रभारी डॉ धीरेंद्र तिवारी ने सख्त दिशा निर्देश जारी किए हैं। अगर कहीं से कोई अनियमितता मिली तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बीपीएम अनुपम शुक्ल ने बताया कि हर सत्र में 100-125 छात्राओं के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। 20-30 अप्रैल तक चलाए जाने वाले अभियान में टीडी (टेटनस डिप्थीरिया), डीपीटी (डिप्थीरिया, काली खांसी एवं टेटनस) के टीके लगाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि स्कूल आधारित विशेष टीडी/डीपीटी टीकाकरण अभियान अब अगला कैम्प 24, 27, 28 और 30 अप्रैल को संचालित होगा। बताया


बच्चों को टीका लगाते स्वास्थकर्मी। अमृत विचार

**अभियान**

कि अभियान के तहत पांच से छह वर्ष आयु के कक्षा एक में पढ़ने वाले बच्चे को डीपीटी (डिप्थीरिया परट्यूटिस टेटनेस) का टीका, 10 वर्ष आयु के कक्षा चार-पांच के बच्चे और 16 वर्ष आयु वर्ग के कक्षा 10-11 में पढ़ने वाले बच्चों को टीडी (टेटनस- डिप्थीरिया) के डोज दिए जाएंगे। बताया कि टीकाकरण शिविर स्कूलों एवं मदरसों में लगाए जाएंगे। वहीं अधीक्षक डॉ धीरेन्द्र तिवारी ने बताया क्षेत्र के स्कूल में अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं को वैक्सीन लगवाई जा रही है। यह टीका डिप्थीरिया, काली खांसी और टिटनेस से बचाव के लिए नियमित टीकाकरण किया जाता है।इस दौरान प्रधानाचार्या वर्षा गौतम , पवन कुमार स्वास्थ्य पर्यवेक्षक बीपीएम पयागपुर अनुपम शुक्ल उपस्थित रहे।

### गुथिया गांव में हुई लाखों रुपए की चोरी

**कैसरगंज (बहराइच), अमृत विचार।** कैसरगंज थाना अंतर्गत ग्राम गुथिया में बुधवार की रात अज्ञात चारों ने एक घर में घुसकर लाखों रुपए के नकदी जेवर व सामान चोरी कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अरविंद कुमार सिंह अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे।अज्ञात चोर घर के पीछे की दीवार फांदकर घर में घुस गए और कमरों की कुंडी खोलकर बक्से व अलमारी में रखा दो लाख रूपये से अधिक के जेवर और नगदी चोरी कर ले गए।घर वालों को जब देर रात इस घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला मय फोर्स के मौके पर पहुंचे।उन्होंने घर वालों से घटना की जानकारी ली तथा गहनता से जांच की।फोरंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। थाना अध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि तहरीर मिली है शीघ्र घटना का खुलासा किया जाएगा। 25 अप्रैल को अरविंद कुमार सिंह की भतीजी की शादी भी होनी है।

### स्कूल के बरामदे में मृत मिला हिरण

**कैसरगंज (बहराइच)।** कैसरगंज थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत गोड़हिया नंबर एक के जूनियर हाई स्कूल में एक हिरण मृत पाया गया। आशंका है कि रात किसी जंगली जानवर ने पानी की तलाश में भटक रहे हिरण पर हमला बोल दिया और वह अपनी जान बचाने के लिए जूनियर हाई स्कूल में पहुंच गया। जहां सुबह वह मृत पाया गया। ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस व वन विभाग को दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सुबह जानकारी मिली है। सफाई कर्मी को बुलाकर विद्यालय के साफ-सफाई करवा दी गई है। वन विभाग के कर्मचारी हिरण को अग्रिम कार्रवाई के लिए साथ ले गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में गेट व बाउंड्रीवाल न होने से हिरण विद्यालय के अन्दर पहुंच गया था।

### पहचान पत्र देखकर अधिवक्ताओं को ईंधन दें

**कैसरगंज (बहराइच)।** तहसील कैसरगंज में डीजल-पेट्रोल की कमी से प्रभावित हो रहे शासकीय कार्यों को लेकर उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा फैसला लिया है। बार एसोसिएशन कैसरगंज के अध्यक्ष, महामंत्री एवं अन्य अधिवक्ताओं द्वारा उठाए गए मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने तत्काल आदेश जारी कर दिया।उप जिलाधिकारी कैसरगंज ने निर्देश देते हुए कहा है कि क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंप संचालक शासकीय सेवाओं से जुड़े कार्मिकों तथा अधिवक्ता बंधुओं को उनके पहचान पत्र के आधार पर प्राथमिकता से डीजल व पेट्रोल उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी स्थिति में सरकारी कार्य बाधित नहीं होने चाहिए। गौरतलब है कि बार एसोसिएशन कैसरगंज ने ईंधन संकट के चलते न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्यों में आ रही दिक्कतों को प्रमुखता से उठाया था। अधिवक्ताओं ने बताया कि पेट्रोल-डीजल की अनुपलब्धता के कारण अदालत से जुड़े कार्य और अन्य शासकीय प्रक्रियाएं प्रभावित हो रही थीं।

## सीएमओ ने निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति परखने के लिए सीएमओ डॉ. अशोक कुमार सिंह ने गिलौला के आयुष्मान आरोग्य मंदिर कटहा व कटार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भवन मरम्मत, स्वच्छता, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता और बालिकाओं के टीकाकरण की स्थिति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर कटहा में सीएचओ सरिता पांडेय व कटार में सीएचओ रंजना राय उपस्थित मिलीं। सीएमओ को कटार केंद्र का भवन जर्जर मिला। यहां पेयजल की रनिंग वॉटर व्यवस्था और इनवर्टर-बैटरी भी खराब मिली। इस पर सीएमओ ने अधीक्षक गिलौला डॉ. दीपक शुक्ला को तत्काल मरम्मत कराने तथा परिसर में स्वच्छता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके बाद ग्राम भगवानपुर में आयोजित टीकाकरण सत्र (वीएचएसएनडी) का निरीक्षण किया। यहां एएनएम नीलम देवी उपस्थित मिलीं, जबकि आशा कार्यकर्ता लाभार्थियों को बुलाने गई थीं। निरीक्षण के दौरान वजन और ऊंचाई मापने वाली मशीनें खराब मिलीं। इस पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उपकरण ठीक कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही आरसीएच रजिस्टर उपलब्ध न होने और एमसीपी कार्ड अधूरे मिलने पर सीएमओ ने नाराजगी जताते हुए सभी आवश्यक लॉजिस्टिक समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



आयुष्मान आरोग्य मंदिर की जांच करते सीएमओ। अमृत विचार

## घर में घुसकर युवती के साथ हुई मारपीट, मामला दर्ज

जरवल रोड (बहराइच)

**अमृत विचार।** थाना जरवल रोड क्षेत्र के नासिरगंज झाऊपुरवा बांधा परगांव में एक युवती के साथ घर में घुसकर मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नेहा पुत्री रामलखन निवासी नासिरगंज झाऊपुरवा बांधा ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 17 अप्रैल 2026 को वह घर पर अकेली थी, जबकि उसके माता-पिता गेहूं काटने खेत गए थे। इसी दौरान गांव का ही अजय उर्फ शिवम उसके घर पहुंचा और पुरानी रंजिश को लेकर विवाद करने लगा। आरोप है कि अजय उर्फ शिवम ने युवती को धमकाते हुए कहा कि वह लोग उसकी जमीन पर बसे हैं और छप्पर हटाने की बात कही। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए युवती के साथ मारपीट की। शोर मचाने पर उसकी नानी धनपता मौके पर पहुंची और बीच-बचाव कराया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया।

पीड़िता ने यह भी बताया कि पहले भी खेत में बकरी जाने को लेकर आरोपी द्वारा विवाद और अभद्र व्यवहार किया जाता रहा है। इस मामले में थाना जरवल रोड पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**माल्ही चौराहा (श्रावस्ती), अमृत विचार।** विकास खंड जमुनहा के प्राथमिक विद्यालय रानीपुर में गुरुवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें सीएचसी मल्हीपुर की स्वास्थ्य टीम ने पंजीकृत 96 के सापेक्ष उपस्थित 65 छात्र छात्राओ का स्वस्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान छात्र छात्राएं की आंख, कान, गूंगा, बहरा, दांत, कटे होंठ, कते तालू, बुखार, खाज - खुजली व अन्य बीमारियों का स्वस्थ्य परीक्षण किया गया है। इस दौरान एमओ ज्योती माला जोशी, फिजिशियन लक्ष्मी शाहू, रामसती, ममता देवी, प्रधानाचार्य मुबारक व सफाई कर्मी गीता देवी आदि मौजूद रहीं।


बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करती टीम।

### हज के लिए चार हजयात्री हुए रवाना

**माल्ही चौराहा ( श्रावस्ती), अमृत विचार।** यूपी से हज यात्रा 2026 की शुरुआत हो चुकी है। इसी के क्रम में गुरुवार को माल्ही चौराहा निवासी गुलाम सरवर खान व उनकी पत्नी आसमुन निशा तथा पड़ोसी बहराइच जिले के थाना नवाबगंज के ग्राम चनैनी निवासी आसिफ खान व उनकी पत्नी हज के लिए रवाना हुई। जिन्हें परिवार व रिश्तेदारो ने नम आंखों विदा किया। हज यात्रा पर जाने वाले हजयात्रियों ने कहा कि उनके लिए बड़ा ही खुशकिस्मत का दिन है, जो आज उन्हें अल्लाह ने अपने घर का जियारत करने के लिए बुलाया है। इस दौरान कई अन्य लोग मौजूद रहे।

### विवरण पूर्ण कर पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त करें कृषक: विनय वर्मा

**बहराइच, अमृत विचार।** उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत तकनीकी एवं अभिलेखीय कमियों के कारण बड़ी संख्या में किसानों के किश्तों की धनराशि रोक दी गई है। श्री वर्मा ने बताया कि पूर्व भूमि स्वामी की अपूर्ण जानकारी होने के कारण 17325, विरासत के अलावा अन्य आधार पर भूमि के नामांतरण के कारण 2510 तथा एक ही भूमि पर दोहरा लाभ के मामले में 2515 कृषकों की किश्तें प्रभावित हुई हैं। श्री वर्मा ने सम्बन्धित कृषकों को सुझाव दिया है कि अपने नजदीकी जन सेवा केंद्र अथवा स्वयं से पीएम किसान पोर्टल पर उपलब्ध "अपडेट मिसिंग इनफार्मेशन" लिंक के माध्यम से आवश्यक विवरण पूर्ण कर योजना का लाभ प्राप्त करें। डीडी एग्री ने बताया कि सत्यापन के लिए किसानों को आधार कार्ड, वर्तमान खतौनी की प्रमाणित प्रति तथा यदि भूमि विरासत में प्राप्त हुई है तो दिवंगत के आधार कार्ड और मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रतियां जमा कर 30 अप्रैल 2026 तक सभी आवश्यक सूचनाएं अनिवार्यत: अपडेट करा लें। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि के बाद जिन किसानों का सत्यापन पूर्ण नहीं होगा, उनकी किस्तें केंद्र सरकार द्वारा स्थायी रूप से रोकी जा सकती हैं।

**उपलब्धि**

**शिक्षामित्र पिता और साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि के बावजूद हरिकेश ने अपनी कड़ी मेहनत से हासिल की सफलता**

# कैसरगंज के हरिकेश शर्मा 458 अंक पाकर बने जिले के टॉपर

कैसरगंज (बहराइच)

**अमृत विचार।** सरदार पटेल इंटर कॉलेज कैसरगंज के मेधावी छात्र हरिकेश शर्मा ने इंटरमीडिएट (बायो वर्ग) की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करते हुए जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। हरिकेश ने 500 में से 458 अंक अर्जित कर न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे जनपद का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।

हरिकेश शर्मा, सुशील प्रकाश शर्मा के पुत्र हैं, जो शिक्षामित्र के रूप में कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता नीलम शर्मा गृहिणी हैं। साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि के बावजूद हरिकेश ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। वह ग्राम पंचायत गोड़हिया नंबर एक के निवासी हैं, जहां उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।हरिकेश की शैक्षणिक उपलब्धियां शुरू से ही उल्लेखनीय रही हैं। उन्होंने हाईस्कूल परीक्षा में भी 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। इस बार इंटरमीडिएट में जिले में शीर्ष स्थान हासिल कर उन्होंने अपनी प्रतिभा को फिर साबित किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष उनके बड़े भाई प्रत्युष शर्मा ने भी इंटरमीडिएट में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार की शैक्षणिक परंपरा को मजबूत किया था।परिवार में शिक्षा का सकारात्मक माहौल और अभिभावकों का मार्गदर्शन हरिकेश की सफलता में महत्वपूर्ण रहा है। उनके तीन भाई और तीन बहन हैं, जो सभी पढ़ाई के प्रति गंभीर हैं। हरिकेश की उपलब्धि से छोटे भाई-बहनों को भी नई प्रेरणा मिलेगी।विद्यालय के प्रबंधक बादशाह सिंह, प्रशासक पवन कुमार सिंह, प्रधानाचार्य बी.पी. यादव, शिक्षक सौरभ शुक्ला, अनिल पाठक और कंचन लता श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षकों ने हरिकेश की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण बताया। शिक्षकों के अनुसार, हरिकेश शुरू से ही अनुशासित और परिश्रमी छात्र रहे हैं। हरिकेश का सपना आगे चलकर मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाना है, जिसके लिए वह निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है।


हरिकेश शर्मा को मिठाई खिलाते उनके परिजन। अमृत विचार

### श्रावस्ती में मुस्कान ने 90.20 तो नौशाद ने हासिल किए 95 प्रतिशत अंक


मुस्कान।


नौशाद ।


सविता यादव।


खुशी श्रीवास्तव।


अमर प्रकाश।


रोशनी।

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से बृहस्पतिवार की शाम हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का रिजल्ट जारी कर दिया है। जिसमें इंटरमीडिएट में इकौना की मुस्कान यादव व सोनवा की खुशी श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से 90 .20 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला टॉप किया है। वहीं, हाईस्कूल में सिरसिया निवासी नौशाद ने 95 प्रतिशत अंक के साथ जिला टॉप किया है। हाईस्कूल में 94 .50 प्रतिशत अंक के साथ सचिन शुक्ला जिले में दूसरे स्थान पर, अमर प्रकाश व रोशनी वर्मा ने 94 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान, लकी व आयुष्मान ने 93 .83 अंक के साथ चौथा स्थान और दिव्यांशी गुप्ता, कमल तिवारी व आदित्य पाठक ने 93 .67 प्रतिशत अंक हासिल कर संयुक्त रूप से जिले में पांचवे स्थान पर कब्जा किया है। वहीं इंटरमीडिएट में सविता गुप्ता ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में दूसरा स्थान, सुशील मिश्रा ने 89 .60 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान, आंचल मौर्य ने 89 .40 प्रतिशत अंक के साथ चौथा स्थान, नेहा सिंह यादव ने 88 .80 प्रतिशत अंक के साथ पांचवा स्थान, अंशिका ने 88 .60 प्रतिशत अंक के साथ छठवां स्थान, अंशिका यादव व आभा ज्योति 88 .20 प्रतिशत अंक के साथ सातवां स्थान, सौरभ ने 87 .80 प्रतिशत के साथ आठवां स्थान, अनुराग कसौंधन ने 87 .60 प्रतिशत अंक के साथ नौवां और सुखप्रीत सिंह वालिया ने 87 .40 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले की मेरिट सूची में 10 वां स्थान हासिल किया है।

# अमृत विचार

शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026






राजनीति सर्वोत्कृष्ट कला है, क्योंकि इसमें अनेक अन्य कलाएं समाहित होती हैं और इसका उद्देश्य मानव कल्याण है।
-अरस्तु, दार्शनिक

## भ्रामक युद्ध विराम

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका द्वारा युद्धविराम को अनिश्चितकाल तक बढ़ाना पहली नजर में शांति का संकेत लगता है, पर गहराई से देखें तो यह एक जटिल सामरिक चाल अधिक प्रतीत होती है। इतिहास गवाह है कि युद्धविराम अक्सर संघर्ष का अंत नहीं, बल्कि रणनीतिक विराम होता है। यह पुनर्संयोजन, दबाव निर्माण और कूटनीतिक संभावनाओं की परख का समय होता है। अमेरिका की मंशा को केवल शांति स्थापना तक सीमित मानना यथार्थवादी नहीं होगा, दरअसल यह कदम तीन स्तरों पर काम करता दिखता है— पहला, सैन्य थकान और संसाधनों के पुनर्गठन की आवश्यकता; दूसरा, अंतर्राष्ट्रीय दबाव को संतुलित करना और तीसरा, ईरान को वार्ता की मेज पर लाने के लिए समय खरीदना।

ईरान का यह दावा कि डोनाल्ड ट्रंप फिलहाल युद्ध जारी रखने की स्थिति में नहीं हैं, इसे पूर्ण सत्य मानना तथ्य उपेक्षा और जल्दबाजी होगी। सवाल अमेरिका की सैन्य क्षमता पर नहीं, बल्कि उसकी राजनीतिक प्राथमिकताओं और घरेलू दबावों पर अधिक हैं। अमेरिका का पाकिस्तान के कहने पर युद्धविराम बढ़ाने का तर्क भी अधिक विश्वसनीय नहीं लगता है। पाकिस्तान इस क्षेत्र में एक कारक अवश्य है, पर निर्णायक नहीं। अमेरिका के फैसले आमतौर पर उसके व्यापक भू-राजनीतिक हितों— विशेषकर ऊर्जा, इसराइल की सुरक्षा और वैश्विक नेतृत्व से संचालित होते हैं। इस संदर्भ में खाड़ी की 'मौजूदा शांति' वास्तव में भ्रामक है। होर्मुज़ जलडमरूमध्य पर बढ़ता नियंत्रण और जहाजों की जब्ती जैसी घटनाएं संकेत देती हैं कि तनाव सतह के नीचे लगातार उबल रहा है। यदि यह जलडमरूमध्य लंबे समय तक बाधित रहता है, तो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ना तय है। 55 करोड़ बैरल तेल का नुकसान और एलएनजी आपूर्ति में दो प्रतिशत की गिरावट केवल आंकड़े नहीं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए चेतावनी हैं। अमेरिका इस दौरान ईरान पर आर्थिक और कूटनीतिक दबाव बनाए रखना चाहता है, जबकि ईरान 'थोपी गई शर्तों' को अस्वीकार कर अपनी संप्रभुता का प्रदर्शन कर रहा है। यह गतिरोध तभी टूटेगा, जब दोनों पक्ष कुछ लचीलापन दिखाएं। यदि अमेरिका ईरान के प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार करता है, तो समाधान की दिशा खुल सकती है, परंतु अनिश्चित युद्धविराम का एक बड़ा खतरा यह है कि यह स्थायी अस्थिरता को जन्म देता है।

यह न तो पूर्ण युद्ध है, न ही वास्तविक शांति, बल्कि एक ऐसी स्थिति है, जहां किसी भी क्षण संघर्ष फिर भड़क सकता है। यही कारण है कि वर्तमान ठहराव भविष्य के अधिक बड़े टकराव का संकेत भी हो सकता है। भारत के लिए यह स्थिति विशेष रूप से संवेदनशील है। ऊर्जा आयात पर निर्भरता और खाड़ी में बड़ी भारतीय आबादी के कारण भारत को संतुलित और व्यावहारिक नीति अपनानी होगी। भारत को एक ओर अपनी ऊर्जा आपूर्ति के वैकल्पिक स्रोत तलाशने होंगे, वहीं दूसरी ओर कूटनीतिक स्तर पर दोनों पक्षों से संवाद भी बनाए रखना होगा। 'रणनीतिक स्वायत्तता' की मौजूदा नीति यहां सबसे उपयुक्त प्रतीत होती है। कुल मिलकर यह अनिश्चित युद्धविराम शांति का संकेत कम और रणनीतिक विराम अधिक है।

# ट्रंप की रणनीतिक विफलता और भविष्य के संकेत





विवेक सक्सेना
अयोध्या

अप्रैल 2026 के भू-राजनीतिक परिदृश्य में, डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के साथ घोषित युद्ध विराम ने अमेरिकी विदेश नीति की एक बड़ी विफलता को उजागर किया है। 'पूर्ण जीत' और ईरान की सैन्य शक्ति को 'पूरी तरह से नष्ट' करने के शुरुआती बड़बोले दावों के बाद, यह युद्ध विराम ट्रंप प्रशासन के लिए एक शर्मनाक मोड़ के रूप में देखा जा रहा है। यह संघर्ष न केवल मध्य पूर्व में स्थिरता लाने में विफल रहा, बल्कि इसने अमेरिकी कूटनीति की सीमाओं को भी उजागर किया है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान युद्ध में युद्ध विराम की अवधि बढ़ाने की घोषणा से मध्यस्थों को अमेरिका और ईरान के बीच आमने-सामने की बातचीत का एक नया दौर आयोजित करने के लिए अतिरिक्त समय मिल जाएगा, लेकिन हालात अभी भी तनावपूर्ण हैं। अमेरिका और इज़राइल ने 28 फरवरी को युद्ध शुरू किया, जिसके कारण तेल की कीमतें बढ़ गईं और वैश्विक अर्थव्यवस्था हिल गई। इस युद्ध ने वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को बाधित किया है, जिससे ईंधन की कीमतें बढ़ने और अन्य देशों में भी बिजली संयंत्रों पर हमले का खतरा पैदा हो गया।

ट्रंप ने दावा किया था कि अमेरिका ने ईरान के परमाणु और मिसाइल ढांचे को नष्ट कर दिया है, लेकिन हकीकत यह रही कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपना नियंत्रण बनाए रखा और अमेरिकी धमकियों को नजरअंदाज करते हुए जवाबी हमले जारी रखे। 48 घंटे के अल्टीमेटम के बाद जब युद्ध विराम की घोषणा की गई, तो यह जीत से ज्यादा एक सामरिक वापसी और ईरान के सामने झुकने जैसा प्रतीत हुआ। ईरान ने स्पष्ट किया कि उसने कोई युद्ध विराम नहीं मांगा था, जिससे ट्रंप के दावों की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठे हैं।

इस घोषणा से अस्थायी रूप से लड़ाई फिर से शुरू होने से तो बच गई, लेकिन दोनों पक्षों के बीच व्यापक मतभेद बने हुए हैं। ईरान, इज़राइल और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच मौजूदा युद्ध विराम आठ अप्रैल को शुरू हुआ, जो ट्रंप द्वारा कई बार समय सीमा तय किए जाने के बाद हुआ। ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता का पिछला दौर पाकिस्तान में आयोजित किया गया था। अमेरिकी वार्ता दल का नेतृत्व कर रहे उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद अमेरिका और ईरान के बीच हुई उच्चतम स्तरीय वार्ता में भाग लिया, जो बिना किसी समझौते के समाप्त हुई।

वैंस की पाकिस्तान यात्रा अभी भी स्थगित है और ईरान पर अमेरिका की नाकाबंदी जारी है। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने मौजूदा युद्ध विराम की समय सीमा समाप्त होने से कुछ ही घंटे पहले पाकिस्तान के अनुरोध पर यह कदम उठाया, क्योंकि वह ईरान से 'एकीकृत प्रस्ताव' की प्रतीक्षा कर रहे हैं और अनिर्णय के लिए ईरान के 'गंभीर रूप से विभाजित' नेतृत्व को जिम्मेदार ठहराया। इन सब के बीच दो क्षेत्रीय अधिकारियों ने मंगलवार को एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि अमेरिका और ईरान ने वार्ता के एक नए दौर के आयोजन के संकेत दिए हैं।

पाकिस्तान के नेतृत्व वाले मध्यस्थों को इस बात की पुष्टि मिली है कि शीर्ष वार्ताकार, वैंस और ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर क़लीबाफ़, अपनी-अपनी टीमों का नेतृत्व करेंगे, लेकिन मंगलवार देर रात, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि सम्मेलन में भाग लेने के बारे में कोई 'अंतिम निर्णय' नहीं लिया गया है। प्रवक्ता, इस्माइल बगाई ने सरकारी टीवी को बताया कि निर्णय न ले पाने का कारण अमेरिकियों की ओर से 'विरोधाभासी संदेश' और 'अस्वीकार्य कार्रवाइयां', विशेष रूप से ईरान की अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी है।

यदि पाकिस्तान बैठक आयोजित करने में सफल भी हो जाता है, तो भी होर्मुज जलडमरूमध्य के भविष्य, ईरान के परमाणु कार्यक्रम और नाकाबंदी को लेकर गंभीर चुनौतियां बनी रहेंगी। सप्ताहांत में ईरान ने जलडमरूमध्य में जहाजों को निशाना बनाया। अमेरिका ने भी जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी से बचने की कोशिश कर रहे एक ईरानी जहाज पर हमला किया और उसे अपने कब्जे में ले लिया, जिससे संकेत मिलता है कि स्थिति अभी भी अस्थिर बनी हुई है। ईरान का सारा उच्च संवर्धित यूरेनियम अभी भी देश में ही है, संभवतः उन संवर्धन स्थलों में दबा हुआ है, जिन पर पिछले साल जून में 12 दिनों के युद्ध के दौरान अमेरिका ने बमबारी की थी।

ईरान का कहना है कि उसे शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए ऐसा करने का अधिकार है और वह परमाणु हथियार बनाने की कोशिश से इनकार करता है, जबकि ट्रंप ने इज़राइल के साथ मिलकर ईरान से अपने परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह से समाप्त करने और अपने भंडार को छोड़ने का आह्वान किया है। ईरान ने युद्ध समाप्त करने के अपने 10 सूत्री प्रस्ताव में इसे खारिज कर दिया। इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता होने वाली थी, लेकिन ईरान का प्रतिनिधिमंडल नहीं पहुंचा। अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस की अगुवाई में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को पाकिस्तान रवाना होने वाला था, ऐसा नहीं हुआ।

वहीं युद्ध विराम ख़त्म होने से पहले ही ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर इसकी समय सीमा बढ़ाने की घोषणा की। कहा कि यह फ़ैसला पाकिस्तान के अनुरोध पर लिया गया, 'हमसे कहा गया है कि हम ईरान पर अपना हमला तब तक रोकें, जब तक उसके नेता और प्रतिनिधि एक साझा प्रस्ताव लेकर नहीं आते।'

इसके कुछ घंटे बाद ही, बुधवार को ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने तीन कार्गो जहाज़ों पर हमला कर दो को सीज़ कर लिया। इनमें एक पर ग्रीस का और दूसरे पर पनामा का झंडा लगा था, जबकि तीसरा जहाज़ यूएई की एक कंपनी का है। फारस की खाड़ी का संकरा मुहाना, होर्मुज जलडमरूमध्य, जिससे होकर 20 फीसदी प्राकृतिक गैस और तेल का परिवहन होता है, जलमार्ग में ईरानी हमलों के कारण लगभग बंद है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्ध विराम की अवधि बढ़ाने की घोषणा से ईरान से आमने-सामने की बातचीत का एक नया दौर आयोजित करने के लिए अतिरिक्त समय मिल जाएगा, लेकिन दोनों के बीच हालात अभी भी तनावपूर्ण हैं।

## आमने सामने



पिछली कांग्रेस सरकार ने इस प्रोजेक्ट में सालों की देरी की थी। प्रधानमंत्री ने ही 2018 में इसे फिर से शुरू किया और इसकी प्रगति को तेज़ किया। जनता उस दौर में रिफाइनरी प्रोजेक्ट में हुए कथित घोटालों और विवादित जमीन सौदों से वाकिफ है। इस प्रोजेक्ट के बारे में सच्चाई लोगों के सामने पहले ही आ चुकी है।
– भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री, राजस्थान

रिफाइनरी प्रोजेक्ट में देरी और साइट से जुड़ी हाल की दुर्घटना से ध्यान भटकाने की कोशिशें की जा रही हैं। देरी भाजपा के कार्यकाल के दौरान हुई थी और प्रोजेक्ट का उद्घाटन करने की मौजूदा 'जल्दबाजी' के कारण ही यह घटना हुई। दो दिन बाद भी, दुर्घटना पर आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी नहीं हुआ है। –अशोक गहलोत
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान



# नेपाल: गृहमंत्री का इस्तीफा व जनता की उम्मीदें



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

नेपाल में दो मंत्रियों के रुखसती को 'बालेन सरकार की उलटी गिनती' की दृष्टि से भले न देखा जाए, लेकिन इस घटना से मात्र 26 दिन पूर्व सत्ता रूढ़ हुई बालेन सरकार के अनुभव और परिपक्वता को लेकर सवाल उठना लाजिमी है। मनी लांड्रिंग और विवादित व्यवसायी दीपक भट्ट से व्यवसायिक साझेदारी, संपत्ति अर्जन जैसे और भी आरोपों के खुलासे के बाद सुडान गुरूंग के खिलाफ विरोध और प्रदर्शन तेज हो गया था। उनके खिलाफ काठमांडू के नकसाल थाने में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग जोर पकड़ रही थी। सुडान गुरूंग ने, हालांकि अपने शोसल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इइस्तीफा न देने की बात कही थी, लेकिन अचानक उन्होंने बुधवार को प्रधानमंत्री बालेन शाह को अपना इइस्तीफा सौंप दिया।

नेपाल में 26 दिन के भीतर यह दूसरे मंत्री का इस्तीफा है। इसके कुछ दिन पूर्व जब श्रम मंत्री दीपक कुमार साह का इस्तीफा हुआ था, तब बालेन शाह की खूब वाहवाही हुई थी। दीपक कुमार साह पर अपनी पत्नी को स्वास्थ्य बोर्ड में सदस्य के पद पर स्थापित करने का आरोप था। दीपक साह धोखाधड़ी के मामले में जेल भी जा चुके हैं। दीपक साह से इस्तीफा लेने पर बालेन सरकार के स्वच्छ छवि के कसीदे पढ़े गए थे, वहीं सुडान गुरूंग के इस्तीफे को एक ऐसे मंत्री का इस्तीफा माना जा रहा है, जिसने सिर्फ ईमानदार होने का मुखौटा लगा रखा था।

सुडान गुरूंग की छवि जेन जी आंदोलन के जरिए ओली सरकार को अपदस्थ करने वाले नायक की उभरी थी। ओली सरकार पर भ्रष्टाचार के अनगिनत आरोप थे। ओली ही क्यों, राजशाही खत्म होने के बाद नेपाल में जितनी भी सरकारें आईं, उन सबसे जनता ऊब चुकी थी। जेन जी आंदोलन में ओली तो सेना के कैंप में भागकर मार-पिटाई से बच गए थे, जबकि लगभग सभी पार्टियों के शीर्ष नेता, पूर्व प्रधानमंत्री, उनकी पत्नियां जेन जी के गुस्से का शिकार हुई थीं। जनता चूंकि उन सभी सरकारों से ऊबी हुई थी, इसलिए ऐसे नेताओं के साथ हुए बर्बर व्यवहार से खुश थी। इस हिंसक आंदोलन में 76 युवाओं की जान गई थी और काठमांडू में महत्वपूर्ण सरकारी इमारतें, माल और हिल्टन जैसे अरबों रुपये के होटल आग के हवाले हो गए थे।

राजनीतिक अफरातफरी के बीच उच्च न्यायालय की पूर्व जज सुशीला कार्की के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन हुआ। इस सरकार ने छः महीने के अंदर चुनाव कराकर चुनी हुई सरकार को सत्ता सौंप देने का वादा किया। अंतरिम सरकार के गठन और प्रधानमंत्री के चयन में भी सुडान गुरूंग की भूमिका खास थी। इस पार्टी के अध्यक्ष पूर्व पत्रकार रवि लामी छाने हैं। वे पिछले चुनाव में पूर्वी नेपाल में पहली मर्तबा चुनाव लड़े और बीस सांसदों के साथ नेपाल प्रतिनिधि सभा में धमाकेदार इंट्री की और ओली सरकार में उप प्रधानमंत्री के साथ गृहमंत्री भी बने, लेकिन अमेरिकी नागरिकता विवाद के चलते उन्हें उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप से मंत्री और प्रतिनिधि सभा से इस्तीफा देना पड़ा, हालांकि बाद में इस विवाद के हल हो जाने पर वे फिर जीतकर प्रतिनिधि सभा में लौटे, लेकिन मंत्री अथवा अन्य किसी सरकारी पद से दूर रहे।

बतौर गृह मंत्री रवि लामी छाने की छवि काफी सख्त थी। पहली मर्तबा उन्होंने ब्यूरोक्रेट्स और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर प्रहार किया था। रवि लामी छाने के इस तेवर से खुद ओली सरकार हिल गई थी, साथ ही अन्य राजनीतिक दलों के बड़े नेता भी कांप उठे थे, क्योंकि सबके हाथ भ्रष्टाचार में सने हुए हैं, हालांकि रवि लामी छाने स्वयं एक बड़े घोटाले में न्यायालय का सामना कर रहे हैं।

नेपाल की राजनीति में रवि लामी छाने और उनकी पार्टी की छवि अन्य पार्टियों की अपेक्षा स्वच्छ थी। यही वजह रही कि काठमांडू के मेयर रहे, बालेन शाह, हामी नेपाल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के संचालक रहे सुडान गुरूंग और तमाम दूसरे पार्टियों के नेता बड़ी तेजी से इस पार्टी में शामिल हुए। रवि लामी छाने ने बालेन शाह को प्रधानमंत्री का चेहरा तय कर दिया।

जनता चूंकि परिवर्तन के मूड में थी ही, लिहाजा चुनाव हुआ तो पहाड़ से मैदान तक राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को एक तरफा जीत मिली। शपथ ग्रहण के बाद हर रोज सरकार के चकित करने वाले एक से एक फरमान से जनता उत्साहित थी और उसे परिवर्तन की अनुभूति की आश थी। गृहमंत्री पद पर रहते हुए सुडान गुरूंग ने पूर्व पीएम ओली और पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक को गिरफ्तार करने का आदेश देकर सुर्खियां बटोरीं तो थी, लेकिन अपनी ही पार्टी के अंदरखाने उनकी आलोचना भी होने लगी थी। उनका अन्य मंत्रालयों में दखल भी मंत्रियों को असहज कर रहा था। गृहमंत्री सुडान गुरूंग के खिलाफ जेन जी के ही एक धड़े ने मोर्चा खोल दिया है। इस घटना से बालेन सरकार का असहज होना स्वाभाविक है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

जनता के आंदोलन और सवालों के बीच नेपाल के गृहमंत्री सुडान गुरूंग ने इस्तीफा दे दिया है। उम्मीदों से भरी जनता के साथ संतुलन बैठाना बालेन सरकार के लिए मुश्किल हो रहा है।

## प्रसंगवश

# अदृश्य धागों से बुनी दुनिया

दुनिया को जानने-समझने के कई रास्ते हैं। विज्ञान उसे तथ्यों और नियमों की कसौटी पर परखता है, दर्शन उसे प्रश्नों और विचारों की रोशनी में देखता है, जबकि कला उसे अनुभव और संवेदना के माध्यम से व्यक्त करती है। कई बार कोई छोटा-सा प्रतीक भी जीवन की गहरी सच्चाइयों को उजागर कर देता है। जापान की एक लोककथा ऐसा ही एक प्रतीक सामने रखती है लाल धागे का।

कहा जाता है कि जब कोई बच्चा जन्म लेता है, तो उसकी छोटी उंगली में एक अदृश्य लाल धागा बंध जाता है, जो किसी दूसरे व्यक्ति से जुड़ा होता है। यह धागा दोनों के जीवन को किसी न किसी रूप में एक-दूसरे से जोड़ देता है। लोक विश्वास यह भी कहता है कि यह धागा उस रक्त-नाड़ी का विस्तार है, जो हमारे हृदय से छोटी उंगली तक जाती है। यह लोककथा केवल भाग्य की कल्पना नहीं है; यह मनुष्य के जीवन में संबंधों की अनिवार्यता का रूपक है।



कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

मनुष्य का जीवन दरअसल संबंधों से ही निर्मित होता है। हम अपने आप को भले ही स्वतंत्र व्यक्ति मानें, लेकिन हमारी पहचान अनेक रिश्तों, स्मृतियों और अनुभवों से मिलकर बनती है। परिवार, मित्रता, समाज, संस्कृति और साझा इतिहास ये सभी हमारे अस्तित्व को आकार देते हैं। इन संबंधों का एक बड़ा हिस्सा दिखाई नहीं देता, लेकिन उनका प्रभाव जीवन में लगातार बना रहता है। जैसे- किसी जाल के महीन धागे एक-दूसरे में उलझकर पूरी संरचना को थामे रहते हैं, वैसे ही हमारे संबंध भी जीवन की पूरी बुनावट को संभाले रखते हैं।

यदि जीवन को एक रूपक में समझना हो तो वह किसी सीधी रेखा की तरह नहीं, बल्कि धागों से बुनी हुई एक जटिल संरचना की तरह है। हर संबंध एक धागे जैसा है। कभी मजबूत, कभी ढीला, कभी उलझा हुआ और कभी टूट जाने के कगार पर। रिश्तों की यही जटिलता जीवन को अर्थ भी देती है और चुनौती भी। आज के समय में दुनिया पहले से कहीं अधिक जुड़ी हुई दिखाई देती है। तकनीक, संचार और डिजिटल माध्यमों ने दूरियों को लगभग समाप्त कर दिया है। इसके बावजूद मनुष्य के भीतर अकेलेपन की भावना भी उतनी ही तीव्र होती जा रही है।

यह हमारे समय का एक बड़ा विरोधाभास है। बाहरी जुड़ाव बढ़ रहा है, लेकिन भावनात्मक दूरी भी गहरी हो रही है। ऐसे समय में यह विचार कि हम सब अदृश्य धागों से जुड़े हुए हैं, हमें अपने अस्तित्व की एक नई समझ देता है। स्मृतियां भी इन धागों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वे हमारे भीतर अतीत की उपस्थिति बनाए रखती हैं। किसी व्यक्ति से जुड़ी एक छोटी-सी स्मृति भी वर्षों बाद अचानक जीवित हो उठती है और हमें उन क्षणों में वापस ले जाती है, जिन्हें हम बीत चुका समझते हैं। इसी तरह किसी संबंध का टूटना केवल एक व्यक्ति से दूरी नहीं होता, बल्कि हमारे जीवन की बुनावट का एक धागा ढीला पड़ जाना होता है। शायद इसलिए मनुष्य संबंधों के प्रति इतना संवेदनशील होता है।

जीवन की एक और सच्चाई उसकी अनिश्चितता है। हम योजनाएं बनाते हैं, लक्ष्य तय करते हैं, लेकिन जीवन हमेशा सीधी रेखा में नहीं चलता। कभी कोई अनजान व्यक्ति अचानक हमारे जीवन में प्रवेश कर जाता है और हमारी सोच की दिशा बदल देता है। कभी कोई रिश्ता धीरे-धीरे समय की धुंध में खो जाता है। इन सबके बीच जीवन हमें यह सिखाता है कि हर अनुभव चाहे, वह सुख का हो या दुःख का, हमारी आंतरिक यात्रा का हिस्सा है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# चले गए बब्बन खान



हैदराबाद में आज मातम छाया हुआ है। 'अदरक के पंजे' के क्रिएटर बब्बन ख़ान नहीं रहे। पिछली सदी के आखिरी दशकों में उनके स्टेज शो का ऐसा जलवा था कि गिनीज बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स में भी इसे शामिल किया गया। हैदराबादी ह्यूमर से भरपूर इस शो में एक निम्न मध्यवर्गीय परिवार की हताशा, दुर्दशा और मनोदशा का चित्रण था। परिवार के मुखिया रामुसु अपनी गरीबी और अनियंत्रित परिवार की वजह से लगातार कर्ज में रहते हुए जिंदगी की चिखचिख से परेशान हाल रहे। यह शो छोटा परिवार सुखी परिवार का संदेश देता था।



अजय ब्रह्मात्मज
फिल्म राइटर

बब्बन खान ने अपने पिता और परिवार की कहानी काफी मजेदार अंदाज में पेश किया था। आठ भाई-बहनों के परिवार में बब्बन ख़ान अपने मां-बाप की अकेली संतान के रूप में बचे रहे। 10 की उम्र तक तो उनका नाम भी नहीं रखा गया था। मां-बाप ने सोचा था कि जिंदा रहेगा तो नाम रख देंगे।

बब्बन ख़ान ने अपने खस्ताहाल परिवार की यह तंजिया कहानी रात भर में एक लैंप पोस्ट के नीचे बैठकर लिखी। मां का इकलौता गहना बेचकर शो की व्यवस्था की। शो के दो टिकट देकर दर्जी से अपनी शेरवानी सिलवाई। पहला शो नाकाम रहा, लेकिन किसी प्रशंसक ने नेपथ्य में जाकर उन्हें 500 रुपये दिए और कहा कि शो जारी रखना।

धीरे-धीरे यह शो हैदराबाद से देश के अनेक शहरों से होता हुआ, विदेश के शहरों में भी धूम मचाता रहा। 10,000 से अधिक इसके शो हो चुके थे।

स्टैंडअप कॉमेडी के चलन में आने के बहुत पहले बब्बन ख़ान ने घरेलू और पारिवारिक हंसी-मजाक का ऐसा पुलिंदा पेश किया था कि दर्शक हंसते-हंसते बेहाल हो जाते थे।

बब्बन खान की मेधा को सलाम! –फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# गांव के युवाओं में हुनर है, मगर बाजार नहीं

देश के ग्रामीण इलाकों में हुनर की कमी नहीं है, बात अगर बिहार की करें, तो यहां हर गांव एक चलता-फिरता कारीगर विद्यालय लगता है। कहीं मिट्टी को आकार देकर सुंदर बर्तन बनाए जाते हैं, तो कहीं सुई-धागे और रंगों से दीवारों और कपड़ों पर ऐसी कलाकारी की जाती है, जिसे देखकर शहरों की महंगी गैलरियां भी फीकी पड़ जाएं, लेकिन विडंबना यह है कि इतना हुनर होने के बावजूद नौजवानों के लिए रोजगार और बाजार की कमी आज भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। यही कारण है कि या तो वे बेरोजगार हैं या फिर अपने गांव और परिवार को छोड़कर दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर हैं। इसका असर केवल परिवारों पर ही नहीं, बल्कि सदियों से चली आ रही पारंपरिक हस्तकलाओं पर भी पड़ रहा है, जो मिटने की कगार पर पहुंच रही हैं।



सरिता कुमारी
एक्टिविस्ट

भारत जैसे विशाल देश में बेरोजगारी की समस्या लंबे समय से चिंता का विषय रही है। हाल के आंकड़ों के अनुसार, आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 में देश की बेरोजगारी दर वर्ष 2023-24 में लगभग 3.2% दर्ज की गई, जबकि युवाओं के बीच बेरोजगारी की दर इससे कहीं अधिक है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच रोजगार के अवसरों में बड़ा अंतर भी देखने को मिलता है, जिससे ग्रामीण युवाओं को अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

यदि बिहार की बात करें, तो यहां बेरोजगारी का संकट विशेष रूप से युवाओं के बीच गहराता जा रहा है। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, राज्य में बेरोजगारी दर लगभग 11.4% के आसपास बताई गई है, जो कई अन्य राज्यों की तुलना में अधिक है। इसके साथ ही यह भी देखा गया है कि नियमित और स्थायी नौकरियों की भारी कमी है, जिसके कारण बहुत से लोग अस्थायी या अनियमित काम करने को मजबूर हैं। हाल के वर्षों में युवाओं में बेरोजगारी की दर फिर से बढ़कर लगभग 16% तक पहुंचने की खबरें सामने आई हैं, जो इस समस्या की गंभीरता को दर्शाती हैं।

यहां बेरोजगारी की समस्या का सबसे बड़ा कारण रोजगार के सीमित अवसर और कौशल के अनुसार काम का अभाव है। बिहार की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है, जहां लगभग 54% से अधिक लोग कृषि से जुड़े हुए हैं, लेकिन कृषि कार्य मौसमी होने के कारण पूरे वर्ष रोजगार उपलब्ध नहीं रहता। इसके परिणामस्वरूप ग्रामीण युवाओं को वर्ष के कई महीनों में खाली बैठना पड़ता है या फिर उन्हें दूसरे राज्यों जैसे दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और महाराष्ट्र की ओर पलायन करना पड़ता है।

बिहार के उत्तरी भाग, विशेषकर सीतामढ़ी और मिथिला क्षेत्र, अपनी पारंपरिक हस्तकलाओं के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध रहे हैं। मिथिला क्षेत्र की मधुबनी पेंटिंग जहां भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों तक अपनी पहचान बना चुकी है। वहीं सीतामढ़ी और उसके आसपास के क्षेत्र की हस्तकलाएं जैसे सिक्की घास से बनी टोकरियां, बांस से बनी हस्तशिल्प, लकड़ी के खिलौने और मिट्टी के बर्तन जैसी कई पारंपरिक कलाएं भी पीढ़ी दर पीढ़ी अपनी पहचान बनाए हुए हैं।

इन कलाओं में स्थानीय संसाधनों का उपयोग किया जाता है, जिससे पर्यावरण को भी नुकसान नहीं होता, लेकिन आज इन पारंपरिक हस्तकलाओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। बाज़ार की कमी और उचित मूल्य का अभाव। कई बार कारीगरों को महीनों की मेहनत के बाद भी इतना पैसा नहीं मिलता कि वे अपने परिवार का खर्च आसानी से चला सकें। नई पीढ़ी इन कलाओं से दूरी बनाने लगी है, क्योंकि उन्हें भविष्य सुरक्षित नहीं दिखता। (यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# यूरेका



## ऐसे हुई एसी की खोज

एयर कंडीशनर (AC) का मुख्य कार्य कमरे के तापमान को नियंत्रित करना और वातावरण को आरामदायक बनाना होता है। यह गर्म हवा को बाहर निकालकर ठंडी हवा अंदर पहुंचाता है, जिससे कमरे में ठंडक बनी रहती है। आज के आधुनिक AC सिर्फ ठंडक ही नहीं देते, बल्कि हीटिंग और एयर प्यूरीफिकेशन जैसी सुविधाएं भी प्रदान करते हैं। AC की क्षमता को British Thermal Unit (BTU) में मापा जाता है, जो इसकी कूलिंग क्षमता को दर्शाता है।

एयर कंडीशनर का आविष्कार विलिस हेवलैंड कैरियर ने वर्ष 1902 में किया था। वे कॉर्नेल यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद Buffalo Forge Company के प्रिंटिंग प्लांट में कार्यरत थे। वहां अधिक गर्मी और नमी के कारण अखबार की छपाई में समस्या आ रही थी, विशेषकर रंगीन स्याही सही ढंग से कागज पर नहीं बैठती थी। इस चुनौती को हल करने के लिए कैरियर ने एक ऐसी मशीन विकसित की, जो तापमान और नमी दोनों को नियंत्रित कर सके। उनका यह आविष्कार सफल रहा और प्रिंटिंग प्रक्रिया में सुधार आया।

2 जनवरी 1906 को कैरियर को उनके इस आविष्कार के लिए अमेरिकी पेटेंट (नंबर 808897) प्राप्त हुआ। शुरुआती AC मशीनें आकार में बहुत बड़ी थीं और केवल उद्योगों में ही उपयोग की जा सकती थीं। बाद में तकनीक के विकास के साथ इन्हें छोटे आकार में बनाया जाने लगा।

साल 1915 में कैरियर ने एयर कंडीशनिंग के क्षेत्र में उत्पादन को बढ़ाने के लिए कंपनी स्थापित की। इसके बाद 1931 में H. H. Schultz और J. Q. Sherman ने विंडो AC का आविष्कार किया, जिसे 1932 में बाजार में उतारा गया। उस समय इसकी कीमत काफी अधिक थी, जिससे यह आम लोगों की पहुंच से दूर था। समय के साथ एयर कंडीशनर तकनीक में निरंतर सुधार हुआ है और आज यह हमारे दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है।

### वैज्ञानिक बारे में



विलिस हेवलैंड कैरियर का जन्म 26 नवंबर 1876 को Angola, न्यूयॉर्क में हुआ था। वे बचपन से ही जिज्ञासु और गणित में रुचि रखने वाले थे। उनकी माता ने उन्हें कठिन समस्याओं को सरल तरीकों से समझना सिखाया, जिसका प्रभाव उनके पूरे जीवन पर पड़ा। उन्होंने Cornell University से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। कैरियर का स्वभाव शांत और शोधपरक था। उन्होंने अपना अधिकांश जीवन वैज्ञानिक कार्यों और आविष्कारों को समर्पित किया। 1950 में उनका निधन हुआ, लेकिन उनके योगदान आज भी दुनिया को ठंडक पहुंचा रहे हैं।

## चिंपैंजियों के बीच चल रहा है खूनी गृहयुद्ध



दुनिया के एक हिस्से में एक ऐसी जंग भी हो रही है, जिसमें सीजफायर कराने वाला कोई नहीं है। ये ईरान, इजराइल या अमेरिका के बीच युद्ध नहीं है, बल्कि ये अफ्रीकी देश युगांडा के जंगलों में चल रहा है और इस युद्ध में इंसान नहीं, बल्कि चिंपैंजी लड़ रहे हैं। वैसे तो यह युद्ध पिछले आठ सालों से लगातार चल रहा है, लेकिन अप्रैल 2026 में यह तब प्रकाश में आया जब वैज्ञानिकों ने पश्चिमी यूगांडा (पूर्वी अफ्रीका) के किबाले नेशनल पार्क (नगोगो क्षेत्र) में चिंपैंजी के बीच एक बहुत खूनी 'सिविल वार' (आंतरिक युद्ध) की रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसे मीडिया में 'ब्लडियस वार ऑन रिकार्ड' या 'प्राइमेट सिविल वार' कहा जा रहा है। यहां दुनिया का सबसे बड़ा ज्ञात जंगली चिंपैंजी समूह है, जिसमें लगभग 200 सदस्य। शोधकर्ता इसे 1995 से अध्ययन कर रहे हैं।



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक



### वैज्ञानिक विश्लेषण

चिंपैंजी यानी वनमानुष, जिसे आम बोलचाल की भाषा में कभी-कभी चिम्प भी कहा जाता है, का वैज्ञानिक नाम पैन ट्रोग्लोडाइट्स है। यह होमिनीडे परिवार का सदस्य है। चिंपैंजी मनुष्यों से कई व्यावहारिक और संज्ञानात्मक लक्षण साझा करते हैं, जैसे हंसी, दुख, सहानुभूति और औजार उपयोग। ये विशेषताएं उन्हें वैज्ञानिक अध्ययन (प्राइमेटोलॉजी) के लिए बहुत महत्वपूर्ण बनाती हैं। इनके सबसे निकटतम रिश्तेदार हैं बोनोबो और मनुष्य। मनुष्यों के साथ डीएनए समानता लगभग 98.7 प्रतिशत है। दोनों का एक साझा पूर्वज लगभग 6-7 मिलियन वर्ष पहले था। चिंपैंजी औजारों का उपयोग करते हैं, जैसे छड़ियों से दीमक निकालना, पत्थर से नट तोड़ना आदि। जेन गुडॉल ने 1960 में सबसे पहले इसका अवलोकन किया था, जिसमें उन्होंने समस्या समाधान, योजना बनाना, स्मृति, संकेत भाषा सीखना और संख्याओं की समझ का अध्ययन साझा किया। ये शिकार करते हैं, कभी-कभी युद्ध और हिंसा भी दिखाते हैं।

### गृहयुद्ध के कारण

चिंपैंजी के युद्ध का वैज्ञानिकों को सटीक कारण अभी पता नहीं है। चिंपैंजियों के बीच छिड़े इस गृहयुद्ध के पीछे तीन बड़ी वजहें बताई जा रही हैं। पहली है चिंपैंजियों की बढ़ती जनसंख्या। साल 2016 तक किबाले नेशनल पार्क में चिंपैंजियों के गुटों में सदस्यों की संख्या 200 के पार पहुंच गई थी, इतनी आबादी की वजह से खाने के संसाधनों को लेकर तनाव पैदा होने लगा था। दूसरी बड़ी वजह थी 2017 में जंगलों में आया एक वायरस, जिससे बुजुर्ग चिंपैंजियों की बड़ी तादाद में मौत हो गई थी। बुजुर्गों की मौत के बाद बड़े गुटों में कई अल्फा मेल यानी गुट का नेतृत्व करने वाले चिंपैंजी बन गए थे। इसी तीसरे कारण के चलते चिंपैंजियों के गुट ज्यादा क्षेत्र कब्जाने के लिए लड़ने लगे और यह गृहयुद्ध छिड़ गया। बीते दिनों यहां शुरुआत में आपसी टकराव के चलते पच्चीस चिंपैंजियों की मौत हुई थी और इन मौतों के बाद से ये कथित गृहयुद्ध बढ़ता चला गया और ये आज तक जारी है। आपके मन में एक सवाल उठ रहा होगा कि आखिर चिंपैंजी गृहयुद्ध कैसे करते हैं? क्या चिंपैंजी भी कोई रणनीति बनाते हैं? क्या चिंपैंजियों के पास भी इंसानों की तरह हथियार होते हैं? चिंपैंजी और इंसान के डीएनए में अधिकांश समानता होती है। यही वजह है कि जब चिंपैंजी जंग करने उतरता है, तो वो इंसानों की तरह रणनीति भी बनाता है। चिंपैंजी अपने शत्रु की आवाजाही के रास्ते को देखते और समझते हैं। जब शत्रु कम संख्या में अपने पारंपरिक रास्ते से गुजर रहा होता है, तो बड़ा दल बनाकर चिंपैंजी उस पर हमला कर देते हैं, बिल्कुल इंसानों की तरह। खास बात ये है कि हमले के वक्त आक्रामक दल के कुछ चिंपैंजी उन रास्तों को बंद कर देते हैं, जहां से दुश्मन के भागने की संभावना हो, जो एक खूनी संघर्ष को जन्म देता है।



### मानव युद्ध की जड़ों की समझ

चिंपैंजी हमारे सबसे करीबी रिश्तेदार हैं। शोधकर्ता 30$ साल के डेटा से यह अध्ययन साइंस जर्नल में प्रकाशित की। 24 वर्षों के सामाजिक नेटवर्क डेटा से पता चला कि 2015 में दो क्लस्टर के बीच संबंध कमजोर पड़ने लगे। पहले वे एक-दूसरे के साथ घूमते, संभोग करते और संबंध रखते थे। बाद में वे अलग-अलग क्षेत्र में रहने लगे और 2018 तक कोई सकारात्मक संबंध नहीं बचा। "पुराने दोस्त दुश्मन बन गए", यह रिलेशनल डायनेमिक्स (संबंधों की गतिशीलता) का परिणाम माना जाता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि चिंपैंजी में यह हिंसा बिना भाषा, धर्म, जाति या विचारधारा के सिर्फ सामाजिक संबंधों के टूटने से हुई। इससे मानव युद्ध की जड़ें समझने में मदद मिल सकती है, शायद संबंधों की गतिशीलता मानव संघर्ष में भी ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जितना हम सोचते हैं। वैज्ञानिक लगातार निगरानी कर रहे हैं।

### क्या कहते हैं वैज्ञानिक अध्ययन

साइंस जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन में प्राइमेटोलॉजिस्ट आरोन सैंडेल और उनके सहयोगियों ने जंगली चिंपैंजी में देखे गए पहले 'गृह युद्ध' का दस्तावेजीकरण किया है। जून 2015 में सैंडेल युगांडा के किबाले राष्ट्रीय उद्यान में न्गोगो चिंपैंजी समूह के एक छोटे से झुंड का अवलोकन कर रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि जैसे ही चिंपैंजी के बड़े समूह के अन्य सदस्य जंगल में उनके करीब आने लगे, उनके सामने मौजूद चिंपैंजी घबराए हुए व्यवहार करने लगे। वे मुंह बनाने लगे और एक-दूसरे को तसल्ली देने के लिए छूने लगे, ऐसा लग रहा था जैसे वे किसी अजनबी से मिलने वाले हों, जबकि वे सब उनके अपने करीबी साथी थे। सैंडेल ने बाद में कहा कि वह क्षण चिंपैंजी के एक कभी घनिष्ठ समूह के बीच वर्षों तक चलने वाले खूनी संघर्ष का पहला संकेत था।

शोधकर्ताओं ने दुनिया में जंगली चिंपैंजी के सबसे बड़े ज्ञात समूह में स्थायी विभाजन का पता लगाने के लिए चिंपैंजी के इस सुप्रसिद्ध समूह के तीन दशकों से अधिक के व्यवहार संबंधी अवलोकनों का सहारा लिया। दोनों समूहों के मजबूत होने के बाद, पश्चिमी समूह के सदस्यों ने अगले सात वर्षों में केंद्रीय समूह पर चौबीस लगातार और समन्वित हमले किए, जिनमें कम से कम सात वयस्क पुरुषों और सत्रह शिशुओं की मौत हो गई। सैंडेल ने बताया कि अचानक मृत्यु ने संभवत: मोहल्लों के बीच संबंधों को कमजोर कर दिया, जिससे अल्फा परिवर्तन होने पर यह समूह ध्रुवीकरण के प्रति संवेदनशील हो गया। फिर 2017 में एक बीमारी का प्रकोप भी हुआ, जिसने संभवत: विभाजन को अपरिहार्य बना दिया या इसे थोड़ा तेज कर दिया। अध्ययन में बताया गया है कि आनुवंशिक साक्ष्यों के आधार पर, चिंपैंजी के बीच ये गृहयुद्ध संभवत: हर 500 वर्षों में एक बार होते हैं यानी 500 सालों में चिंपैंजियों की आबादी ज्यादा हो जाती है और फिर आपसी तनाव और खून-खराबे का दौर शुरू होता है, लेकिन सैंडेल ने कहा कि कोई भी मानवीय गतिविधि जो सामाजिक एकता को बाधित करती है, जैसे वनों की कटाई, जलवायु संकट या बीमारियों का प्रकोप, ऐसे अंतर-समूह संघर्षों को और अधिक सामान्य बना सकती है।

## मरीन लाइफ

## समुद्री संतुलन के रक्षक



समुद्री देवदूत छोटे, तैरने वाले समुद्री घोंघे होते हैं, जिन्हें वैज्ञानिक रूप से Sea Angel कहा जाता है। उनका पारदर्शी, नाजुक शरीर और पंखों जैसी संरचनाएं उन्हें किसी दिव्य जीव जैसा रूप देती हैं, इसलिए इन्हें 'देवदूत' नाम मिला है। ये जीव मुख्यतः ठंडे और गहरे समुद्री जल में पाए जाते हैं, विशेष रूप से आर्कटिक और अंटार्कटिक क्षेत्रों में। समुद्री देवदूत वास्तव में Gastropods के विकसित रूप हैं। सामान्य घोंघों की तरह इनके पूर्वजों के पास कठोर खोल और रेंगने के लिए मांसल पैर होते थे, लेकिन समय के साथ इनके शरीर में अद्भुत परिवर्तन हुए। उनका पैर विकसित होकर दो पंखनुमा उपांगों में बदल गया, जिनकी मदद से वे पानी में सुंदर ढंग से तैरते हैं। साथ ही, उनका खोल पूरी तरह समाप्त हो गया, जिससे वे अधिक हल्के और तेज तैराक बन सके।

हालांकि उनका रूप बेहद आकर्षक और शांत लगता है, लेकिन उनका व्यवहार एक कुशल शिकारी का होता है। समुद्री देवदूत अपने शिकार को पकड़ने के लिए विशेष संरचनाओं का उपयोग करते हैं। इनके पास Radula नामक दांतेदार जीभ जैसी संरचना होती है, जो शिकार को पकड़ने और चीरने में मदद करती है। इसके अलावा, वे अपने टेंटेकल्स (स्पर्शक) की सहायता से शिकार को जकड़ते हैं और उसे खोल से बाहर खींच लेते हैं। इनका मुख्य शिकार एक विशेष प्रकार का पंखदार घोंघा होता है, जिसे Clione limacina कहा जाता है। यह शिकारी-शिकार संबंध समुद्री पारिस्थितिकी में संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समुद्री देवदूत अत्यधिक चयनात्मक होते हैं और लगभग केवल इसी प्रजाति पर निर्भर रहते हैं।

आज के समय में जलवायु परिवर्तन और Ocean Acidification समुद्री देवदूतों के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। महासागरों में बढ़ती अम्लता उनके शिकार के खोल को कमजोर कर देती है, जिससे उनका जीवन चक्र प्रभावित होता है। यदि उनके शिकार की संख्या घटती है, तो इसका सीधा असर समुद्री देवदूतों की आबादी पर पड़ेगा। इस प्रकार, समुद्री देवदूत न केवल अपनी सुंदरता के लिए प्रसिद्ध हैं, बल्कि वे समुद्री पारिस्थितिकी के नाजुक संतुलन का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उनका जीवन हमें यह समझाता है कि प्रकृति में सौंदर्य और संघर्ष साथ-साथ चलते हैं।



## वैज्ञानिक फैक्ट

## आखिर क्यों होता है पुरुषों में कलर ब्लाइंडनेस ज्यादा

पुरुषों में कलर ब्लाइंडनेस की संभावना महिलाओं की तुलना में अधिक होती है और इसका मुख्य कारण आनुवंशिकी है। रंगों को पहचानने की क्षमता हमारी आंखों के रेटिना में मौजूद विशेष कोशिकाओं, जिन्हें कोन (cones) कहा जाता है, पर निर्भर करती है। इन कोशिकाओं में मौजूद पिगमेंट प्रकाश की विभिन्न तरंगदैर्ध्य को पहचानते हैं, जिससे हमें लाल, हरा और नीला जैसे रंग दिखाई देते हैं। जब इन पिगमेंट्स में किसी प्रकार की कमी या दोष होता है, तो व्यक्ति को रंगों को पहचानने में कठिनाई होती है। विशेष रूप से, सबसे सामान्य प्रकार का रंगभेद Red-green color blindness है। इसके लिए जिम्मेदार जीन X chromosome पर स्थित होते हैं। महिलाओं के पास दो एक्स क्रोमोसोम (XX) होते हैं, जबकि पुरुषों के पास एक एक्स और एक वाई क्रोमोसोम (XY) होता है। यदि किसी महिला के एक एक्स क्रोमोसोम में कलर ब्लाइंडनेस का दोषपूर्ण जीन हो, तो दूसरा स्वस्थ एक्स क्रोमोसोम उसकी भरपाई कर सकता है। यही कारण है कि महिलाओं में कलर ब्लाइंडनेस अपेक्षाकृत कम पाया जाता है। इसके विपरीत, पुरुषों के पास केवल एक ही एक्स क्रोमोसोम होता है। यदि उस पर कलर ब्लाइंडनेस से संबंधित जीन मौजूद हो, तो उसके प्रभाव को संतुलित करने के लिए कोई दूसरा एक्स क्रोमोसोम नहीं होता। परिणामस्वरूप, पुरुषों में कलर ब्लाइंडनेस होने की संभावना अधिक होती है। यही वजह है कि लगभग हर 12 में से 1 पुरुष इस समस्या से प्रभावित होता है, जबकि महिलाओं में यह अनुपात बहुत कम है। कलर ब्लाइंडनेस के कई प्रकार होते हैं, जैसे Protanopia (लाल रंग को पहचानने में कठिनाई), Deuteranopia (हरे रंग की पहचान में समस्या) और Tritanopia (नीले रंग से संबंधित दुर्लभ समस्या)। अधिकतर मामलों में यह जन्मजात होता है, लेकिन कुछ स्थितियों में उम्र बढ़ने, आंखों की बीमारियों या दवाओं के प्रभाव से भी रंग पहचानने की क्षमता प्रभावित हो सकती है।

हालांकि कलर ब्लाइंडनेस का कोई स्थायी इलाज नहीं है, लेकिन आधुनिक तकनीक ने कुछ सहायक उपाय उपलब्ध कराए हैं। विशेष प्रकार के चश्मे और मोबाइल ऐप्स रंगों के अंतर को बेहतर ढंग से समझने में मदद करते हैं। इस प्रकार, कलर ब्लाइंडनेस केवल एक कमजोरी नहीं, बल्कि आनुवंशिक विविधता का एक उदाहरण है, जो यह दर्शाता है कि मानव शरीर की संरचना कितनी जटिल और रोचक है।

## चिंतनीय है पृथ्वी पर बढ़ता तापमान और सिमटते वन

पृथ्वी केवल एक खगोलीय पिंड नहीं, बल्कि जीवन की वह अद्भुत संरचना है, जिसमें असंख्य तंत्र एक साथ संतुलन में कार्य करते हैं। वायु, जल, मृदा, वनस्पति और जीव-जंतु- ये सभी मिलकर एक ऐसा पारिस्थितिक तंत्र रचते हैं, जो करोड़ों वर्षों की विकास प्रक्रिया का परिणाम है। किंतु वर्तमान समय में यह संतुलन अभूतपूर्व संकट से गुजर रहा है। मानव-जनित कारणों से पृथ्वी का तापमान निरंतर बढ़ रहा है और इसका सीधा प्रभाव वनों तथा वन्यजीवों के अस्तित्व पर पड़ रहा है। प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला पृथ्वी दिवस इस संकट को समझने और उससे उबरने की दिशा में सामूहिक संकल्प का प्रतीक है। जब हम इस विराट सृष्टि के स्वरूप पर विचार करते हैं, तो सबसे पहले जिस तत्व का बोध होता है, वह पृथ्वी है। यही वह धरा है, जिसने अनादि काल से समस्त जीव-जगत को अपने आंचल में स्थान दिया है। यह केवल मिट्टी, जल और पाषाण का समूह नहीं, बल्कि जीवन का आधार, चेतना का केंद्र और अस्तित्व का स्तंभ है।

भारतीय मनीषा ने पृथ्वी को 'माता' कहकर संबोधित किया और मनुष्य को उसका 'पुत्र' माना। यह संबंध केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि गहन वैज्ञानिक और दार्शनिक आधार पर टिका हुआ है। प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला पृथ्वी दिवस हमें इसी संबंध का स्मरण कराता है और यह प्रश्न उठाता है कि क्या हम अपनी माता के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाह कर पा रहे हैं। वैज्ञानिक अध्ययनों से यह स्पष्ट हो चुका है कि औद्योगिक युग के आरंभ से अब तक पृथ्वी के औसत तापमान में लगभग 1 डिग्री से अधिक की वृद्धि हो चुकी है। यह वृद्धि भले ही नगण्य प्रतीत हो, परंतु इसके परिणाम अत्यंत व्यापक हैं। पृथ्वी की ऊष्मा संतुलन प्रणाली, जिसमें सूर्य से प्राप्त ऊर्जा और अंतरिक्ष में उत्सर्जित ऊर्जा का संतुलन शामिल है- अब असंतुलित हो रही है। वायुमंडल में कार्बन युक्त गैसों की मात्रा बढ़ने से यह ऊष्मा पृथ्वी की सतह पर अधिक समय तक बनी रहती है, जिससे तापमान में वृद्धि होती है।



डॉ. जितेंद्र शुक्ला
वन्य जीव विशेषज्ञ

वर्तमान समय में वायुमंडल में कार्बन युक्त गैसों की सांद्रता ऐतिहासिक रूप से उच्च स्तर पर पहुंच चुकी है। यह वृद्धि मुख्यतः जीवाश्म ईंधनों के दहन, वनों की कटाई और औद्योगिक प्रक्रियाओं के कारण हुई है। परिणामस्वरूप, पृथ्वी की सतह, महासागरों और वायुमंडल का तापमान निरंतर बढ़ रहा है। वन इस संतुलन को बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वृक्ष प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के माध्यम से वायुमंडल से कार्बन युक्त गैसों को अवशोषित करते हैं और प्राणवायु का उत्सर्जन करते हैं। तापमान वृद्धि का सीधा प्रभाव वनों की संरचना और उनकी जैव विविधता पर पड़ता है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, तापमान में वृद्धि के



कारण अनेक वृक्ष प्रजातियां अपने पारंपरिक आवास क्षेत्रों से विस्थापित हो रही हैं। वे ऊंचाई वाले या ठंडे क्षेत्रों की ओर प्रवास कर रही हैं, जिससे वन पारिस्थितिकी तंत्र में असंतुलन उत्पन्न हो रहा है।

वनाग्नि की घटनाओं में वृद्धि भी तापमान वृद्धि का एक गंभीर परिणाम है। उच्च तापमान, कम आर्द्रता और सूखे की स्थिति वनों को अत्यधिक ज्वलनशील बना देती है। एक बार आग लगने पर यह तेजी से फैलती है और विशाल क्षेत्रों को नष्ट कर देती है। इन आगों के कारण न केवल वृक्षों की हानि होती है, बल्कि वायुमंडल में बड़ी मात्रा में कार्बन युक्त गैसें भी उत्सर्जित होती हैं, जो तापमान वृद्धि को और बढ़ाती हैं। वन्यजीवों पर इसका प्रभाव अत्यंत गंभीर है। प्रत्येक जीव की एक तापीय सीमा होती है, जिसके भीतर वह जीवित रह सकता है। जब तापमान इस सीमा से बाहर जाता है, तो उनके शरीर की जैव-रासायनिक क्रियाएं प्रभावित होती हैं।

जल स्रोतों का सूखना इस संकट को और गहरा करता है। जंगलों में रहने वाले जीव जल के लिए लंबी दूरी तय करने को विवश हो जाते हैं, जिससे उनका जीवन और अधिक संकटग्रस्त हो जाता है। यह स्थिति कई बार मानव और वन्यजीवों के बीच संघर्ष को जन्म देती है, जो दोनों के लिए हानिकारक है। समाधान के स्तर पर हमें बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। सबसे पहले, वनों का संरक्षण और विस्तार आवश्यक है। वृक्षारोपण केवल संख्या बढ़ाने का प्रयास नहीं होना चाहिए, बल्कि यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लगाए गए वृक्ष दीर्घकाल तक जीवित रहें और पारिस्थितिक संतुलन में योगदान दें। इसमें समाज और शासन की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। पर्यावरण संरक्षण के लिए कठोर नियम बनाए जाने चाहिए और उनका पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। शिक्षा के माध्यम से लोगों में जागरूकता फैलाना आवश्यक है, ताकि वे अपने कर्तव्यों को समझ सकें।

### जैव विविधता की स्थिति

वन्यजीव इस तंत्र की दूसरी महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे बीजों के प्रसार में सहायक होते हैं, जिससे नए वृक्षों का जन्म होता है। वे खाद्य श्रृंखला का हिस्सा होते हैं, जिससे विभिन्न जीवों की संख्या संतुलित रहती है। यदि यह संतुलन बिगड़ता है, तो इसका प्रभाव पूरे पर्यावरण पर पड़ता है।

तापमान वृद्धि के कारण जल स्रोतों का सूखना भी वन्यजीवों के लिए एक बड़ी चुनौती है। वैज्ञानिक अध्ययनों से यह ज्ञात हुआ है कि वैश्विक ताप वृद्धि के साथ-साथ वर्षा के पैटर्न में भी परिवर्तन हो रहा है। इससे अनेक क्षेत्रों में सूखे की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे जल स्रोत समाप्त हो रहे हैं। जल के अभाव में वन्यजीवों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उनकी ऊर्जा खपत बढ़ती है और वे अधिक जोखिम में आ जाते हैं।

जैव विविधता के संदर्भ में भी यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि वर्तमान समय में प्रजातियों के विलुप्त होने की दर प्राकृतिक दर से कई गुना अधिक हो गई है। यह संकेत करता है कि हम एक ऐसे कालखंड में प्रवेश कर चुके हैं, जहां व्यापक स्तर पर जैव विविधता का ह्रास हो रहा है।

## बिजनेस ब्रीफ

### श्रीकांत वेलमकन्नी बने नैसकॉम के चेयरमैन

**नयी दिल्ली।** देश की कृत्रिम मेधा (एआई) कंपनी फ्रैक्टल के सह-संस्थापक और समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीकांत वेलमकन्नी को नैसकॉम का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है। प्रौद्योगिकी कंपनियों के शीर्ष निकाय नैसकॉम ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वेलमकन्नी ने एसएपी लैब्स इंडिया की प्रबंध निदेशक सिंधु गंगाधरन का स्थान लिया है, जिनका चेयरमैन के रूप में कार्यकाल अप्रैल 2026 में पूरा हो रहा है। नैसकॉम ने बताया कि किशोर पाटिल को संस्था का वाइस चेयरमैन चुना गया है। नैसकॉम के अनुसार, वेलमकन्नी देश की शुरुआती और एआई आधारित प्रमुख कंपनियों में से एक के सह-संस्थापक हैं और उनके पास कृत्रिम मेधा, डेटा विश्लेषण और वैश्विक बाजार की गहरी समझ है, जो इस समय उद्योग के लिए महत्वपूर्ण है।

### केपी एनर्जी को मिली सीईआरसी की मंजूरी

**नयी दिल्ली।** केपी एनर्जी को केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) से अंतर-राज्यीय बिजली व्यापार का लाइसेंस मिल गया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस अनुमोदन से कंपनी को राज्य की सीमाओं के पार बिजली का व्यापार करने का अधिकार मिल जाता है, जिससे वह राष्ट्रीय बिजली बाजारों में भाग ले सकेगी और विभिन्न क्षेत्रों में मांग के अनुसार बिजली की बिक्री को समायोजित करने की अपनी क्षमता को बढ़ा सकेगी।

### यूनियन बैंक का मुनाफा 5,316 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का एकल शुद्ध लाभ 2025-26 की चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 6.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 5,316 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 4,985 करोड़ रुपये था। बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में शुद्ध ब्याज आय या मुख्य आय सालाना आधार पर 1.14 प्रतिशत घटकर 9,406 करोड़ रुपये रह गई। कुल आय घटकर 31,851.15 करोड़ रुपये रह गई जो जनवरी-मार्च 2025 में 32,752.67 करोड़ रुपये थी।

### बिड़ला सन लाइफ का लाभ 18 प्रतिशत घटा

**नयी दिल्ली।** आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी का मार्च, 2026 में समाप्त तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 187 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 228 करोड़ रुपये था।

# प. एशिया में तनाव से शेयर बाजार में गिरावट जारी, सेंसेक्स 852 अंक टूटा

## अमेरिकी-ईरान वार्ता रुकने से कच्चा तेल फिर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचा

**मुंबई, एजेंसी**




स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 852.49 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 205 अंक नुकसान में रहा। अमेरिकी-ईरान वार्ता रुकने के कारण कच्चा तेल एक बार फिर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने से बाजार में गिरावट आई। कारोबारियों के अनुसार विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के साथ ही एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख ने भी निवेशकों को प्रभावित किया।

तीस शेयर वाला बीएसई सेंसेक्स 852.49 अंक यानी 1.09 प्रतिशत टूटकर 77,664 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 942.31 अंक यानी 1.20 प्रतिशत फिसलकर 77,574.18 पर आ गया था। दूसरी ओर 50 शेयर पर आधारित एनएसई निफ्टी 205.05 अंक यानी 0.84 प्रतिशत गिरकर 24,173.05 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.89 प्रतिशत बढ़कर 103.8 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.39 प्रतिशत और स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.34 प्रतिशत की गिरावट आई। क्षेत्रवार प्रदर्शन देखें तो पीएसयू बैंक में 2.36 प्रतिशत, वाहन में 2.27 %, रियल्टी में 1.91 %, उपभोक्ता विवेकाधीन वस्तुओं में 1.71 %, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में 1.63 और बैंकएक्स में 1.46 प्रतिशत की गिरावट आई। दूसरी ओर स्वास्थ्य देखभाल में 1.66, पूंजीगत वस्तुओं में 0.40, बिजली में 0.40 और औद्योगिकी वस्तुओं में 0.11 % की तेजी रही। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,078.36 करोड़ के शेयर बेचे।

एशिया के बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजार भी नुकसान में थे। अमेरिकी बाजार बुधवार को बढ़त में रहे थे।

### हॉर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान से टूटा भरोसा

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक हरिप्रसाद ने कहा कि भारतीय बाजारों में गिरावट का सिलसिला जारी रहा, निफ्टी में लगातार दूसरे दिन नरमी देखी गई। बाजार का मिजाज जोखिम से बचने का है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान से जुड़ी चिंताओं ने निवेशकों के भरोसे को कमजोर किया है।

### गिरावट वाले शेयर

ट्रेंट, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस और एचडीएफसी बैंक

### ये रहे लाभ में

अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, सन फार्मा, भारती एयरटेल और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स

## पेट्रोल, डीजल की कीमत बढ़ाने की अभी कोई योजना नहीं : तेल मंत्रालय

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने विधानसभा चुनाव के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतें 25-28 रुपये प्रति लीटर बढ़ाए जाने का दावा करने वाली खबरों को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया और कहा कि ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि कुछ खबरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत बढ़ने की बात कही जा रही है। स्पष्ट किया जाता है कि सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। यह स्पष्टीकरण कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज की एक रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें संकेत दिया गया था कि पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में 29 अप्रैल को मतदान खत्म होने के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी हो सकती है। कोटक ने कच्चे तेल की कीमत करीब 120 डॉलर प्रति बैरल रहने के आधार पर 25-28 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया था। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी खबरें नागरिकों में डर एवं घबराहट पैदा करने के लिए पेश की जा रही हैं और ये भ्रामक व गुमराह करने वाली हैं।

## एक वित्त वर्ष में 7.5% घटा चावल निर्यात

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** देश का चावल निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में 7.5 प्रतिशत घटकर 11.53 अरब डॉलर रह गया। पश्चिम एशिया क्षेत्र के देशों सहित प्रमुख बाजारों को निर्यात में कमी इसकी मुख्य वजह रही। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। वहीं मार्च में निर्यात 15.36 प्रतिशत घटकर 99.75 करोड़ डॉलर रहा।

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध के कारण ईरान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब और ओमान सहित पश्चिम एशिया क्षेत्र के देशों को होने वाले निर्यात पर असर पड़ा है।

## 2,800 करोड़ रुपये से अधिक का करेगी निवेश अमेजन

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** अमेजन इंडिया कर्मचारियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं वित्तीय कल्याण उपायों को मजबूत करने और देशभर में अपने संचालन नेटवर्क को बढ़ाने के लिए 2,800 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने की योजना है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि यह नया निवेश कंपनी की 2030 तक भारत में 35 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक निवेश करने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इसमें कारोबार विस्तार, कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित डिजिटलीकरण, निर्यात वृद्धि और रोजगार सृजन जैसे उपाय शामिल हैं। अमेजन इंडिया एवं ऑस्ट्रेलिया के संचालन उपाध्यक्ष अभिनव सिंह ने कहा कि यह निवेश कंपनी के प्रयासों को और मजबूत करेगा।

ब्रोकरेज कंपनी बर्नस्टीन ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

# बिना सुधारों और नवाचारों के पिछड़ जाएगा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



ब्रोकरेज कंपनी बर्नस्टीन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम लिखे एक खुले पत्र में आगाह किया कि यदि भारत संरचनात्मक सुधारों, विशेषकर रोजगार, विनिर्माण एवं नवाचार में तेजी नहीं लाता है तो हाल के आर्थिक लाभ व्यर्थ हो सकते हैं। इसमें कहा गया है कि पिछले छह वर्ष दिखाते हैं कि जब नीतियां समन्वित होती हैं तो भारत क्या कर सकता है। लेकिन साथ ही एक जोखिम भी है..., यह मान लेना कि सफलता आगे भी जारी रहेगी और इस बात को कम आंकना कि कितना काम बाकी है।

बर्नस्टीन ने कहा कि वैश्विक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) रैंकिंग में भारत की बढ़त और सब्सिडी के बजाय बुनियादी ढांचे पर ध्यान ने वृद्धि को आधार दिया है, लेकिन वैश्विक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है जहां आपूर्ति श्रृंखलाएं पुनर्गठित हो रही हैं और प्रौद्योगिकी व्यवधान तेज हो रहा है।

### रोजगार है प्रमुख चिंता

एक प्रमुख चिंता रोजगार है, खासकर तब जब 'जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' (जेन एआई) उस सेवा क्षेत्र के लिए खतरा बन रहा है जिसने दशकों तक भारत के मध्यम वर्ग को आगे बढ़ाया है। बर्नस्टीन ने साथ ही यह भी सवाल उठाया कि क्या विनिर्माण क्षेत्र बड़े पैमाने पर विस्थापित श्रम को समायोजित कर सकता है। पत्र में कहा गया है कि अंततः, कोई देश अपने लोगों को कहां और कैसे तैनात करता है, यही उसके दीर्घकालिक भविष्य को निर्धारित करता है।

### संरचनात्मक बाधाएं

पत्र में कृषि को एक प्रमुख बाधा बताया गया, जहां लगभग 42-45 प्रतिशत कार्यबल केवल 15-16 प्रतिशत जीडीपी में योगदान देता है। कृषि कानूनों की वापसी के बावजूद सुधारों को फिर से शुरू करने, सिंचाई बढ़ाने और सब्सिडी पर निर्भरता घटाने की बात कही गई।

### एआई एवं विनिर्माण में दूरी

बर्नस्टीन ने आगाह किया कि भारत बुनियादी प्रौद्योगिकी विकसित करने के बजाय डेटा सेंटर पर ध्यान केंद्रित करके कृत्रिम मेधा (एआई) में पीछे रह सकता है।

### निर्णायक कार्रवाई जरूरी

बर्नस्टीन ने कहा कि भारत में पूंजी, प्रतिभा या महत्वाकांक्षा की कमी नहीं है। अब आवश्यकता है कि कठिन निर्णयों को टालने के बजाय जल्दी लेने की अधिक स्पष्ट इच्छा दिखाई जाए। कार्रवाई का अवसर अब भी खुला है, लेकिन यह तेजी से कम होता जा रहा है।

सकारात्मक पहल | आईआईए और इंडो-जापान चैम्बर ऑफ कॉमर्स के बीच बनी रणनीति

# छोटे उद्यमियों को देंगे वैश्विक भागीदारी का अवसर : दिनेश गोयल

- मुख्यमंत्री योगी के 'जापान मिशन' को बताया प्रेरक

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**



बैठक में शामिल इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) और इंडो जापान चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जापान सरकार के साथ किए गए दूरदर्शी समझौते को आधार मानते हुए एमएसएमई को वैश्विक मंच प्रदान करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है।

हाल में आईआईए और इंडो-जापान चैम्बर ऑफ कॉमर्स के बीच हस्ताक्षरित किए गए एमओयू के क्रम में बुधवार को ग्रेटर नोएडा में दोनों संस्थाओं ने एक उच्च स्तरीय रणनीतिक बैठक की गई। जो एमएसएमई को बहुआयामी विस्तार देगी। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने बैठक का नेतृत्व करके मुख्यमंत्री के विजन को साझा किया। विशेष रूप से एसएमईएस के लिए सरकारी नीतियों और सहायक दिशा-निर्देशों की आवश्यकता पर बल दिया। कहा कि हमारा उद्देश्य छोटे उद्यमियों को उनकी सीमित बजटीय सीमाओं से बाहर निकालकर वैश्विक भागीदारी के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने एमओयू के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक 'स्टीयरिंग कमेटी' के गठन का प्रस्ताव रखा।

बैठक में प्रदेश के औद्योगिक समूहों को जापानी तकनीक और विशेषज्ञता से जोड़ने पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें लखनऊ, बाराबंकी और कानपुर आईआईए एक्सपोर्ट कमेटी के चेयरमैन अमन अग्रवाल ने यहां के चिकन वस्त्र, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, चमड़ा, टेक्सटाइल और रक्षा विनिर्माण को वैश्विक मानकों पर लाने की योजना साझा की।

सहारनपुर और शामली से काष्ठ कला और लौह उद्योग को जापानी फिनिशिंग के साथ जोड़ने पर चर्चा हुई तो मुरादाबाद और संभल से पीतल एवं हस्तशिल्प उद्योग के लिए आधुनिक जापानी ऑटोमेशन तकनीकों पर जोर दिया गया। मेरठ से स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष सुमनेश अग्रवाल ने मेरठ के खेल उत्पादों को विश्वस्तरीय बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। पर्यटन और आतिथ्य पर भी चर्चा हुई। वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज, आगरा और मथुरा जैसे धार्मिक एवं ऐतिहासिक केंद्रों में जापानी मानकों के अनुरूप क्लस्टर आधारित पर्यटन विकास और आतिथ्य सेवाओं को अपग्रेड करने पर विशेष सहमति बनी।

इसके अतिरिक्त बहु-राज्य विकास और पूर्वोत्तर क्षेत्र की संभावनाओं के लिए आईआईए ने एमओयू के माध्यम से केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, बिहार और पूर्वांचल के लिए भी व्यापक विकास के अवसरों को रेखांकित किया है। साथ ही अरुणाचल प्रदेश और असम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र के उत्पादों को भी आईआईए के माध्यम से वैश्विक पहुंच दिलाने की पहल की गई है। आईजेसीसी के चेयरमैन राहुल मिश्रा और उनकी टीम ने आईटी, ऑटोमेशन और रेलवे ट्रांसफॉर्मेशन में जापानी 'ट्रेनिंग थ्योरीज' लागू करने पर सहमति जताई। युवा उद्यमियों को जापान में प्रशिक्षण दिलाने की योजना को एक ऐतिहासिक कदम बताया गया।

## बिहार में पहली बार मसूर की व्यवस्थित खरीद, 100 टन से अधिक की खरीदारी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय खाद्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि 'आत्मनिर्भर दलहन मिशन' के तहत शुरू की गई पहली व्यवस्थित दलहन खरीद पहल के अंतर्गत बिहार में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 100 टन से अधिक मसूर दाल की खरीद की गई है। यह खरीद पीएम-आशा (प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान) योजना की मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत की जा रही है, जो दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में सरकार के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। बिहार में एनसीसीएफ ने पहली बार मसूर की संगठित खरीद शुरू की है।



पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव **महासंग्राम**







### बारी की कतार...



पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान पर गुरुवार को मुर्शिदाबाद में बहरमपुर कृष्णनाथ कॉलेज में मतदान के लिए कतार में खड़े मतदाता की सहायता करता सुरक्षा कर्मी। ● अमृत विचार

## बंगाल चुनाव के पहले चरण में हुआ मतदान, तृणमूल कांग्रेस के जीत की स्थिति में होने का संकेत : ममता

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि विधानसभा चुनाव के पहले चरण में अब तक हुए मतदान से संकेत मिलता है कि तृणमूल कांग्रेस अभी से ही जीत की स्थिति में है। कोलकाता के बो बाजार इलाके में आयोजित रैली में ममता ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद वह सभी विपक्षी दलों को साथ लेकर दिल्ली (केंद्र की सत्ता) पर विजय हासिल करेंगी। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत 152 सीटों पर मतदान जारी है। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, शाम पांच बजे तक राज्य में 89.93 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि हम जीत की स्थिति में हैं। मुझे किसी पद में कोई दिलचस्पी नहीं है। मुझे कुर्सी नहीं चाहिए। मैं सिर्फ दिल्ली में भाजपा सरकार का अंत चाहती हूं।

## चार मई तृणमूल की समाप्ति तिथि, बंगाल में भारी मतदान से सत्ता परिवर्तन के संकेत: मोदी

**मथुरापुर (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**



पश्चिम बंगाल के हावड़ा में रोडशो में जनता का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि चार मई को मतगणना वाला दिन बंगाल में 'टीएमसी की 15 साल पुरानी सिंडिकेट प्रणाली और महाजंगल राज' की समाप्ति का दिन होगा। मोदी ने दक्षिण 24 परगना जिले के मथुरापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले काकद्वीप स्टेडियम में एक सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि राज्य में भारी मतदान से संकेत मिलता है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भय का शासन भाजपा के भरोसे के वादे से निश्चित रूप से पराजित हो रहा है।

मोदी ने कहा कि बंगाल में एक भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जहाँ रिश्वत के बिना काम होता हो, जहाँ टीएमसी के सिंडिकेट और उनके बिचौलिए कमीशन न लेते हों। 15 साल पुरानी सिंडिकेट प्रणाली और टीएमसी का 'महाजंगल राज' चार मई को समाप्त हो रहा है। ममता बनर्जी सरकार को झूठे वादे करने और लोगों को धोखा देने के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए प्रधानमंत्री ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा किए गए 'टूटे वादों' की सूची गिनाई। मोदी ने कहा कि मुख्य भूमि को सागर द्वीप से जोड़ने वाले पुल का निर्माण, जहां गंगासागर मेला आयोजित होता है, अभी तक शुरू नहीं हुआ है, और लोगों को अभी तक नौकाओं पर निर्भर रहना पड़ता है। बाढ़ नियंत्रण हेतु घाटाल मास्टर प्लान भी शुरू ही नहीं हो पाया है।

### ...फिर कोई घुसपैठ नहीं कर पाएगा : अमित शाह

बालागढ़। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि भाजपा के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद पश्चिम बंगाल में एक भी घुसपैठिये को घुसने नहीं दिया जाएगा और पहले से मौजूद अवैध प्रवासियों को चुन-चुन कर बाहर निकाला जाएगा। हुगली जिले के बालागढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राज्य में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा सरकार बनेगी।

## बंगाल चुनाव: समानांतर 'रणनीति कक्ष' का संचालन कर रहे थे ममता-अभिषेक और शाह

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा की 152 सीटों पर बृहस्पतिवार को पहले चरण का मतदान हुआ। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और भाजपा नेता अमित शाह ने क्रमशः कालीघाट और साल्ट लेक से अपने अपने दलों के 'रणनीति कक्ष' का संचालन किया। इस महत्वपूर्ण चुनावी मुकाबले में वास्तविक समय में मतदान और बूथ स्तर की गतिविधियों पर पल-पल नजर रखी। बनर्जी के साथ उनके भतीजे और पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी थे, जबकि शाह के साथ केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता थे।

राज्य में बृहस्पतिवार को विधानसभा चुनाव के पहले चरण में तेजी से मतदान हुआ, जिसमें शाम छह बजे तक करोड़ मतदाताओं में से रिकॉर्ड तोड़ 91.64 प्रतिशत अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके थे। इस दौरान छिटपुट हिंसा, धमकियों और भाजपा उम्मीदवारों पर हमलों के कुछ मामले भी सामने आए। सुबह से ही, सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस का राजनीतिक केंद्र कालीघाट एक तरह से कमांड सेंटर बन गया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी मतदान के रुझानों, जिले से मिली जानकारी और किसी भी तरह की गड़बड़ी के संकेतों पर कड़ी नजर रख रहे थे। स्थानीय सूत्रों के व्यापक नेटवर्क से सुसज्जित तृणमूल नेतृत्व न केवल निगरानी कर रहा था, बल्कि जिले के नेताओं को, विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में, निर्देश भी जारी कर रहा था। अगर कालीघाट तृणमूल कांग्रेस का पारंपरिक केंद्र था, तो भाजपा के सॉल्ट लेक कार्यालय में भी एक समानांतर कमान संरचना बनायी गयी थी।

बंगाल की चुनावी लड़ाई पर केंद्रीय नेतृत्व की मजबूत पकड़ को रेखांकित करते हुए मतदान शुरू होने के कुछ ही समय बाद, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यहां सॉल्ट लेक स्थित भाजपा के 'रणनीति कक्ष' का दौरा किया। चुनाव प्रचार की बारीकी से निगरानी कर रहे शाह ने जमीनी स्थिति का आकलन करने के लिए वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ बंद कमरे में बैठक की। यह दौरा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उनकी आधिकारिक यात्रा का हिस्सा नहीं था और उत्तरी बंगाल के कई निर्वाचन क्षेत्रों और दक्षिणी बंगाल के कुछ हिस्सों में मतदान शुरू होने के कुछ ही घंटों बाद हुआ था। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय मंत्री ने मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने मतदान प्रतिशत और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की रिपोर्ट के संबंध में पार्टी पदाधिकारियों और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से प्राप्त प्रतिक्रियाओं की भी समीक्षा की।

## तमिलनाडु में द्रमुक सत्ता में बनी रहेगी: सांसद दयानिधि मारन

**चेन्नई, एजेंसी।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता दयानिधि मारन ने बृहस्पतिवार को विश्वास व्यक्त किया कि सत्तारूढ़ पार्टी तमिलनाडु में लगातार दूसरी बार सत्ता में आएगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने चेन्नई में मतदान करने के बाद कहा कि द्रमुक सत्ता में बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि सिर्फ मैं ही नहीं बल्कि पूरे तमिलनाडु के लोग चाहते हैं कि द्रमुक फिर से सत्ता में आए। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ। यहां सत्तारूढ़ द्रमुक और मुख्य विपक्षी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) सत्ता के प्रमुख दावेदार हैं, जबकि अभिनेता विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) और तमिल राष्ट्रवादी सीमान नीत एनटीके भी मुकाबले में है।



वोट के बाद निशान दिखाते सीएम स्टालिन।

## चेन्नई: द्रमुक के विरोध में भाजपा ने दिया धरना

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में बृहस्पतिवार को भाजपा के कार्यकर्ताओं ने द्रमुक के कुछ सदस्यों पर मतदाताओं को प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए मयलापुर निर्वाचन क्षेत्र में एक मतदान केंद्र के सामने धरना प्रदर्शन दिया। राज्य की 234 विधानसभा सीटों पर मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही मयलापुर से भाजपा की उम्मीदवार और पूर्व राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन मौके पर पहुंचीं। आरोप लगाया कि द्रमुक के कुछ सदस्यों ने पार्टी के चुनाव चिन्ह 'उगते सूरज' का खुलेआम प्रदर्शन किया और मतदान के लिए कतार में खड़े मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास किया।



मतदान के बाद निशान दिखाते अभिनेता कमल हासन, श्रुति हासन।

अमृत विचार



## वर्ल्ड ब्रीफ

### फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति दुतेर्ते पर चलेगा मुकदमा

**द हेग।** अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते पर मानवता के विरुद्ध अपराधों के आरोप में मुकदमा चलाया जाएगा। आरोप है कि दुतेर्ते के कार्यकाल के दौरान मादक पदार्थ-रोधी अभियानों में कार्रवाई के नाम पर अत्याचार किए गए। तीन न्यायाधीशों की पीठ ने सर्वसम्मति से पाया कि यह मानने के लिए पर्याप्त आधार हैं कि पहले दक्षिणी फिलीपींस के दवाओ शहर के महापौर के रूप में और फिर राष्ट्रपति पद पर रहते हुए दुतेर्ते दर्जनों हत्याओं के लिए जिम्मेदार थे। दुतेर्ते (80) को पिछले साल फिलीपींस में गिरफ्तार किया गया था और उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंताओं के कारण अदालती कार्यवाही में देरी हुई है।

### नेपाल: राष्ट्रपति पौडेल ने बुलाए बिना संसद सत्र स्थगित किया

**काठमांडू।** नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने संसद के दोनों सदनों का सत्र बिना बुलाए ही बृहस्पतिवार को स्थगित कर दिया। पौडेल ने 21 अप्रैल को मंत्रिमंडल की सिफारिश पर 30 अप्रैल को संसद का सत्र बुलाया था। राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता रितेश कुमार शाक्य ने बताया कि नेपाल सरकार और मंत्रिमंडल की सिफारिश पर राष्ट्रपति ने प्रतिनिधि सभा और राष्ट्रीय सभा के सत्र को स्थगित करने के लिए विशेष कारणों का हवाला दिया। संसद सत्र को आहूत किये बिना स्थगित करने के फैसले को लेकर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। संसद के सबसे वरिष्ठ सदस्य और नेपाली कांग्रेस के नेता अर्जुन नरसिंह केसी ने कहा कि संसद सत्र को बुलाए बिना ही स्थगित करने का सरकार का निर्णय अभूतपूर्व और हतप्रभ करने वाला है।

### अवैध बर्खास्तगी पर 45 लाख रुपये का मुआवजे के आदेश

**जयपुर।** राजस्थान में जयपुर में श्रम न्यायालय ने रेलवे स्टेशन रोड स्थित पांच सितारा होटल राजपूताना शेरेटन से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। न्यायाधीश दिनेश कुमार गुप्ता ने दो कर्मचारियों की सेवा समाप्ति को अवैध करार देते हुए होटल प्रबंधन को एकमुश्त 45 लाख रुपये मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। हालांकि अदालत ने कर्मचारियों को पुनः नौकरी पर बहाल करने के बजाय आर्थिक क्षतिपूर्ति को उचित माना। ये दोनों मामले विद्याधर नगर निवासी शैलेन्द्र कुमार और बनीपार्क निवासी अजय बहादुर द्वारा दायर किए गए थे। दोनों श्रमिकों की ओर से एडवोकेट कुणाल रावत ने पैरवी की।

# होर्मुज से बारूदी सुरंगों को हटाने में लग सकता है छह महीने का वक्त: पेंटागन

## वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति लंबे समय तक बाधित रहने की आशंका उच्चस्तर तक पहुंची

**वाशिंगटन, एजेंसी**

पेंटागन ने अमेरिकी सांसदों को चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंगों को हटाने में छह महीने तक का समय लग सकता है। इस चेतावनी के बाद वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में लंबे समय तक व्यवधान की संभावना सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई है। हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी के सदस्यों को दी गई एक गोपनीय ब्रीफिंग से परिचित अधिकारियों के अनुसार इस समयसीमा से फरवरी के अंत में युद्ध की शुरुआत के बाद से ईरान की ओर से तैनात की गई बारूदी सुरंगों को हटाने की जटिलता का पता चलता है।

सांसदों को बताया गया कि तेहरान ने जलडमरूमध्य में और उसके आसपास कम से कम 20 सुरंगें बिछाई होंगी, जिनमें से कुछ जीपीएस सक्षम प्रणालियों से लैस हैं जो उन्हें बहने या दूर से स्थित किए जाने की अनुमति देती हैं। इस कारण उनका पता लगाना और उन्हें हटाना कहीं अधिक कठिन हो जाता है। इस सप्ताह की शुरुआत में हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी के सदस्यों के लिए एक गोपनीय ब्रीफिंग में साझा किए गए पेंटागन के आकलन के अनुसार युद्ध समाप्त होने के बाद ही इस तरह की कोई कार्रवाई शुरू होने की संभावना है। होर्मुज जलडमरूमध्य, समुद्री ऊर्जा आपूर्ति के सबसे महत्वपूर्ण मार्गों में से एक है जहां से आमतौर पर विश्व की तेल आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है, जो अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कुल ऊर्जा आपूर्ति का 20 प्रतिशत है। इस मार्ग के बंद होने से ऊर्जा बाजारों में पहले ही हलचल मच गई है, जलडमरूमध्य में टैंकरों का आवागमन पहले की तुलना में काफी कम हो गया है, जबकि तेल और गैस की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं।

### फिर गलत साबित हुआ ट्रंप का दावा

इस ब्रीफिंग ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया दावों का पुरजोर खंडन किया कि ईरान ने पहले ही उस क्षेत्र से बारूदी सुरंगें हटाना शुरू कर दिया है। इसके विपरीत, पेंटागन के आंतरिक आकलन से पता चलता है कि यह प्रक्रिया कहीं अधिक लंबी और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण है, जिससे रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों दलों के सांसद नाराज हैं। मौजूदा व्यवधानों के अनिश्चितकालीन विस्तार से आने वाले महीनों में तेल और गैस की कीमतें ऊंची बनी रह सकती हैं, जिसका असर मुद्रास्फीति और घरेलू ईंधन लागत पर भी पड़ेगा। पिछले सप्ताह होर्मुज को कुछ समय के लिए फिर से खोला गया था, लेकिन ईरान द्वारा वाशिंगटन पर नौसैनिक नाकाबंदी जारी रखकर प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन करने का आरोप लगाने के बाद इसे तुरंत फिर बंद कर दिया गया।



मिनाब के बच्चे अब भी चित्र बनाते हैं... शीर्षक पर नई दिल्ली में ईरानी दूतावास की आयोजित की प्रदर्शनी।

### ईरान ने होर्मुज से पहली बार वसूला टोल

**तेहरान।** ईरानी संसद के उप अध्यक्ष हामिद रेजा हाजी बाबाई ने कहा कि देश के केंद्रीय बैंक को नवगठित होर्मुज टोल प्रणाली से अपना पहला राजस्व प्राप्त हुआ है। पिछले महीने ईरानी संसद के सुरक्षा आयोग ने रणनीतिक जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों पर परिवहन शुल्क लगाने की योजना को मंजूरी दी थी। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे दुनिया के लिए खतरनाक बताया था।

### बर्लिन में रजा पहलवी पर फेंका लाल रंग

**बर्लिन।** ईरान के निर्वासित युवराज रजा पहलवी पर बृहस्पतिवार को बर्लिन की एक इमारत से बाहर निकलते समय लाल रंग का तरल पदार्थ फेंका गया। यह घटना जर्मनी के संघीय प्रेस कॉन्फ्रेंस भवन के बाहर तब हुई जब पहलवी संवाददाता सम्मेलन करके बाहर निकल रहे थे।

### सेंटकॉम ने 31 जहाजों को वापस लौटाया

**वाशिंगटन।** ईरान के खिलाफ अपनी समुद्री घेराबंदी को और सख्त करते हुए अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने गुरुवार को पुष्टि की कि उसने ईरान के विरुद्ध अमेरिकी घेराबंदी के हिस्से के रूप में 31 जहाजों को बंदरगाह पर लौटने का निर्देश दिया है। इन जहाजों में अधिकांश तेल टैंकर बताए जा रहे हैं।

### ट्रंप ने होर्मुज में बारूदी सुरंगे बिछा रही नावें नष्ट करने का दिया आदेश

**दुबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सुबह सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में अमेरिकी सेना को होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध करने वाली छोटी ईरानी नावों को नष्ट करने का आदेश दिया। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से बारूदी सुरंगों को हटाने के प्रयास तेज कर रही है। उन्होंने पोस्ट किया, 'मैंने अमेरिकी नौसेना को आदेश दिया है कि होर्मुज के पानी में बारूदी सुरंगें बिछाने वाली किसी भी नाव, चाहे वह छोटी ही क्यों न हो, उसे गोली मारकर नष्ट कर दिया जाए। उन्होंने लिखा, हमारे बारूदी सुरंग हटाने वाले यंत्र इस समय जलडमरूमध्य को साफ कर रहे हैं। मैं यह कार्य तीन गुना अधिक रफ्तार से जारी रखने का आदेश देता हूं।

# ईरान युद्ध अमेरिका की सेना पर भारी अब नौसेना प्रमुख ने दिया त्यागपत्र

**वाशिंगटन, एजेंसी**

ईरान युद्ध के बीच अमेरिका के एक और वरिष्ठ सैन्य अफसर ने त्यागपत्र दे दिया है। ताजा इस्तीफा अमेरिकी नौसेना प्रमुख जॉन सी फेलन का है जिनके बारे में अमेरिका के युद्ध विभाग ने बयान जारी किया है कि वह तत्काल प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं। इसके बाद उप प्रमुख हंग काओ नौसेना के कार्यवाहक प्रमुख के रूप में सेवा देंगे।

फेलन की विदाई कई लोगों के लिए आश्चर्यजनक रही। उनके संबंध युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ के साथ ठीक नहीं थे, हालांकि बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनके संबंध अच्छे थे। एक सूत्र ने कहा, फेलन यह नहीं समझ पाए कि वह सर्वोच्च अधिकारी नहीं थे। उनका काम दिए गए आदेशों का पालन करना था, न कि उन आदेशों का पालन करना जो उनके अनुसार दिए जाने चाहिए। फेलन ने मंगलवार को नौसेना के भविष्य और गोल्डन फ्लीट पहल सहित इसके प्रमुख निवेशों पर चर्चा करने के लिए संवाददाताओं से बात की थी।

फेलन का त्यागपत्र उस महत्वपूर्ण मोड़ पर आया है, जब अमेरिकी नौसेना ने 13 अप्रैल को होर्मुज जलडमरूमध्य के दोनों ओर ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश करने और बाहर निकलने वाले सभी समुद्री यातायात की घेराबंदी शुरू कर दी है। दुनिया के तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और तरल प्राकृतिक गैस की आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है।



● रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से थे मतभेद, होर्मुज की नाकेबंदी की चुनौती के बीच पद छोड़ा

### संकट: अमेरिका की सेना में एक के बाद एक इस्तीफे

ईरान युद्ध शुरू होने के बाद सबसे चर्चित और बड़ा इस्तीफा नेशनल काउंटर टेररिज्म सेंटर के निदेशक जो केंट का था जिन्होंने यह कहते हुए त्यागतपत्र दिया था कि ट्रंप ने इजराइल के दबाव में ईरान पर हमला किया है और वह इस युद्ध का अंतरात्मा से समर्थन नहीं कर सकते। डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस को इसलिए हटाया गया था क्योंकि उनकी रिपोर्ट ने राष्ट्रपति के दावों के विपरीत बताया था कि अमेरिकी हमलों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को केवल कुछ महीनों का नुकसान हुआ है। अब सेना प्रमुख जनरल रैंडी जॉर्ज को भी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के निर्देश पर पद छोड़ने के लिए कह दिया गया था। जॉन फेलन को हटाए जाने को भी ईरान युद्ध की रणनीतियों से जोड़कर देखा जा रहा है।

## अमेरिकी नौसेना ने किया ईरान से जुड़े एक और तेल टैंकर को जब्त कर अपने कब्जे में लेने का दावा

**दुबई।** अमेरिकी सेना ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उसने ईरान से जुड़ा एक और तेल टैंकर जब्त किया है, जिसका इस्तेमाल ईरानी तेल की तस्करी के लिए किया जा रहा था। अमेरिकी रक्षा विभाग ने कहा कि उसने हिंद महासागर में तेल टैंकर मैजेस्टिक एक्स को जब्त किया है। यह घटना ईरान द्वारा बुधवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन मालवाहक जहाजों पर हमला करने और उनमें से दो को अपने कब्जे में लेने के बाद हुई है। रक्षा विभाग ने तेल टैंकर को जब्त करने का फुटेज जारी किया, जिसमें जहाज पर अमेरिकी सैनिक दिखाई दे रहे हैं।

# लुफ्थांसा एयरलाइन ने रद्द कीं 20,000 उड़ानें

## ईंधन संकट की मार, सहायक कंपनी सिटीलाइन को भी किया बंद

**लास वेगास, एजेंसी**

लुफ्थांसा एयरलाइंस और अन्य यूरोपीय एयरलाइन का मालिकाना हक रखने वाली जर्मन कंपनी ने मंगलवार को ईरान युद्ध के कारण तेल की कीमतों में वृद्धि और कुछ देशों में विमान ईंधन की कमी की चिंताएं गहराने के मद्देनजर अक्टूबर तक छोटी दूरी की 20,000 उड़ानों में कटौती करने की घोषणा की। लुफ्थांसा समूह के मुताबिक कम मुनाफे वाले मार्गों की उड़ानों को रद्द करने से लगभग 40,000 मीट्रिक टन विमान ईंधन के बराबर बचत होगी।



● कम मुनाफे वाली इन उड़ानों को रद्द करने से होगी 40,000 हजार मीट्रिक टन ईंधन की बचत

कंपनी ने पिछले सप्ताह लागत कम करने के लिए अपनी एक क्षेत्रीय सहायक कंपनी सिटीलाइन को बंद कर दिया। कंपनी ने कहा कि उसने योजनाबद्ध तरीके से कई केंद्रों का एकीकरण किया है जिसमें लुफ्थांसा एयरलाइन, ऑस्ट्रियन एयरलाइन, ब्रसेल्स एयरलाइन, स्विस और आईटीए एयरवेज के साथ-साथ ब्रसेल्स, रोम, वियना और ज्यूरिख में स्थित केंद्र भी शामिल होंगे। फरवरी के अंत में जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमले किए तब से कुछ बाजारों में विमान ईंधन की कीमत दोगुनी से भी अधिक हो गई है। यात्रियों पर इसका असर पहले से दिख रहा है जो कुछ मार्गों पर उड़ान विकल्पों में कमी और गर्मियों के मौसम में बढ़ते शुल्क तथा किराए में वृद्धि के रूप में देखा जा सकता है, वहीं कई एयरलाइन बैग जांच के शुल्क में वृद्धि कर रही हैं या ईंधन अधिभार जोड़ रही हैं।

ईरान युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास जारी लड़ाई ने दुनिया भर में ईंधन की कीमतों और आपूर्ति को बाधित कर दिया है। लुफ्थांसा ने कहा कि उसने आने वाले हफ्तों के लिए पर्याप्त जेट ईंधन सुरक्षित कर लिया है और गर्मियों के दौरान अपनी ईंधन आपूर्ति को स्थिर रखने के लिए विभिन्न उपायों पर काम कर रही है जिसमें जेट ईंधन की भौतिक खरीद भी शामिल है।लुफ्थांसा एयरलाइन परिचालन में कटौती करने वाली अकेली एयरलाइन नहीं है।

## अमेरिका हार मान लेने तक बातचीत नहीं : हाजी बाबाई

**तेहरान।** ईरान के सांसद हामिद रजा हाजी बाबाई ने कहा है कि जब तक अमेरिका अपनी हार स्वीकार नहीं करता, तब तक उससे किसी भी प्रकार की वार्ता संभव नहीं है।

ईरानी संसद के उपाध्यक्ष हाजी बाबाई ने क्षेत्रीय देशों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे ईरान के खिलाफ किसी हमले में सहयोग न करें। जो देश आतंकी गतिविधियों को सुविधाएं देंगे, उनके हवाई अड्डों, होटलों और यहां तक कि नेतृत्व को भी निशाना बनाया जा सकता है। ये बयान ऐसे समय आए हैं, जब ईरान पर इजराइल व अमेरिकी हमलों के बावजूद उसकी सैन्य क्षमता बरकरार बताई जा रही है।

## नोटबंदी में जब्त दो लाख रुपये मूल्य के नोट बदले रिजर्व बैंक : हाईकोर्ट

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने भारतीय रिजर्व बैंक को नोटबंदी के दौरान एक व्यक्ति से जब्त किए गए दो लाख रुपये मूल्य के 500 रुपये के नोट बदलने के निर्देश दिए हैं, जिन्हें उसे नोट बदलने के लिए निर्धारित अवधि के बाद लौटाया गया था।

न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी-फाल्के और न्यायमूर्ति निवेदिता मेहता की पीठ ने आदेश में कहा कि व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि पुलिस ने उसके पास मौजूद नोट चलन से बाहर किए गए नोटों को बदलने की अंतिम तिथि से पहले ही जब्त कर लिए थे और ये नोट उस अवधि के खत्म होने तक पुलिस के कब्जे में थे। पीठ ने गिरीश मलानी की याचिका को स्वीकार करते हुए आरबीआई को नोटबंदी के दौरान उससे जब्त किए गए दो लाख रुपये मूल्य के 500 रुपये के नोटों को बदलने के निर्देश दिए। मलानी ने अपनी याचिका में कहा था कि वह एक दिसंबर 2016 को 500 रुपये के 400 नोटों के साथ माहुर की ओर जा रहा था, तभी नगरपालिका चुनावों के मद्देनजर पुलिस गश्ती दल ने उसके वाहन को रोका और एहतियात के तौर पर दो लाख रुपये नकद जब्त कर माहुर थाने में जमा करा दिए।

# भारत की विदेश नीति में अफ्रीका अहम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि आज भारत की विदेश नीति में अफ्रीका का अहम स्थान है और नई दिल्ली का अफ्रीका के साथ संबंध समानता, परस्पर सम्मान और साझा प्रगति के सिद्धांतों पर आधारित एक स्पष्ट दृष्टिकोण से निर्देशित है।

जयशंकर ने आगामी 'भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन-4' के लोगो, थीम और वेबसाइट के अनावरण के अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए कहा, हम यहां भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन ढांचे के माध्यम से भारत और अफ्रीका के बीच स्थायी साझेदारी में एक नया अध्याय शुरू करने के लिए एकत्रित हुए हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत-अफ्रीका संबंध हमारे सभ्यतागत संबंधों पर आधारित हैं, जो सदियों से सांस्कृतिक आदान-प्रदान और लोगों के बीच संबंध के माध्यम से विकसित हुए हैं। उन्होंने कहा, उपनिवेशवाद के खिलाफ संघर्ष में भारत ने अफ्रीकी देशों के प्रति एकजुटता दिखाई थी और इससे हमारे संबंध और मजबूत हुए।




● भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन के लोगो के अनावरण पर हुई सभा में बोले जयशंकर

विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम की कहानी अफ्रीका से भी गहराई से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा, संघर्ष, एकजुटता, लचीलेपन और आकांक्षाओं का हमारा साझा इतिहास हमारी साझेदारी को आकार देता है। जयशंकर ने कहा कि आज अफ्रीका भारत की विदेश नीति में अहम स्थान रखता है। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि विकसित भारत 2047 की परिकल्पना और अफ्रीका का ''एजेंडा 2063'' सतत विकास और समावेशी विकास के माध्यम से समृद्धि और प्रगति की दिशा में पूरक रोडमैप हैं। जयशंकर ने यह भी कहा कि कई उच्च स्तरीय वार्ताओं के साथ भारत और अफ्रीका के बीच प्रमुख स्तंभों पर संबंध मजबूत हुए हैं, और भारत वैश्विक व्यवस्था में अफ्रीका के उचित स्थान का समर्थन कर रहा है।

मंत्री ने कहा कि इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम 2023 में भारत की जी20 की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ को समूह में शामिल करना था। उन्होंने कहा, यह हमारे इस दृढ़ विश्वास को दर्शाता है कि आने वाले समय में वैश्विक शासन को दिशा देने में ग्लोबल साउथ की आवाजों का विशेष महत्व होगा।

## दो पाकिस्तानी चीनी स्पेस स्टेशन जाने वाले पहले विदेशी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ़ ने चीन के अंतरिक्ष मिशन के लिए चयनित पाकिस्तानी अंतरिक्ष यात्रियों खुर्रम दाऊद और मोहम्मद जीशान अली से गुरुवार को मुलाकात कर उनके प्रयासों की सराहना की। इस दौरान पाकिस्तान की अंतरिक्ष एजेंसी सुपारको की अंतरिक्ष यात्री आताशी हस्नान इफ्तिखार भी उपस्थित थीं।

● दोनों से मिले शरीफ, कहा- यह मिशन पाकिस्तान की उपलब्धि

शरीफ ने अंतरिक्ष यात्रियों से कहा कि उनसे मिलना उनके लिए गर्व का विषय है और यह मिशन पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगा। शरीफ ने चीनी राजदूत के साथ बातचीत में कहा कि अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में पाकिस्तान और चीन की मित्रता नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, चीन के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए विदेशी अंतरिक्ष यात्रियों के पहले समूह के चयन में पाकिस्तान के दो उम्मीदवारों का चयन किया गया है। दोनों चयनित उम्मीदवार प्रशिक्षण के लिए शीघ्र ही चीन जाएंगे और आवश्यक प्रशिक्षण तथा मूल्यांकन पूरा करने के बाद उनमें से एक को अंतरिक्ष मिशन में भेजा जाएगा।

## पाकिस्तानी विमानों पर भारत के हवाई क्षेत्र में प्रतिबंध बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत ने अपने हवाई क्षेत्र में पाकिस्तानी विमानों पर लगाए गए प्रतिबंध को मंगलवार को 24 मई तक के लिए बढ़ा दिया। प्रतिबंध में इस नए विस्तार के साथ पाकिस्तान के विमानों के लिए भारतीय हवाई क्षेत्र बंद रहने की अवधि एक वर्ष से अधिक हो जाएगी। यह फैसला 22 अप्रैल 2025 को हुए पहलगाम आतंकी हमले के कुछ दिनों बाद पहली बार लागू किया गया था।

## भ्रष्टाचार में शहबाज की बेटी-दामाद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट पर रोक

**लाहौर।** पाकिस्तान की एक अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की बेटी और दामाद के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट को निलंबित कर दिया है। अदालत के एक अधिकारी ने कहा कि लाहौर की जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश राणा आरिफ ने बुधवार को 'पंजाब साफ पानी कंपनी' से संबंधित भ्रष्टाचार मामले में राबिया इमरान और उनके पति इमरान अली यूसुफ के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट निलंबित कर दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को निष्पक्ष और न्यायसंगत सुनवाई का अधिकार है। अदालत ने 2022 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान के कार्यकाल के दौरान उनकी गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किए थे।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज भौतिक सुविधाओं का आनंद उठाएंगे। सहयोगी आपके काम में हस्तक्षेप कर सकते हैं। घर में धार्मिक गतिविधियां हो सकती हैं।

**तुला** – आज मेहनत करेंगे, तो परिणाम भी अच्छा मिलेगा। काम को लेकर जिम्मेदारी बढ़ सकती है। खुद को साबित करने का मौका मिलेगा।

**वृष** – आज किसी जरूरी सूचना या व्यक्ति से जुड़कर काम आगे बढ़ सकता है। छोटी कोशिश भी अच्छा परिणाम दे सकती है।

**वृश्चिक** – आज आपका नजरिया पॉजिटिव रहेगा। आप हर स्थिति में रास्ता निकाल लेंगे। कुछ नया सीखने या समझने का मौका मिल सकता है।

**मिथुन** – आज खर्च को लेकर सजग रहने की जरूरत है। सोच-समझकर लिया गया फैसला आगे लाभ देगा। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं।

**धनु** – आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। किसी बात को लेकर असहज महसूस हो सकता है। धैर्य बनाए रखें।

**कर्क** – आज आपको सफलता मिलेगी। अपनी क्षमताओं का कुशल प्रयोग करेंगे। जिम्मेदारियों का आसानी से निर्वहन कर पाएंगे।

**मकर** – आज साझेदारी पर ध्यान देना जरूरी रहेगा। संतुलन बनाए रखें। पारिवारिक मामलों को शांतिपूर्ण तरीके से निपटा लें।

**सिंह** – आज थोड़ा शांत रहकर स्थिति को समझना बेहतर रहेगा। हर बात में तुरंत प्रतिक्रिया देने की जरूरत नहीं है। चीजें आपके पक्ष में होंगी।

**कुंभ** – आज सही प्राथमिकता तय करेंगे, तो दिन आपके पक्ष में रहेगा। काम का दबाव बढ़ सकता है। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है।

**कन्या** – आज किसी के साथ मिलकर किया गया काम सफल होगा। योजनाओं को आगे बढ़ाने का अच्छा समय है। संपर्कों से लाभ मिलने के संकेत हैं।

**मीन** – आज का दिन सकारात्मक रहेगा। आपको अपने मन के अनुसार काम करने का मौका मिलेगा। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 24 अप्रैल, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, अष्टमी 19 .21 तक तत्पश्चात नवमी।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- ग्रीष्म।

**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।

**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**-पुष्य 20 .14 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

### सुडोकू - 128 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 6 | 5 | 3 | 2 |
| 2 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 4 | 7 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 3 | 9 | 7 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 |
| 5 | 2 | 8 | 1 | 6 | 3 | 9 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 | 2 | 6 | 3 |

### सुडोकू -129

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 1 | | |
| 4 | | 7 | | | | | | |
| 9 | | | | | 5 | 8 | | |
| | | | | | 9 | | 7 | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | 3 | | | | | | | |
| | | 2 | 1 | | | | | 3 |
| | | | | | 7 | 6 | | 4 |
| 5 | | | | 3 | | | | |

## ईयू ने यूक्रेन के लिए 106 अरब डॉलर का ऋण मंजूर किया

**ब्रसेल्स।** हंगरी द्वारा अपना वीटो वापस लेने के बाद, यूरोपीय संघ ने यूक्रेन को दो वर्षों के लिए आर्थिक और सैन्य जरूरतों को पूरा करने में मदद के वास्ते 106 अरब अमेरिकी डॉलर के ऋण पैकेज को मंजूरी दे दी।

ईयू ने यूक्रेन पर रूस के युद्ध को लेकर उसके खिलाफ नए प्रतिबंधों को भी मंजूरी दे दी है। इन उपायों को साल की शुरुआत में तैयार किया गया था और संघर्ष का चौथा साल पूरा होने पर फरवरी में इनकी घोषणा की जानी थी, लेकिन हंगरी और स्लोवाकिया ने इस कदम का विरोध किया।

**कूटनीति** | पहलगाम हमले की बरसी पर भारतीय दूतावास की ओर से आयोजित प्रदर्शनी में अमेरिकी सांसदों ने की मांग

# जैश और लश्कर-ए-तैयबा पर कार्रवाई करे पाकिस्तान

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी सांसदों ने आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक एकजुटता का आह्वान करते हुए पाकिस्तान से लश्कर-ए-तैयबा और जैश जैसे आतंकी संगठनों पर कठोर नकेल कसने की अपील की है। वाशिंगटन डीसी स्थित कैपिटल हिल में भारतीय दूतावास की ओर से आयोजित प्रदर्शनी 'आतंकवाद की मानवीय कीमत' के दौरान सांसदों ने पहलगाम हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

पहलगाम हमले की पहली बरसी के अवसर पर आयोजित इस विशेष प्रदर्शनी में अमेरिकी कांग्रेस के 19 सदस्य और 60 से अधिक कांग्रेसी कार्यालयों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कांग्रेस के सदस्य ब्रैड शेरमन ने पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए कहा, पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को लश्कर-ए-तैयबा का ही हिस्सा माना जाता है, जिसे पाकिस्तान में पनाह मिली हुई है। हमें पाकिस्तान सरकार से यह स्पष्ट मांग करनी चाहिए कि वह लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद जैसे समूहों को पूरी तरह खत्म करे। हाउस रिपब्लिकन कॉन्फ्रेंस की अध्यक्ष लिसा मैकक्लेन और सांसद रिचर्ड मैककॉर्मिक ने भी इस खतरे को साझा दुश्मन बताया।



भारतीय दूतावास की ओर से आयोजित प्रदर्शनी में पहुंचे अमेरिकी सांसद।

### भारत पर बड़े आतंकी हमलों को किया प्रदर्शित

डिजिटल और इंटरैक्टिव डिस्प्ले के माध्यम से इस प्रदर्शनी में 1993 के मुंबई बम धमाकों से लेकर 2008 के मुंबई हमलों और पिछले साल हुए पहलगाम हमले के विनाशकारी परिणामों को दिखाया गया। यह आयोजन उन परिवारों और समुदायों को समर्पित था जिन्होंने आतंकी हिंसा में अपने प्रियजनों को खोया है।



"मशहूर नहीं हुआ हूं, मैं वैसा ही बने रहने की कोशिश कर रहा हूं जैसा मैं पहले था। मुझे नहीं लगता कि मैं बदल गया हूं। मुझे अभी भी बहुत कुछ करना है क्योंकि यह तो बस शुरुआत है। इसलिए मैं चीजों को जितना हो सके उतना आसान रखता हूं।
–प्रफुल हिंगे, तेज गेंदबाज, सनराइजर्स


# स्टेडियम

अयोध्या, शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

बनाम

गुजरात टाइटंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

# संजू की शतकीय पारी से चेन्नई ने मुंबई को दिया 208 रनों का लक्ष्य

## आईपीएल-2026 : सैमसन का आईपीएल में है पांचवां शतक, बाकी बल्लेबाज रहे फ्लाप




**मुंबई, एजेंसी**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन (नाबाद 101) के सत्र के दूसरे शतक की मदद से बृहस्पतिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ छह विकेट पर 207 रन का स्कोर खड़ा किया। सैमसन ने आईपीएल में अपने पांचवें शतक के लिए 54 गेंद खेलीं जिसमें 10 चौके और छह छक्के जडे. थे। खराब शॉट चयन और एकाग्रता की कमी के कारण सैमसन के साथी खिलाड़ी दूसरे छोर पर आउट होते रहे, लेकिन इस भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ने संयम से खेलते हुए वानखेड़े स्टेडियम में एक और यादगार पारी खेली।

सीएसके की टीम एक समय बड़े स्कोर की ओर बढ़ती दिख रही थी लेकिन टीम बीच के ओवरों में लड़खड़ा गई। सैमसन के अलावा टीम का कोई भी बल्लेबाज अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सका। मुंबई इंडियंस के लिए जसप्रीत बुमराह (31 रन देकर एक विकेट) ने पहले ओवर में कसी हुई गेंदबाजी की, लेकिन सैमसन ने एक चौका जड़ दिया। इसके बाद उन्होंने हार्दिक पांड्या (38 रन देकर कोई विकेट पर) की गेंद को अपने पैड्स से फ्लिक करते हुए एक छक्का भी लगाया। सीएसके की शुरुआत शानदार रही। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (22) और सैमसन ने पावरप्ले के दौरान हार्दिक के पहले दो ओवरों में 19-19 रन बटोरे। दो विकेट गिरने के बावजूद मेहमान टीम 73 रन बनाकर मजबूत स्थिति में थी। लग रहा था कि गायकवाड़ फॉर्म में वापसी कर रहे हैं।

उन्होंने हार्दिक की गेंद पर ऑन-साइड में एक जोरदार शॉट लगाकर शुरुआत की और फिर एक छक्का जड़ा जिससे दूसरे ओवर में कुल 19 रन बने। तीसरे ओवर में गायकवाड़ ने ए एम गजनफर (25 रन देकर दो विकेट) के खिलाफ शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन तिलक वर्मा ने उनका एक शानदार कैच लपक लिया। सीएसके टीम में मौजूद मुंबई के खिलाड़ियों सरफराज खान (14) और शिवम दुबे (05) के लिए यह 'घर वापसी' बिल्कुल भी सुखद नहीं रही। सरफराज के ऑन-साइड में दो चौके लगाने के बावजूद मिचेल सैंटनर ने अगली गेंद विकेटों की लाइन में ही फेंकी।

सरफराज ने अपना 'ट्रेडमार्क' स्वीप शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद सीधे उनके विकेटों से जा टकराई। नौवें ओवर में गजनफर की गेंद चौथे नंबर पर उतरे भारत के ऑलराउंडर दुबे के बल्ले के अंदरूनी किनारे से टकराकर सीधे विकेटों में जा लगी।

डेवाल्ड ब्रेविस ने 11 गेंद में 21 रन बनाने के लिए कुछ शॉट लगाए लेकिन अश्विनी कुमार (37 रन देकर दो विकेट) की एक बेहतरीन शॉर्ट गेंद पर आउट हो गए। पर सैमसन ने सतर्कता और आक्रामकता का सही तालमेल बिठाते हुए रन जुटाना जारी रखा।

**चेन्नई सुपर किंग्स**

**207/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन नाबाद | 101 |
| रुतुराज गायकवाड़ का तिलक बो गजनफर | 22 |
| सरफराज खान बो सैंटनर | 14 |
| शिवम दुबे का गजनफर | 05 |
| डेवाल्ड ब्रेविस का बुमराह बो अश्विनी | 21 |
| कार्तिक शर्मा का सैंटनर बो बुमराह | 18 |
| जेमी ओवरटन का धीर बो अश्विनी | 15 |
| अकील हुसैन नाबाद | 02 |

**अतिरिक्त** : 09, **विकेट पतन** : 1-32, 2-72, 3-91, 4-122, 5-165, 6-181

**गेंदबाजी** : बुमराह 4-0-31-1, हार्दिक 2-0-38-0, गजनफर 4-0-25-2, सैंटनर 4-0-44-1, अश्विनी 4-0-37-2, कृष भगत 2-0-31-0

### सीएसके ने म्हात्रे की जगह आकाश मधवाल को किया शामिल

**चेन्नई।** आयुष म्हात्रे के चोट के कारण आईपीएल-2026 के बचे हुए सत्र से बाहर होने के कारण चेन्नई सुपर किंग्स ने बृहस्पतिवार को उनकी जगह आकाश मधवाल को टीम में शामिल किया। भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान म्हात्रे ने सीएसके के लिए इस सत्र में शानदार शुरुआत की थी, उन्होंने छह मैच में दो अर्धशतक बनाए लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान उन्हें बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी।

### ऑरेंज कैप



- अभिषेक शर्मा हैदराबाद-323 रन
- हेनरिच क्लोसेन हैदाराबाद -320
- संजू सैमसन चेन्नई -293 रन

### पर्पल कैप



- प्रिंस यादव गुजरात - 13 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई - 13 विकेट
- इशान मलिंगा हैदाबाद- 12 विकेट

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 6 | 5 | 0 | 1 | 11 | 1.420 |
| 2. | राजस्थान रॉयल्स | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | 0.790 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 1.171 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 0 | 8 | 0.820 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.130 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.821 |
| 7. | मुंबई इंडियंस | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | 0.067 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -0.780 |
| 9. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -1.277 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |

### क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल स्टार्क को आईपीएल में खेलने के लिए दी हरी झंडी



**सिडनी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मिचेल स्टार्क को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने की अनुमति दे दी है और उम्मीद है कि यह तेज गेंदबाज दिल्ली कैपिटल्स के एक मई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच के लिए उपलब्ध रहेगा। कोहनी और कंधे में चोट के कारण बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क जनवरी से कोई मैच नहीं खेल पाए हैं। उन्होंने एशेज के पांचों टेस्ट मैचों में अहम भूमिका निभाई। उन्हें इस सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। इसके बाद उन्होंने सिडनी सिक्सर्स के लिए बिग बैश लीग के पांच मैच भी खेले थे। क्रिकेट डॉट कॉम एयू के अनुसार उम्मीद है कि स्टार्क भारत में अब कड़ा अभ्यास करेंगे। वह दिल्ली के राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक मई को होने वाले मैच में खेलने की राह पर हैं, जो उनका आईपीएल के वर्तमान सत्र में अपना पहला मैच होगा। इस 36 वर्षीय खिलाड़ी की आईपीएल के शुरुआती चरण में अनुपस्थिति ने विदेशी खिलाड़ियों की प्रतिबद्धता पर बहस छेड़ दी थी, जिसके चलते स्टार्क को सोशल मीडिया पर स्पष्टीकरण भी देना पड़ा था। उन्होंने इसे बेहद गलत जानकारी करार दिया था। स्टार्क ने पिछले सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से 11 मैचों में 14 विकेट लिए थे। दिल्ली अभी छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है।

## हाईलाइट

### वर्ल्ड कप राइफल में प्राची गायकवाड़ ने जीता गोल्ड मैडल

**काहिरा।** प्राची गायकवाड़ ने गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने मिस्र के काहिरा में चल रहे इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन इवेंट में जूनियर महिलाओं की 50मी राइफल 3 पोजीशन्स (3पी) स्पर्धा में जीत हासिल की। फाइनल में उन्होंने 354.6 का स्कोर किया और इंडिविजुअल न्यूट्रल एथलीट (एआईएन) डार्या चुप्रिस को हराया, जिन्होंने 354.4 का स्कोर किया था। एक और एआईएन शूटर, एलेना क्रेटिनिना ने 343.3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता; वह 35-शॉट के फाइनल में 34वें शॉट के बाद बाहर हो गईं। नारायण प्रणव ने भी जूनियर पुरुषों की 10मी एयर राइफल स्पर्धा में फाइनल में 229.5 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। यह इस प्रतियोगिता में भारत का दूसरा गोल्ड मेडल था। पदक तालिका में फिर से टॉप पर पहुंच गया है।

### भारतीय पुरुषों की निगाह थॉमस कप में खिताब पर

**होर्संस (डेनमार्क)।** आयुष शेट्टी के हाल में शानदार प्रदर्शन तथा अनुभवी खिलाड़ियों के दम पर भारतीय पुरुष टीम शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले बीडब्ल्यूएफ थॉमस कप फाइनल्स में फिर से खिताब जीतने के लिए कोर्ट पर उतरेगी, जबकि उबर कप में महिला टीम अपनी क्षमता से बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी। भारत थामस कप में शुक्रवार को कनाडा के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। इसके बाद वह सोमवार (27 अप्रैल) को ऑस्ट्रेलिया और बुधवार (29 अप्रैल) को चीन के खिलाफ खेलेगा। भारत ने चार साल पहले थॉमस कप का खिताब अपने नाम करके अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की थी।

### नाइट राइडर्स का मैदान ओलंपिक में क्रिकेट की मेजबानी करेगा

**लॉस एंजिलिस।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) संजोग गुप्ता ने कहा कि 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में क्रिकेट प्रतियोगिता लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स के घरेलू मैदान पर आयोजित की जाएगी, जिसका गुरुवार को शिलान्यास किया गया। गुप्ता ने कहा दुनिया का दूसरा सबसे लोकप्रिय खेल इतने लंबे समय से ओलंपिक मंच से गायब रहा। जब अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने लॉस एंजिलिस 2028 खेलों में क्रिकेट को शामिल करने की औपचारिक मंजूरी दी। इससे इस बात का पता चलता है कि ओलंपिक में उन खेलों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए जिन्हें अरबों लोग पसंद करते हैं।

# दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 9 विकेट से रौंद शृंखला में बनाई अजेय बढ़त

**जोहानिसबर्ग, एजेंसी**

कप्तान लॉरा वोल्वार्ट (53 गेंदों में 115 रन) की आतिशी शतकीय पारी और पहले विकेट के लिए सुने लुस (42 गेंदों में नाबाद 64 रन) के साथ 92 गेंदों में 183 रन की साझेदारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने भारत को तीसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर पांच मैचों की सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली।

भारत ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (66) और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (64) के अर्धशतकों तथा दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 42 गेंदों में 73 रन की साझेदारी की बदौलत चार विकेट पर 192 रन बनाए थे, लेकिन वोल्वार्ट की ताबड़तोड़ पारी ने इस बड़े स्कोर को भी बौना साबित कर दिया। दक्षिण अफ्रीका ने 16.3 ओवर में एक विकेट पर 193 रन बनाकर भारत के खिलाफ अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। शानदार फॉर्म में चल रही वोल्वार्ट ने पहले दो मैचों में 51 और 54 रन बनाए थे। यह महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास में लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने क्रमशः 2023 और 2018 में ऑस्ट्रेलिया और भारत के खिलाफ 212 और 198 रन के लक्ष्य हासिल किए थे।



कप्तान लॉरा वोल्वार्ट (दाएं)।

- **कप्तान लॉरा वोल्वार्ट ने खेली शतकीय पारी**

### टी-20 विश्व कप से पहले कमजोरियां हुईं उजागर : हरमनप्रीत

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनकी टीम ने सही समय पर खराब प्रदर्शन किया क्योंकि इससे टीम प्रबंधन को कमजोरियों को दूर करने और जून में होने वाले टी20 विश्व कप में 'मजबूत वापसी' करने के लिए पर्याप्त समय मिल गया है। भारतीय महिला टीम को अक्टूबर 2024 में हुए टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद पहली बार किसी टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका ने तीसरा मैच नौ क्रिकेट से जीतकर पांच मैच की शृंखला में 3-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली। पिछले टी20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के बाद भारतीय टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया तथा वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शृंखलाएं जीतीं।

# बल्लेबाजी पर फोकस करेंगे बेंगलुरु-गुजरात

**बेंगलुरु, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस की टीम शुक्रवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में आमने-सामने होगी तो उनका लक्ष्य बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। चिन्नास्वामी की थोड़ी चिपचिपी पिच पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में आरसीबी के बल्लेबाज नहीं चल पाए थे जिससे उसकी टीम को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। आरसीबी की यह इस सत्र में दूसरी हार थी जिससे उसने शीर्ष चार में अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका गंवा दिया था।

मौजूदा चैंपियन आरसीबी को यह बात अच्छी तरह से पता होगी कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ कमजोर प्रदर्शन से उसकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं क्योंकि उसे अब अपने अधिकतर मैच विरोधी टीम के मैदान पर खेलने हैं। यही नहीं वह अब अपने दो घरेलू मैच भी रायपुर में खेलेगा। आरसीबी अब चिन्नास्वामी स्टेडियम में जीत हासिल करके अपने प्रशंसकों को शानदार विदाई देना चाहेगा लेकिन इसके लिए उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी बड़ा स्कोर बनाने का तरीका ढूंढना होगा। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ फिल साल्ट को छोड़कर कोई भी अन्य बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था। कप्तान रजत पाटीदार और टिम डेविड जैसे छक्के जड़ने में माहिर बल्लेबाजों को भी रन बनाने के वैकल्पिक तरीके खोजने पड़े, हालांकि उन्हें इसमें बहुत अधिक सफलता नहीं मिली।



अभ्यास सत्र के दौरान विराट कोहली। एजेंसी

### आरसीबी को प्लान बी तैयार रखना होगा

आरसीबी के बल्लेबाजों को एक प्लान बी तैयार रखना चाहिए, क्योंकि इसकी कोई गारंटी नहीं है कि उनका आक्रामक खेल हर समय कारगर साबित होगा। इसी तरह से गुजरात टाइटंस भी अपने बल्लेबाजों के प्रदर्शन से चिंतित है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में उसकी पूरी टीम 100 रन पर आउट हो गई थी और उसे 99 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा था।

- **घरेलू मैदान का पूरा फायदा उठाना चाहेगा बेंगलुरु**

### टीम

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, टिम डेविड, जैकब बेथेल, रोमारियो शेफर्ड, जोश हेज़लवुड, नुवान तुषारा, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, भुवनेश्वर कुमार, जॉर्डन कॉक्स, सुयश शर्मा, वेंकटेश अय्यर, स्वप्निल सिंह, जैकब डफी, कनिष्क चौहान, अभिनंदन सिंह, मंगेश यादव, फिल साल्ट, सात्विक देसवाल, विक्की ओस्तवाल, विहान मल्होत्रा।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, शाहरुख खान, अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, टॉम बैंटन, ग्लेन फिलिप्स, जेसन होल्डर, निशांत सिंधु, राहुल तेवतिया, वॉशिंगटन सुंदर, साई किशोर, जयंत यादव, अरशद खान, शाहरुख खान, मानव सुथार, राशिद खान, मोहम्मद सिराज, कागिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा।

**बोले-जडेजा**

राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए अधिकतर मैचों में अपने कोटे के चार ओवर पूरे नहीं कर पाए हैं 'जड्डू'

# मैदान पर आने से पहले अहंकार छोड़ देता हूं होटल में ही



**नई दिल्ली, एजेंसी**

रविंद्र जडेजा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए विभिन्न कारणों से अधिकतर मैचों में अपने कोटे के चार ओवर पूरे नहीं किए हैं लेकिन उन्हें इस बात का कोई शिकवा नहीं है और उनका कहना है कि वह मैदान पर आने से पहले अपना अहंकार होटल के कमरे में छोड़ देते हैं। जडेजा ने बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपनी टीम को 40 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

इससे पहले कुछ मैचों में अपने कोटे के चार ओवर पूरे न कर पाने के बारे में जडेजा ने जियोहॉटस्टार से कहा जब मैं मैदान पर आता हूं, तो मैं अपना अहंकार होटल के कमरे में ही छोड़ देता हूं। मैं केवल इस बारे में सोचता हूं कि टीम मुझसे जिस तरह की भी अपेक्षा करेगी मैं उसे पूरी करने की कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा अगर इस मैच में बल्लेबाजी की बात करें तो मैं पारी के आखिर तक खेलना चाहता था क्योंकि अगर मैं 17वें या 18वें ओवर में गलत शॉट खेलकर आउट हो जाता तो हम 159 रन तक नहीं पहुंच पाते और शायद 20-25 रन कम बना पाते। जडेजा ने 29 गेंद पर 43 रन बनाए और फिर चार ओवरों में 29 रन देकर एक विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा एलएसजी के लिए छोटा लक्ष्य हासिल करना शायद आसान होता। टी20 क्रिकेट में हर पिच, हर परिस्थिति और हर मैच की स्थिति अलग होती है, इसलिए आपको उसके अनुसार खेलना होता है। एकाना स्टेडियम की पिच पर धीमी गेंदबाजी करने के बारे में जडेजा ने कहा जब मैं दिग्वेश राठी के सामने बल्लेबाजी कर रहा था तो उनकी कुछ गेंदें रुक कर विकेट पर आ रही थी। इसलिए मैंने सोचा कि अगर मैं इस पिच पर धीमी गेंदबाजी करूं तो शायद मुझे भी कुछ मदद मिल सके। इस बीच पूर्व भारतीय खिलाड़ी और बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ ने एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत के बल्लेबाजी के तरीके पर निराशा व्यक्त की। बांगड़ ने कहा अपनी पारी की शुरुआत में उन्होंने जिस शॉट को खेलने की कोशिश की, वह सही तरीका नहीं था। उन्होंने जिन तीन गेंद का सामना किया उन पर 'एक्रॉस द लाइन' शॉट खेलने का प्रयास किया। उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का काफी अनुभव है और अगर वह शुरुआत में स्पष्ट रणनीति के साथ खेलते हैं तो उन्हें बेहतर परिणाम मिलेंगे।

### एकाना की पिच वाका जैसी : मुख्य कोच लैंगर

**लखनऊ :** लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने एकाना की पिच की तुलना पर्थ की बीते जमाने की मशहूर वाका पिच से की और स्वीकार किया कि उनकी टीम इसमें मिलने वाली गति और उछाल से तालमेल बिठाने में नाकाम रही है। एलएसजी अपने घरेलू मैदान पर अब तक खेले गए तीनों मैच हार चुका है। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइट्स के खिलाफ उसे यहां क्रमश: छह और सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा जबकि बुधवार को राजस्थान रॉयल्स ने उसे 40 रन से हराया।

# बार्सिलोना ने लगातार सातवीं बार महिला स्पेनिश लीग का खिताब जीता

**बार्सिलोना, एजेंसी**

बार्सिलोना ने एस्पेनयोल को 4-1 से हराकर लगातार सातवीं बार महिला स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। इस जीत से बार्सिलोना दूसरे स्थान पर मौजूद रियाल मैड्रिड से 16 अंक आगे हो गया है जो खिताब जीतने के लिए पर्याप्त हैं। बार्सिलोना का यह 11वां लीग खिताब है।

बार्सिलोना ने इस साल के टूर्नामेंट में अपने 26 मैचों में से 25 मैच जीते हैं। पिछले साल नवंबर में उसे रियल सोसिडाड के हाथों 1-0 से हार का सामना करना पड़ा था जो उसकी एकमात्र हार थी। बार्सिलोना की महिला टीम ने लीग में अब तक 116 गोल किए हैं और सात गोल खाए हैं। इस तरह से उसका गोल अंतर 109 है।

### प्रीमियर लीग में शीर्ष पर पहुंचा मैनचेस्टर सिटी

**लंदन, एजेंसी** (स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड के गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने बर्नली को 1-0 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान हासिल करके आर्सेनल के 200 दिनों से पहले स्थान पर चल रहे दबदबे को समाप्त कर दिया। बर्नली के लिए यह हार करारा झटका है क्योंकि इससे वह दूसरे डिवीजन में खिसक गया है। हालैंड ने खेल के पांचवें मिनट में ही जेरेमी डोकु के पास पर लीग का अपना 24वां गोल दागा, जिससे सिटी खिताब का प्रबल दावेदार बन गया है। अब सिटी और आर्सेनल के 33 मैच में समान 70 अंक हो गए हैं और उनका गोल अंतर भी (37) बराबर है। सिटी ने हालांकि आर्सेनल के 63 गोल की तुलना में 66 गोल किए हैं जिससे वह पहले स्थान पर पहुंच गया है।

### यामल चोटिल, विश्व कप में भाग लेना मुश्किल

बार्सिलोना, एजेंसी : युवा फुटबॉलर लामिन यामल स्पेनिश लीग फुटबाल टूर्नामेंट के मैच में बार्सिलोना की सेल्टा विगो पर 1-0 से जीत के दौरान चोटिल हो गए जिससे उनकी विश्व कप में खेलने को लेकर आशंका बन गई है। यामल ने 40वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किया लेकिन इस दौरान वह चोटिल हो गए। जैसे ही उनके साथी खिलाड़ी जश्न मनाने के लिए पहुंचे, वह जमीन पर गिर पड़े और फिर अपने बाएं पैर के पिछले हिस्से को पकड़ते हुए दिखाई दिए। यामल इसके बाद आगे नहीं खेल पाए।